
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 21 मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 168, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

युवाओं में प्रेरणा के पुरोधा है श्री प्रेमानंद जी महाराज...03

दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस क्षेत्र हमले का शिकार...12

# ईरान ने दुनिया के सबसे पावरफुल फाइटर जेट F-35 का शिकार?

**ब्यूरो प्रयागराज।** ईरान ने दावा किया है कि उसने दुनिया के सबसे ताकतवर माने जाने वाले लड़ाकू विमान स्न-35 पर हमला किया है. दुनिया का सबसे महंगा और रडार की नजरों में अदृश्य रहने वाला फाइटर जेट ईरानी मिसाइल का शिकार बन गया. जिस स्न-35 को दुनिया का सबसे सुरक्षित लड़ाकू विमान माना जाता था, आज उस पर ईरान के हमले और उसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त करने की खबरों ने डिफेंस सेक्टर में खलबली मचा दी है।



ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) के अनुसार, फाइटर जेट को स्थानीय समय के अनुसार सुबह 2:50 बजे मध्य ईरानी एयर स्पेस में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराया गया. IRGC ने कहा कि यह हमला 125 से ज्यादा अमेरिकी और इजरायली ड्रोनों को रोकने के बाद हुआ।

कुछ रिपोर्टों और ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में ईरान के स्वदेशी 'बावर-373' एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग किए जाने की बात कही जा रही है. माना यह भी जा रहा है कि इसमें पैसिव सेंसर तकनीक का हाथ हो सकता है, जो रडार सिग्नल छोड़े बिना विमान का पता लगा सकती है. ईरान ने हमले का एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें विमान को हिट होते दिखाने का दावा किया गया है. हालांकि, अमेरिका ने अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि आपातकालीन लैंडिंग ईरानी गोलाबारी के कारण हुई थी या तकनीकी खराबी के कारण।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक लड़ाकू मिशन के दौरान एक F-35 को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी. अमेरिका के अनुसार, विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पायलट की हालत स्थिर है. सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने कहा कि पायलट ने सुरक्षित लैंडिंग की और उसकी हालत स्थिर है. घटना की जांच चल रही है।

यह फाइटर जेट अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की हवाई शक्ति का रीढ़ माना जाता है. यह यह अब तक बने सबसे एडवांस कॉम्बैट विमानों में से एक है. इसके एक विमान की कीमत 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा है. स्न-35 दुनिया का सबसे व्यापक रूप से तैनात पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट है. इसकी स्टेल्थ यानी छिपकर उड़ने की क्षमता, एडवांस सेंसर और नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमताएं सबसे अलग और खास बनाती हैं. इस खासतौर पर रडार की पकड़ से बचने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह भारी सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्रों के अंदर तक जाकर भी काम कर सकता है। F-35 फाइटर जेट का सेंसर फ्यूजन भी बेहद खास है. F-35 सिर्फ डेटा इकट्ठा नहीं करता, बल्कि यह रडार, इन्फ्रारेड सेंसर, सैटेलाइट और अन्य विमानों से मिलने वाले इनपुट को प्रोसेस करता है और उन्हें मिलाकर जंग की रियल-टाइम तस्वीर तैयार करता है. इससे पायलट खतरों का पहले ही पता लगा लेते हैं और खुद दुश्मन की नजर में आने से पहले ही अपने टारगेट पर अटैक कर देते हैं. यही वजह है कि अगर इसे थोड़ा सा भी नुकसान पहुंचता है, तो वह भी बहुत मायने रखता है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब से युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका के कम से कम 16 विमान नष्ट हो चुके हैं. इनमें कई MQ-9 रीपर ड्रोन भी शामिल हैं, जिन्हें ईरान के डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया है. इन ड्रोन्स को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि अगर ये नष्ट भी हो जाएं, तो ज्यादा नुकसान न हो. इसलिए इन्हें अक्सर बहुत ज्यादा जोखिम वाले मिशनों में इस्तेमाल किया जाता है।



















## संक्षिप्त ख़बरें

### RCom फ्रॉड केस में अनिल अंबानी से CBI की पूछताछ: SBI से 2,929 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला




**ब्यूरो प्रयागराज।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 2,929 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में CBI ने आज 19 मार्च को उद्योगपति अनिल अंबानी से पूछताछ की। अनिल अंबानी सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे, जहां एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे सवाल-जवाब किए। SBI को 2,929 करोड़ का



नुकसान CBI ने पिछले साल अगस्त में अनिल अंबानी और आरकॉम के खिलाफ केस दर्ज किया था। एसबीआई की शिकायत के मुताबिककंपनी पर विभिन्न बैंकों का कुल 40,000 करोड़ से ज्यादा का बकाया था। इसमें से अकेले SBI को ?2,929.05 करोड़ का नुकसान हुआ। CBI ने इस मामले में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

मैनेजमेंट में शामिल होने से इनकार अनिल अंबानी के पक्ष का कहना है कि एसबीआई की यह शिकायत 10 साल से ज्यादा पुराने मामलों से जुड़ी है। जिस समय की यह बात है, उस समय अनिल अंबानी कंपनी के केवल नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे और वे कंपनी के रोजमर्रा के मैनेजमेंट या कामकाज में शामिल नहीं थे। अनिल अंबानी के प्रवक्ता बोले- जांच में पूरा सहयोग करेंगे पूछताछ को लेकर अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि अनिल अंबानी 19 और 20 मार्च को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश हो रहे हैं। यह पेशी एसबीआई की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के सिलसिले में है। प्रवक्ता ने कहा, अंबानी सभी जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे।

## माण्डा अपहरण कांड का खुलासा: 4 आरोपी गिरफ्तार, दो कार व मोबाइल बरामद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना माण्डा क्षेत्र के सराय कला में 6 वर्षीय बच्चे के अपहरण मामले का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसओजी, सर्विलांस सेल और माण्डा पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 7 मार्च 2026 को बच्चे का अपहरण किया गया था, जिसे मात्र 28 घंटे के भीतर वाराणसी से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया था। जांच के दौरान उज्जवल शर्मा उर्फ विवेक शर्मा, राजकुमार पाण्डेय, आशुतोष प्रधान उर्फ हिमांशू और नितीश कुमार का नाम सामने आया, जिन्हें 20 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी उज्जवल ने अपने रिश्तेदार के बच्चे के अपहरण की साजिश रची थी और फिरौती के लिए 20-30 लाख रुपये मांगने की योजना बनाई थी। पुलिस दबाव बढ़ने पर आरोपियों ने बच्चे को वाराणसी में छोड़ दिया था। बरामदगी में अमेज कार (UP70EM5222), एक ऑल्टो कार और चार मोबाइल फोन शामिल हैं। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## सहारा शहर में ही बनेगी यूपी की नई विधानसभा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से रास्ता साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ के गोमतीनगर स्थित 'सहारा शहर' की जमीन को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी जीत मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च 2026 को सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें नगर निगम की ओर से लीज रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसके बाद अब UP की नई विधानसभा के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. अब UP की नई विधानसभा सहारा शहर में ही बनाए जाने की प्रक्रिया भी तेजी से शुरू कर दी गई है. नई विधानसभा के निर्माण के लिए बजट भी पहले ही आवंटित किया जा चुका है।




दरअसल योगी सरकार ने बीते वर्ष ही नगर निगम की ओर से 1994 में दी गई लीज की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए सहारा शहर की लीज रद्द कर दी थी और सहारा शहर पर प्रशासनिक कब्ज़ा कर नगर निगम को सौंप दिया था, जिसके खिलाफ सहारा की ओर से दाखिल की गई याचिका को पहले हाई कोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर योगी सरकार के फैसले को सही ठहराया है।

अब इस जगह पर नई विधानसभा बनाए जाने का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि नई विधान भवन के लिए सरकार पिछले कई सालों से करीब 200 एकड़ जमीन की तलाश में थी. सहारा शहर की जमीन इस जरूरत को पूरा करती नजर आई है. यहां लखनऊ नगर निगम की लगभग 170 एकड़ और एलडीए की करीब 75 एकड़ जमीन मिलाकर कुल 245 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध है।

लोकेशन और कनेक्टिविटी के लिहाज से भी यह क्षेत्र बेहद उपयुक्त माना जा रहा है. उच्च स्तर पर इस स्थान को विधान भवन निर्माण के लिए उपयुक्त मानते हुए सहमति भी बन चुकी है. अब आगे की प्रक्रिया के तहत कंसल्टेंट की नियुक्ति और परियोजना की विस्तृत योजना पर भी काम तेजी से किया जा रहा है।

### मोबाइल पर बात करते समय हादसा, लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार पलटी; दो बच्चियां घायल

**फतेहाबाद (आगरा)।** शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार हो गई। किलोमीटर 36 400 पर आगरा से लखनऊ की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में दो बच्चियां घायल हो गईं, जबकि अन्य लोग सुरक्षित बच गए। कार चालक अविनाश निवासी 181 गांधी नगर, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा अपने साथ अशोक कुमार, नित्या और अंशिका (पुत्री अशोक कुमार) के साथ आगरा से इटावा जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी सुधीश शुक्ला और चौकी इंचार्ज लुहारी देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में नित्या और अंशिका को मामूली चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि एटलस कंपनी की एंबुलेंस को सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी।

## ट्रेन दुर्घटना में गर्भवती महिला की मौत के बाद, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अजन्मे बच्चे के नुकसान के लिए 8 लाख के मुआवज़े का आदेश दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय रेलवे को आदेश दिया है कि वह 2018 में ट्रेन में चढ़ते समय जान गंवाने वाली एक गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे भ्रूण की मृत्यु के लिए 8 लाख का मुआवज़ा दे [श्री सुखानंदन बनाम भारत संघ]।



2025 में, रेलवे दावा अधिकरण ने एक महिला की मृत्यु के लिए ?8 लाख का मुआवज़ा देने का आदेश दिया था। यह महिला बाराबंकी से बांदीकुई रेलवे स्टेशन तक मरुधर एक्सप्रेस से यात्रा करने वाली थी।बाद में, महिला के परिवार वालों ने हाईकोर्ट में अर्ज़ी देकर, महिला के गर्भ में पल रहे भ्रूण की मृत्यु के लिए अतिरिक्त मुआवज़ा देने की मांग की। अनुमान के मुताबिक, वह भ्रूण लगभग 8-9 महीने का था।

सुप्रीम कोर्ट के 'कामना शर्मा बनाम भारत संघ' मामले में दिए गए फ़ैसले का हवाला देते हुए, जस्टिस प्रशांत कुमार ने यह फ़ैसला सुनाया कि माँ के गर्भ में पल रहे पाँच महीने या उससे अधिक उम्र के अजन्मे बच्चे को, एक जीवित बच्चे के बराबर ही माना जा सकता है।

26 फरवरी को दिए गए अपने फ़ैसले में कोर्ट ने कहा, 'इसलिए, इस मामले में हुए हादसे में एक ऐसे मानवीय भ्रूण की भी मृत्यु हो गई, जिसे एक 'व्यक्ति' का दर्जा दिया जा सकता था। अगर यह हादसा न हुआ होता, तो वह अजन्मा बच्चा जीवित रहता और इस दुनिया में जन्म लेता।'

कोर्ट ने पाया कि माँ के गर्भ में पल रहे बच्चे के अधिकार देश के कानूनों द्वारा अच्छी तरह से सुरक्षित हैं, क्योंकि गर्भस्थ शिशु (foetus) गर्भवती महिला के भीतर एक अलग जीवन होता है। कोर्ट ने राय दी कि गर्भस्थ शिशु का नुकसान असल में एक बच्चे का ही नुकसान है।

कोर्ट ने आगे कहा, 'उस अजन्मे बच्चे को, जिसका कभी जीवित जन्म नहीं हो पाता, एक 'व्यक्ति' माना जाता है, जिसकी मृत्यु के लिए मुआवज़े का दावा किया जा सकता है। इसलिए, अपीलकर्ता गर्भस्थ शिशु को एक बच्चे के रूप में मानते हुए, उसके नुकसान के लिए अलग से मुआवज़ा पाने के हकदार हैं।

'कोर्ट ने यह भी कहा कि हालाँकि रेलवे अधिनियम में 'गर्भस्थ शिशु' शब्द का विशेष रूप से ज़िक्र नहीं है, फिर भी यह मामला रेलवे अधिनियम की धारा 124 के दायरे में आएगा, क्योंकि यह मृत्यु एक रेल दुर्घटना से जुड़ी किसी अप्रिय घटना के परिणामस्वरूप हुई थी। इसलिए, कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में, रेलवे की यह कानूनी ज़िम्मेदारी बनती है कि वह दावा करने वालों को मुआवज़ा दे।

कोर्ट ने फ़ैसला सुनाते हुए कहा, 'चूँकि गर्भस्थ शिशु को एक बच्चे के रूप में ही माना जाता है, इसलिए गर्भस्थ शिशु/बच्चे की मृत्यु को माँ की मृत्यु से अलग, एक स्वतंत्र दुर्घटना के रूप में देखा जाएगा। इस प्रकार, दावा करने वाले गर्भस्थ शिशु के नुकसान के लिए 8,00,000 रुपये का अतिरिक्त मुआवज़ा पाने के भी हकदार हैं। 'इससे पहले, कर्नाटक हाईकोर्ट, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने भी इसी तरह का नज़रिया अपनाया था कि मुआवज़े का आकलन करते समय गर्भस्थ शिशु की मृत्यु को बच्चे की मृत्यु के बराबर ही माना जाना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी अपने फ़रवरी के फ़ैसले में इन निर्णयों का हवाला दिया था।

### बार क्षेत्र के कई गांवो मे बेमौसम बारिश के साथ हुई भारी ओलावृष्टि

**अन्नदाताओ ने की मुवावजे की मांग**

**बार(ललितपुर)-** कस्बा बार सहित आसपास के गांवों में शुक्रवार शाम हुई मूसलाधार बारिश और भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं, सरसों और मटर की फसलों को सबसे अधिक क्षति पहुंची है। किसान अपनी सालभर की मेहनत को आंखों के सामने बर्बाद होता देख मायूस नजर आ रहे हैं। शुक्रवार शाम करीब चार बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते यह बारिश भीषण ओलावृष्टि में बदल गई, जो करीब आधे घंटे से अधिक समय तक जारी रही। इस दौरान गिरे बड़े-बड़े ओलों ने खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह गिरा दिया। कई जगह तो फसल जमीन पर बिछ गई, जिससे खेतों में हरियाली की जगह तबाही का मंजर नजर आने लगा। जिन किसानों ने फसल काटकर खेतों में रखी थी, उनकी कटी फसल भी भीगकर खराब हो गई। कस्बा बार समेत गदयाना, करमई, डुलावन टोड़ी, बम्हौरी सहना, भैलोनी लोध, सेमरा भागनगर, चिगलौआ, मिर्चवारा, धमना, पुलवारा, लड़वारी, दशरारा, बछरावनी सहित कई गांव इस आपदा की चपेट में आ गए। इन क्षेत्रों में किसानों की खड़ी और कटी दोनों तरह की फसलें बर्बाद हो गई हैं। फसलें नष्ट होने से किसान गहरी चिंता में डूबे हुए हैं। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन अब फसल खराब होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें इस विपदा से कुछ राहत मिल सके।

## आकाशीय बिजली का कहर: संग्राम उर्फ नेता यादव की मौत, बेटा गंभीर, दो गायों की भी मृत्यु





**● चकिया घरहरा गांव में दर्दनाक हादसा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**साहसों प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के फूलपुर तहसील अंतर्गत बहादुरपुर विकास खंड के चकिया घरहरा गांव में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस घटना में 62 वर्षीय किसान संग्राम उर्फ नेता यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका बेटा ज्ञान यादव गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार को अचानक मौसम खराब हो गया। तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि संग्राम यादव उस समय घर के बाहर बैठकर गाय को चारा डाल रहे थे। तभी पास के एक पेड़ पर बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर वे बुरी तरह झुलस गए और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

इस घटना में उनका बेटा ज्ञान यादव भी बिजली की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और ग्रामीणों की सहायता से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। हादसे में परिवार की दो गायों की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा घायल युवक के समुचित इलाज की व्यवस्था कराने की मांग की है। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आवास योजना की फाइलों को निस्तारित कराने की मांग: पूर्व विधायक ने डीएम को भेजा पत्र



**बस्ती।** बस्ती जिले के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने जिलाधिकारी को पत्र देकर प्रधानमंत्री शहरी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत भानपुर एवं नगर पंचायत रूधौली में जांचोपरान्त लम्बित फाइलो को शीघ्र निस्तारित कराये जाने का आग्रह किया है डीएम को भेजे पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 309 रुधौली में क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान नगर पंचायत भानपुर एवं नगर पंचायत रुधौली नागरिकों ने उन्हें बताया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना अन्तर्गत लगभग 1100 से 1200 पात्र लाभार्थियों का नामित कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन किये जाने के उपरान्त अभी तक पत्रावली तहसील स्तर पर लम्बित है। इसके अलावा आवास हेतु पोर्टल पर हुए ऑनलाइन आवेदनों के निस्तारण एवं अग्रेतर की कार्यवाही विभागीय स्तर पर लम्बित है। जबकि प्रधानमंत्री जी की मंशा है, कि सभी पात्र लाभार्थियों के पास अपना पक्का मकान हो, परन्तु जिम्मेदारो द्वारा अपने कार्य के प्रति उदासीनता के चलते आम जनता में असन्तोष बढ़ रहा है। ऐसे में दोनो तहसील स्तर पर लम्बित आख्या निस्तारण कर अग्रिम कार्यवाही हेतु डूडा को अतिशीघ्र प्रेषित किये जाने एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को सूची में शामिल कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कराया जाय।

### बस्ती में चौधरी जी फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड ढाबा पटेल चौक की अनियमितताओं को लेकर मण्डलायुक्त से हुई शिकायत




**बड़कुइयाँ निवासी रामवृक्ष ने कमिश्नर को पत्र भेजकर कार्यवाही की किया माँग**

**निष्पक्ष जाँच हुई तो ढाबे पर ताला लगना माना जा रहा तय**

**बस्ती।** बस्ती जिले के चौधरी जी फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड दाबा पटेल चौक द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जाँच व कार्यवाही के मुद्दे को लेकर बड़कुंइयाँ निवासी रामवृक्ष ने कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्यवाही की माँग किया है ।मण्डलायुक्त को भेजे शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता रामवृक्ष ने लिखा है कि पटेल चौक पर स्थित चौधरी जी फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड ढाबा द्वारा जहाँ एक ओर अग्निशमन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर मानक विहीन व मिलावटी तथा सड़े - गले खाद्य सामग्रियों का प्रयोग करके ग्राहकों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो दूसरी तरफ ग्राहकों की जेब पर कैंची भी चलाई जा रही है । ढाबे की अनियमितताओं को जनहित से जुड़ा बताते हुए सम्बन्धित से सख्ततम कार्यवाही की माँग किया है ।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर** – बर्डपुर ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस अपैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान की सफलता के लिये बीडीओ ने स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना सहित अन्य विभाग के जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान साफ- सफाई, शौचालय का प्रयोग, स्वच्छ पेयजल, दीमागी बुखार एवं वेक्टर जनित सहित जल जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम करेंगे। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ. सुबोध चंद्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सूरज सिंह, बीसीपीएम राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस गस्त की खुली पोल एक ही रात तीन घरो मे चोरी,से दहशत मे गांव के लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती में नगर थाना क्षेत्र के मरवटिया बाबू गांव में जिला कृषि अधिकारी, रिटायर्ड जवान समेत तीन घरों में करोड़ों की चोरी हो गई। बुधवार रात अज्ञात चोरों ने पीछे के रास्ते से छत पर चढ़कर खिड़की के सहारे घर में घुसे। आलमारी की चाबी से तीनों अलमारियों को खोला। उनमें रखे लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार,चोरों ने सुनियोजित तरीके से घरों में घुसकर जमकर तांडव मचाया,सबसे पहले पीसीएस अधिकारी के घर को निशाना बनाया गया,जहां से भारी मात्रा में जेवर और नकदी चोरी कर ली गई, इसके बाद चोरों ने पास के दो अन्य घरों में भी घुसकर अलमारी और लॉकर तोड़ दिए और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए, दरवाजे और खिड़कियां टूटी मिलीं, वहीं अलमारियां खुली पड़ी थीं,घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी,फॉरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।




मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी संजय सिंह ने पीड़ितों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली,एक ही रात में तीन घरों में हुई इस बड़ी चोरी ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं,ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा कुछ घरों में चोरी की गई है,जिसमें मेरे द्वारा और एफएसएल की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया मौके से बारीकी से देखा गया है तहरीर घर वालों के द्वारा प्राप्त होने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा, एक कृषि अधिकारी हैं,उन्होंने बताया कि एक कृषक है और एक रिटायर्ड फौजी जिनके घर चोरों ने चोरी की है।

# रंगदारी वसूलने से अजीज आ कर पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, लगाई जानमाल की सुरक्षा की गुहार

**●पुलिस समय रहते हुए कोई कार्रवाई नहीं किया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र निर्माण के गोबरहिया निवासी राजेश शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देते हुए रंगदारी वसूलने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करते हुए जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में उन्होंने कहा है कि आर के कंस्ट्रक्शन के नाम से सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में मिट्टी का काम करते हैं। उन्होंने शिकायत पत्र में बताया कि पंकज सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह थाना नगर निवासी फुटहिया पिछले तीन-चार वर्षो से लगातार रंगदारी वसूलते आ रहे हैं । कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होने से इनका मनोबल बढ़ता जा रहा है दिए गए पत्र में पुलिस अधीक्षक को बताया कई सालों से लगातार वसूली करते चले आ रहे हैं मना करने पर जान माल की धमकी देते हैं।



उन्होंने बताया कि अब तक 154000 ऑनलाइन खाता में ले चुके हैं। इस बार सीधे 100000 की रंगदारी मांग रहे हैं मना करने पर परिवार सहित मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मीडिया में लगातार फर्जी खबर चलवा कर,मानसिक रूप से परेशान कर रहे है और दबाव बना कर वसूली करना चाहते हैं। इसी क्रम में कोशिश में 10 मार्च को हमारे ड्राइवर को लाठी डंडों से पीटा गया जिसकी शिकायत नगर थाना में दर्ज कराई गई है। उन्होंने प्रार्थना पत्र दिखा पुलिस अधीक्षक से उक्त मामले में रंगदारी वसूलने वाले पंकज सिंह के विरुद्ध कार्यवाही करने और उनके परिजनों के जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

## अमेठी में श्रीअन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के लिए भव्य रोड शो आयोजित

**●कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी ने रोड शो को दिखाई हरी झंडी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को श्रीअन्न (मिलेट्स) की खेती को बढ़ावा देने और इसके पोषण संबंधी लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया। यह रोड शो लगभग 100 दोपहिया वाहनों और दो प्रचार वाहनों के माध्यम से कलेक्ट्रेट गौरीगंज से कृषि भवन ताला तक निकाला गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस रोड शो का मुख्य उद्देश्य किसानों और आमजन को मिलेट्स (ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कोदो, सांवा, चेना, कुटकी, रामदाना एवं कुट्टू) के महत्व के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स को 'सुपर फूड' कहा जाता है, क्योंकि इनमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं।उन्होंने बताया कि श्रीअन्न ग्लूटेन-फ्री होने के साथ-साथ विटामिन, एंजाइम और इनसॉल्युबल फाइबर से भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें बीटा-कैरोटीन, नियासिन, विटामिन बी-6, फोलिक एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम और जस्ता जैसे खनिज भी पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से श्रीअन्न अत्यंत लाभकारी है। इसके सेवन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, शरीर में ऑक्सीजन आपूर्ति बढ़ती है और मेटाबॉलिज्म संतुलित रहता है। उच्च फाइबर होने के कारण यह पाचन में सहायक है और डायबिटीज मरीजों में ग्लूकोज स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर नियंत्रण, हृदय रोगों से बचाव और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में भी सहायक है। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को श्रीअन्न की खेती अपनाने और आमजन को इसे दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।



# खुली बैठक में चयनित कोटे के नियमितीकरण की मांग, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम इमिलिया खादर में सस्ते गल्ले की दुकान को लेकर चल रहा विवाद अब प्रशासन तक पहुंच गया है। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर खुली बैठक में चयनित कोटे के नियमितीकरण की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में सस्ते गल्ले की दुकान निरस्त होने के बाद से उन्हें दूसरे गांव जाकर राशन लेना पड़ रहा है, जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 13 मार्च 2026 को पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में खुली बैठक आयोजित की गई, जिसमें लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से सुनीता पत्नी राम आशीष का चयन किया गया। ग्रामवासियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और अधिकांश लोग इससे संतुष्ट हैं। लेकिन कुछ दबंग व सामंतवादी मानसिकता के लोग इस प्रक्रिया में बाधा डाल रहे हैं और कोटे के प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दे रहे हैं। यही कारण है कि पहले भी तीन बार चयन प्रक्रिया निरस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि चयनित कोटे को जल्द से जल्द नियमित किया जाए, ताकि गांव में सस्ते गल्ले की दुकान का संचालन शुरू हो सके और लोगों को राहत मिल सके। प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रमुख रूप से ब्रिज बिहारी, रामकुमार, मुकेश कुमार, रामकृपाल, मुरारी, श्याम सुंदर, बरन व बसंती, तिलक राम, हदिस,राम अनुज, राम रति, राम औतार, समेत सकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

# जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की महत्वपूर्ण मुलाकात

**●अमेठी के विकास को मिली नई दिशा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद के सर्वांगीण विकास, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी के अमेठी जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर जनपद के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

इस मुलाकात के दौरान विशेष रूप से माँ कालिकन धाम में पर्यटक सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा प्राचीन मुकुटनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का विषय प्रमुख रूप से उठाया गया। जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अमेठी जनपद में धार्मिक आस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिनमें माँ कालिकन धाम का विशेष स्थान है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने सुझाव दिया कि माँ कालिकन धाम में बेहतर सड़क व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग स्थल तथा विश्राम गृह जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास और बेहतर ढंग से कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही मुकुटनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। लंबे समय से इसकी स्थिति जर्जर बनी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं में निराशा है। जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस मंदिर के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए विशेष योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए इसे प्राथमिकता में शामिल करने की बात कही।

मुलाकात के दौरान अमेठी के समग्र विकास को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत ढांचे के विस्तार जैसे मुद्दे शामिल रहे। जिला अध्यक्ष ने जनपद की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अमेठी के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनपद को विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ाया जाएगा।राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सुधांशु शुक्ला को संगठन में एक सक्रिय, कर्मठ और जमीनी नेता के रूप में जाना जाता है। वे न केवल पार्टी संगठन को मजबूत करने में निरंतर जुटे रहते हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उनकी कार्यशैली और जनसंपर्क क्षमता ने उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय बना दिया है।जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने अमेठी में अपनी पकड़ को मजबूत किया है। संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती और जनसमस्याओं के समाधान में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे हर समय उपलब्ध रहते हैं और किसी भी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि उन्हें एक संवेदनशील और समर्पित नेता के रूप में देखा जाता है।मुलाकात के बाद जिला अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में अमेठी में विकास की नई तस्वीर देखने को मिलेगी और धार्मिक स्थलों को भी नई पहचान मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि यदि माँ कालिकन धाम और मुकुटनाथ मंदिर का समुचित विकास होता है, तो इससे न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।कुल मिलाकर, यह मुलाकात अमेठी के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। धार्मिक, सांस्कृतिक और आधारभूत विकास के मुद्दों को लेकर की गई यह पहल आने वाले समय में जनपद की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जिला अध्यक्ष के प्रयासों और मुख्यमंत्री के सहयोग से अमेठी को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई जा रही है।



## जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट

**एसपी ने शहर में किया पैदल भ्रमण**

**ललितपुर।** जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहर में व्यापक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने नमाज आयोजकों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते जनपद में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और आमजन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए।

# 6 लाख 50 हजार हड़पने का आरोप: डीआईजी से लगाया न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर निवासी पंकज सिंह ने पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर आर0के0 कंस्ट्रक्शन कम्पनी में लेन देन के विवाद को लेकर धमकी देने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। डीआईजी को दिये पत्र में पंकज सिंह ने कहा है वे गिट्टी, मोरंग व मिट्टी की सप्लाई का कार्य करते हैं, सन् 2023 से राजेश शुक्ला उर्फ बबलू पुत्र राजेंद्र प्रसाद शुक्ला निवासी गोबरहिया थाना पुरानी बस्ती से संबंध है, राजेश शुक्ला आर0के0 कंस्ट्रक्शन नामक कम्पनी चलाते हैं। पंकज सिंह ने राजेश शुक्ला की कम्पनी में साझेदारी के तहत रुपए लगाए हैं, उसने अपनी पत्नी के अकाउण्ट से दो लाख रूपये और अपने अकाउण्ट से 25 हजार रुपया आर0के0 कांस्ट्रक्शन के अकाउण्ट में 11 जून 2025 को काम शुरू करने के लिए भेजा। वह कम्पनी में 15 प्रतिशत बचत में रहता था, आर0के0 कांस्ट्रक्शन के साथ मिलकर जो कार्य किए थे उसमें उसका कुल हिस्सा 8 लाख रूपया है जिसमें से राजेश शुक्ला धीरे-धीरे करके 1,50,000 के करीब में वापस कर दिये, परन्तु शेष 6 लाख 50 हजार रूपया बनता था उसे मांगने पर नहीं दिया। धोखे से 6,50,000- रूपये राजेश शुक्ला ने हड़प लिया। पैसा मांगने पर फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी भी दे रहे हैं और गलत बयान देकर रंगदारी मांगने का आरोप लग रहे हैं और उसे बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। राजेश शुक्ला आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं जो जोर-जबरदस्ती, धोखेधड़ी से 6,50,000- रूपया राजेश ने शुक्ला हड़प लिया। पंकज सिंह ने दोषी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर धन वापस कराये जाने और परिवार के सुरक्षा की मांग किया है।

# अंतर्जनपदीय महिला चोर गिरोह की 4 सदस्य गिरफ्तार, चैन और नगदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहां थाना कप्तानगंज, थाना नगर और स्वॉट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय महिला चोर गिरोह की चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक सोने की चैन (पीली धातु) और 20,150 रुपये नगद बरामद किए हैं। इस पूरे मामले में खास बात यह रही कि थाना नगर के थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की सक्रिय भूमिका और रणनीतिक नेतृत्व के चलते इस गिरोह तक पहुंचना संभव हो सका। उनकी सतर्कता और टीम समन्वय ने इस मामले के खुलासे में अहम योगदान दिया, जिससे पुलिस को इस गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगाने में सफलता मिली। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई थाना कप्तानगंज पर दर्ज मुकदमा संख्या 43/2026 धारा 303(2) BNS के अनावरण के क्रम में की गई।

गिरफ्तार अभियुक्ताओं में सरोज, शीला, गुड़िया और मधु शामिल हैं, जो संत कबीर नगर जनपद की रहने वाली हैं। इन सभी को 19 मार्च 2026 को दुर्गा मंदिर कप्तानगंज क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। घटना की शुरुआत 15 फरवरी 2026 को हुई थी, जब वादी की पत्नी भारीनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने गई थीं इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके गले से सोने की चैन काट ली गई थी। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरोह का सुराग लगाया और योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 112 और 317(2) BNS की बढ़ोतरी करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गिरफ्तार अभियुक्ताओं में सरोज और गुड़िया के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिससे यह साफ होता है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और विभिन्न जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस सफल कार्रवाई में थाना कप्तानगंज के थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, थाना नगर के थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार सहित स्वॉट टीम और अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

# डीएम ने भारत गैस के राप्ती गैस गोदाम धर्मपुर का किया निरीक्षण, वितरण व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा जनपद में गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से भारत गैस के राप्ती गैस गोदाम, धर्मपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडर की बुकिंग एवं बुकिंग के सापेक्ष वितरण की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया।

**अनावश्यक रूप से लाइन पर जताई नाराजगी, सुधार के दिए सख्त निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस वितरण स्थल पर उपभोक्ताओं की अनावश्यक कतारों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी संचालकों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से व्यवस्थित किया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**टोकन सिस्टम एवं टाइम स्लॉट लागू करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गैस वितरण के लिए टोकन सिस्टम लागू किया जाए तथा उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित समय (टाइम स्लॉट) तय किए जाएं, जिससे भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित हो सके और लोगों को बेवजह लाइन में न लगना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एजेंसी द्वारा की जा रही बुकिंग की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडरों का आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा।

**डिजिटल सुविधा बढ़ाने पर जोर**

उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने गैस वितरण केंद्र पर क्यूआर कोड लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे वितरण पारदर्शी एवं सुगम हो सके।

**गैस एजेंसी के कार्यालय का भी किया निरीक्षण**

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने भारत गैस एजेंसी के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों, उपभोक्ता सेवा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए सभी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

**जनहित सर्वोपरि: डीएम**

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु एवं पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहें।

## नायब तहसीलदार एवं थाना अध्यक्ष ने भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा जुमा की नमाज संपन्न कराई

**●अलविदा/जुमा की नमाज एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अमेठी पुलिस द्वारा क्रियाशील/भ्रमणशील रहकर शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल नमाज को सम्पन्न कराया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अलविदा/जुमा की नमाज व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में क्रियाशील एवं भ्रमणशील रहकर अलविदा की नमाज को शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराया गया । पुलिस बल द्वारा सतर्कतापूर्वक, अनुशासनपूर्वक एवं मुस्तैदी के साथ अपने-अपने दायित्वक्षेत्रों में ड्यूटी करते हुये संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया गया तथा सुरक्षार्थ ड्रोन कैमरे से प्रभावी निगरानी की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व वाहनों की चेकिंग की गयी । इसी कड़ी में थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल अंतर्गत तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह एवं थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल विवेक वर्मा ने भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण माहौल में जुमा की नमाज संपन्न कराई।



# संक्षिप्त खबरें

## ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षामित्रों की बैठक आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ शाखा की एक बैठक आयोजित हुई।बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान संगठन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। आयोजित बैठक में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षामित्र साथियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित करने पर विचार किया गया। सभी ने एक स्वर में कहा कि लंबे समय तक सेवा देने वाले साथियों को सम्मानपूर्वक विदाई मिलनी चाहिए। शिक्षामित्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मानदेय बढ़ाए जाने और कैशलेस व्यवस्था लागू करने पर आभार जताया। साथ ही उन्होंने भविष्य में और बेहतर सुविधाओं की उम्मीद भी व्यक्त की। लखनऊ में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए सभी को तैयार रहने का आह्वान किया गया। ब्लॉक मीडिया प्रभारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षामित्रों का कार्यकाल 62 वर्ष किया जाए। साथ ही पीएफ फंड और 12 माह के मानदेय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षामित्रों का भविष्य सुरक्षित होगा। बैठक में संगठन विस्तार पर भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर मदन कुमार तिवारी व अमितेश कुमारी को उपाध्यक्ष, संजय सिंह और मनोज शर्मा को संगठन मंत्री बनाया गया। सीमा यादव और गीता देवी को महिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। बैठक संरक्षक राज बहादुर यादव के संयोजन में हुई।अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की। इस मौके पर राज नारायण, बाबू शंकर, महेश कुमार मिश्रा सहित दर्जनों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे दूर रहने के लिए किया जागरूक

**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आलमपुर गांव में आयोजित विशेष शिविर के तहत शुक्रवार को युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर गांव में जनजागरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों में घूमकर लोगों को नशे के बुरे प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. वंदना त्रिपाठी ने कहा कि नशा समाज का कैंसर है। यह व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र तीनों को कमजोर करता है। युवाओं को इससे दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही नशा उन्मूलन का सबसे बड़ा हथियार है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व स्वयंसेवक प्रतिभा अवस्थी को सम्मानित किया गया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी बीरेन्द्र शुक्ल ने कहा कि युवाओं को महान आदर्शों से सीख लेकर समाज निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अनुशासन और सेवा भावना अपनाने की अपील की। गोष्ठी का संचालन छात्रा श्रेया ने किया। प्रीति, संजना और किरण ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आधार हाऊसिंग फाइनेंस लि0 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की रामसेवक पुत्र श्री राम, निवासी-तपोवन नगर, मानस नगर, लखनऊ ने अपना भूखण्ड जो भूमि खसरा सं0-1472 रकबा 1050 वर्गफिट, स्थित-ग्राम-कनौसी, वार्ड-केशरी खेड़ा, तहसील व जिला-लखनऊ पर स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब भूमि रामसेवक, पश्चिम रास्ता 20 फिट चौड़ा, उत्तर भूमि विक्रेता, दक्षिण भूमि विक्रेता को नवीन कुमार चौबे पुत्र श्री रामजी, निवासी-चौबे की दलकी, सूर्य भानपुर, जिला-बलिया, उ0प्र0 को विक्रय का प्रस्ताव किया है उपरोक्त भूखण्ड आधार हाऊसिंग फाइनेंस लि0 में नवीन कुमार चौबे पुत्र श्री रामजी, निवासी-चौबे की दलकी, सूर्य भानपुर, जिला-बलिया, उ0प्र0 द्वारा बंधक किया जा रहा है उपरोक्त भूखण्ड विक्रेता की पैतृक सम्पत्ति है।

यदि उपरोक्त खसरे के सह खातेदार राम नारायण, राम किशोर, चन्द्रा किशोर यादव पुत्रगण श्री राम, मेवालाल पुत्र छोटा, रामचन्द्र यादव, चन्द्रशेखर यादव, राम मिलन यादव, लालजी यादव पुत्रगण श्यामलाल या किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था को इस क्रय विक्रय अथवा बंधक के सम्बन्ध में कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अंदर आपत्ति दर्ज कराने का कष्ट करे उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का दावा विचार योग्य नही माना जायेगा

**आपत्ति हेतु संपर्क करे**
**ललित मोहन जोशी एडवोकेट**
**एमजी 87 अलीगंज लखनऊ**
**मर्मो- 95658 81290**

# युवाओं में प्रेरणा के पुरोधा है श्री प्रेमानंद जी महाराज

**स्वतंत्र प्रभात**
**सचिन बाजपेई**

**लखनऊ** राधे राधे! आज वृंदावन धाम में राधा-नाम की मधुर धुन गूंज रही है। लाखों भक्तों के हृदय में एक ही नाम है- श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज। 19 मार्च को उनके पावन जन्मोत्सव का मुख्य दिन मनाया गया। श्री हित राधा केली कुंज (वराह घाट, परिक्रमा मार्ग, वृंदावन) में 13 मार्च से 19 मार्च तक चला यह 7 दिवसीय भव्य उत्सव अब समाप्त हो चुका है, लेकिन भक्ति की लहरें अभी भी पूरे ब्रज में गूंज रही हैं। यह सिर्फ एक संत का जन्मदिन नहीं, बल्कि राधारानी के अनन्य भक्त और सरल भक्ति के प्रतीक का उत्सव है, जिसने लाखों लोगों के जीवन को राधा-नाम से जोड़ दिया है।

### प्रेमानंद जी महाराज युवाओं के प्रेरणा पुरोधा

पूज्य श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज (जिन्हें प्रेमानंद महाराज या प्रेमानंद जी महाराज के नाम से जाना जाता है) का जन्म 30 मार्च 1969 को उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के सरसौल ब्लॉक के अखरी गांव में एक साधारण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे था। वे अंग्रेजी तिथि के बजाय हिंदू पंचांग (विक्रम संवत) के अनुसार चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा/पंचमी के आसपास अपना जन्मोत्सव मनाते हैं, इसी कारण उत्सव मार्च के मध्य (13-19 मार्च) मनाया जाता है। बचपन से ही भक्ति की ज्वाला उनके मन में जल रही थी। मात्र 13 वर्ष की उम्र में उन्होंने घर त्याग दिया और वृंदावन धाम आकर राधा वल्लभ संप्रदाय की शरण में समर्पित हो गए। गुरु कृपा से वे प्रेमानंद गोविंद शरण बने और आज राधा केली कुंज के प्रमुख रसिक संत के रूप में पूरे देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

### 2026 जन्मोत्सवः भव्य आयोजन और उत्साह

इस वर्ष जन्मोत्सव 13 मार्च से 19 मार्च 2026 तक धूमधाम से मनाया गया। राधा केली कुंज को फूलों, रंगोली और दिव्य सजावट से सजाया गया। रोजाना विशेष दर्शन, राधा-नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रहा। 19 मार्च को मुख्य उत्सव के दिन भक्तों ने महाराज जी को फूलों की मालाएं चढ़ाई, आरती उतारी और राधे-राधे का जयघोष किया।

### महाराज जी की सरलता और संदेश क्यों इतने लोकप्रिय?

प्रेमानंद जी महाराज की सबसे बड़ी खासियत उनकी सरलता है। कोई आडंबर नहीं, कोई दिखावा नहीं- बस राधा-कृष्ण के प्रेम में डूबे रहना।उनके प्रवचन जटिल शास्त्र नहीं, बल्कि माँ की लोरी जैसे सरल और हृदयस्पर्शी होते हैं। मुख्य संदेशः 'राधा नाम ही सब कुछ है। भक्ति में सरलता रखो,



प्रेम करो, नाम जपो - यही सच्चा मार्ग है। 'वे खुद को राधारानी का दास मानते हैं। उनकी वाणी में वृंदावन की मिट्टी, यमुना की लहरें और रासलीला की मधुरता झलकती है।अमीर-गरीब, युवा-बुजुर्ग सभी के लिए समान प्रेम। उनके दर्शन से हजारों लोग भाव-विभोर होकर रो पड़ते हैं या नाम जपने लगते हैं। आज के युग में जब लोग तनाव और माया में फंसे हैं, महाराज जी की शिक्षाएं जीवन को सरल, सुखी और भक्ति-मय बनाने का मार्ग दिखाती हैं।

महाराज जी सिखाते हैं कि असली जन्मदिन वह है जब हम अंदर की माया त्यागकर भक्ति में नया जन्म लें। आज के दिन हम सब प्रार्थना करें: 'हे प्रेमानंद जी महाराज! आपकी कृपा से हमारा मन राधा नाम में लगे, जीवन प्रेम और शांति से भरा रहे। राधे राधे! 'राधे राधे पूज्य महाराज जी को जन्मोत्सव की कोटि-कोटि शुभकामनाएं। आपकी कृपा सदैव बनी रहे। जय श्री हित राधा केली कुंज! जय प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज!

## वीरांगना अवंती बाई लोधी अदम्य साहस की प्रतीक




**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी अदम्य साहस की प्रतीक थीं, जिनकी शहादत प्रेरणा देती है। उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को याद करते हुए उनके योगदान को सराहा। साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के 1927 के महाड़ तालाब आंदोलन को सामाजिक समानता का महत्वपूर्ण अध्याय बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तीनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के प्रहर्ष फाउंडेशन द्वारा 19 मार्च 2026 को रवींद्रालय सभागार, चारबाग में एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस अवसर पर पत्रकार विपिन शर्मा को प्रहर्ष सम्मान 2026 से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव मिश्रा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। आमंत्रित कवियों में संजय शौक, मुकुल महान, प्रमोद द्विवेदी, अंशु दबे, आलोक रंजन मिश्रा, डॉ0 सुमन दुबे प्रबंधक एवं सुधा गुप्ता महामंत्री शामिल रही, जो अपनी कविताओं से साहित्यिक माहौल को और समृद्ध किया। कार्यक्रम का आयोजन शाम 5:00 बजे से 6:45 बजे तक किया गया। आयोजक मंडल ने सभी साहित्य प्रेमियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# यूपीटीईटी-2026 की तारीखें घोषित, 2 से 4 जुलाई को तीन दिनों में होगी परीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (UPESSC) ने शिक्षक बनने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर दी है। यूपीटीईटी-2026 परीक्षा 2, 3 और 4 जुलाई को तीन दिनों में आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू होकर 26 अप्रैल तक चलेगी।

आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा ऑफलाइन (OMR आधारित) मोड में दो पालियों में होगी। प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के लिए पेपर-1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के लिए पेपर-2 आयोजित किया जाएगा।

### महत्वपूर्ण तिथियां

- आवेदन शुरू होने की तिथिः 27 मार्च 2026
- आवेदन की अंतिम तिथिः 26 अप्रैल 2026
- शुल्क जमा करने एवं सुधार की अंतिम तिथिः 1 मई 2026 (संभावित)
- परीक्षा तिथिः 2, 3 एवं 4 जुलाई 2026

UPTET पास करने वाले अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में प्राथमिक एवं जूनियर शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे। परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक (आरक्षित वर्ग के लिए 55 प्रतिशत) प्राप्त करने पर ही उत्तीर्ण माना जाएगा। TET प्रमाणपत्र सात वर्ष तक मान्य रहेगा।

अधिकारिक अधिसूचना जल्द ही जारी होने वाली है, जिसमें विस्तृत पात्रता मानदंड, परीक्षा पैटर्न, सिलेबस और आवेदन शुल्क की जानकारी दी जाएगी।




अभ्यर्थी नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट upessc.up.gov.in या updeled.gov.in पर नजर रखें।

लंबे इंतजार के बाद परीक्षा तिथियों की घोषणा से अभ्यर्थियों में खुशी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अब अभ्यर्थी अपनी तैयारी को अंतिम रूप दे सकते हैं और आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही फॉर्म भर लें। विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना अवश्य पढ़ें।

# सीडीओ ने प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किये प्रमाण पत्र

**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली:-** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी के आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डमी चेक एवं प्रशंसा पत्र वितिरित किया।




कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 06 लाभार्थियों को डमी चेक प्रदान किये गये जिसमें सुमित, रेनू गुप्ता, शिव गणेश एवं धीरज कुमार को पांच-पांच लाख रूपये व ओम प्रकाश को रूपये 10 लाख एवं सूरज कुमार को 4 लाख 12 हजार रूपये का डमी चेक वितरित किया गया। इसी दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऋण वितरण में सर्वाधिक प्रगति वाले बैंको के क्षेत्रीय प्रबंधको को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार प्रथम स्थान, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह को द्वितीय स्थान एवं पंजाब नेशन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रक्तिमावा दान को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना के अन्तर्गत भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बृजभानु सिंह प्रथम, बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वितीय एवं उ0प्र0 ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव को तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र के जिला समन्वयक विवेक सक्सेना प्रथम, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बृजभानु सिंह द्वितीय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कौशल विकास मिशन व आर सेटी से प्रशिक्षण प्राप्त, ऐसे युवा जो उद्यमी बनना चाहते हैं उन्हें उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार योजनाओं से ऋण प्राप्त करते हुए उद्यम स्थापित करने में सहयोग किया जाए। इसके साथ ही जिन बैंकों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में ऋण वितरण में बेहतर कार्य किया हैं उनकी प्रशंसा की। मंच का संचालन एस0 एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, उप प्रधानाचार्य आईटीआई राजकुमार मौर्य, एलडीएम रूपेश दुबे, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार सिंह, वंदना सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## हरे पेड़ काटे, रोकने पहुंची टीम से धक्का मुक्की

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के गेगासों पुलिस चौकी के पास लकड़ी ठेकेदारों ने बिना परमिट प्रतिबंधित हरे पेड़ काट डाले। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम से आरोपियों ने धक्का मुक्की कर दी। वन विभाग के बीट इंचार्ज नीरज शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि गेगासों चौकी क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे थे। इसकी सूचना विभाग को मिली तो टीम मौके पर पहुंची। मौके पर रेंजर नीरज जोशी और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। टीम ने जब लकड़ी ठेकेदारों से पूछताछ शुरू की तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। बात बढ़ने पर धक्का मुक्की शुरू कर दी। घटना से वन विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश है। अवैध कटान और हमले को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में सरकारी कार्य में बाधा गाली गलौज और वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेशचंद्र यादव का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।


# जनपद की गौशालाओं में गौवंश प्रबंधन के इंतजामों की समीक्षा के लिए डीएम ने ली बैठक

**» गौशालाओं में पर्याप्त जल, हरा चारा, भूसा, साईलेज आदि की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को दी जिम्मेदारी**

**» समय-समय पर निरीक्षण कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग करेंगे अधिकारी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अस्थायी/स्थायी गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवेंशों के भरण पोषण आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने हेतु सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गौशालाओं में गोवंश संरक्षण, भूसा, साईलेज, चूनी, ताजा पानी व हरे चारे की समीक्षा की गई, उन्होंने कहा कि आने वाली गर्मी से गौवंशों को छायादार स्थान, सभी गौवंश को दिन में कम से कम तीन बार पानी, संतुलित आहार एवं हरा चारा दिया जाए, जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे, इसके लिए सभी नोडल अधिकारी समय-समय पर गौशाला का निरीक्षण करते रहे।




उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालों में भूसे व हरे चारे की कोई कमी न रहे, इसके लिए वे स्वयं गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। बैठक की समाप्ति पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, सभी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी नोडल अधिकारी व सभी बीडीओ, सभी ईओ तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व गौरैया दिवस विशेष तुवन मंदिर में गूँजी गौरैया की चहचहाहट



श्रीतुवन मंदिर में गौरैया हाऊस सौंपते व मौजूद लोग

## ● पंचतत्वों के प्रतीक के रूप में लगे कृत्रिम गौरैया आवास

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर आज श्रीश्री 1008 तुवन मंदिर प्रांगण में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। मानव ऑर्गेनाइजेशन, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) कानपुर प्रांत और भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया बचाओ अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रस्तुति रही। श्रीहनुमानजी महाराज, जिन्हें पर्यावरण और अष्ट सिद्धियों का देवता माना जाता है, उनके सानिध्य में पांच कृत्रिम गौरैया आवास (घोंसले) स्थापित किए गए। ये पांच घोंसले प्रकृति के पंचतत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे गौरैया के मास्क पहनकर आकर्षण का केन्द्र बने रहे, जिन्होंने अपनी मासूमियत से विलुप्त होती इस प्रजाति को बचाने का संदेश दिया। पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे ईको-सिस्टम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमने तुवन मंदिर से इस अभियान की शुरुआत इसलिए की क्योंकि मंदिर परिसर जैव विविधता के संरक्षण के केन्द्र रहे हैं। पंचतत्वों के प्रतीक यह पांच आवास इस बात की याद दिलाएंगे कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति के बिना संभव नहीं है। हमारी आगामी योजना जनपद के हर स्कूल और मंदिर में इसी प्रकार गौरैया आवास लगाने की है।

अभाविप संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रही है। एसएफडी के माध्यम से हम छात्रों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर धरातल पर पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रहे हैं। आज के बच्चे जब गौरैया का मास्क पहनकर इस अभियान का हिस्सा बनते हैं, तो वे भविष्य के लिए प्रकृति के रक्षक के रूप में तैयार होते हैं। यह अभियान पूरे कानपुर प्रांत के लिए एक मिसाल बनेगा। पर्यावरणविद् डा. राजीव निरंजन ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों के बीच गौरैया ने अपना प्राकृतिक आवास खो दिया है।

कृत्रिम आवास एक तात्कालिक और प्रभावी समाधान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी, पक्षियों की चहचहाहट मानसिक शांति प्रदान करती है और कीट-पतंगों को नियंत्रित कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखती है। इस तरह के सामूहिक प्रयास ही विलुप्त होती प्रजातियों को बचा सकते हैं। विभाग प्रमुख डा.दीपक पाठक ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों का मिलन जब सामाजिक सरोकार के लिए होता है, तो परिणाम सकारात्मक होते हैं। पांच की संख्या का चयन हमारे वेदों और दर्शन से जुड़ा है। स्कूलों में इन घोंसलों को लगाने से नई पीढ़ी में जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और संवेदनशीलता पैदा होगी, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्था संस्थापक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान केवल आज के दिन तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में जिले के अन्य प्रमुख मंदिरों और विद्यालयों में इसी पंचतत्व मॉडल के आधार पर गौरैया आवास लगाए जाएंगे, ताकि गौरैया एक बार फिर हमारे आंगन और छतों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके।

इस वर्ष अभियान की सबसे अनूठी पहल ची-ची ग्रुप का गठन है। जनपद ललितपुर के प्रत्येक वार्ड में बच्चों को संगठित कर यह ग्रुप बनाया जाएगा। इन नन्हे पर्यावरण प्रेमियों की जिम्मेदारी अपने आसपास के घरों में गौरैया के लिए दाना-पानी सुनिश्चित करना और लोगों को घोंसले लगाने के लिए प्रेरित करना होगा। बच्चों के जुड़ाव से यह अभियान एक संस्कार के रूप में विकसित होगा। इस पुनीत कार्य के साक्षी बनने हेतु नगर के कई प्रबुद्ध और प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्र व्यास, सचिन जैन, गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, गौरव जैन, अशोक स्वर्णकार, संजय बुढ़वार, बलराम कुशवाहा, हरप्रसाद चौरसिया, एड. मुकेश साहू, कुलदीप द्विवेदी, नगर मंत्री गोपाल शर्मा, नीर जैन, और गौतमी जैन उपस्थित रहे। साथ ही महिला शक्ति और युवाओं की टोली में डा.प्रीति सिरोठिया, रिंकी, टिंकी, जानवी, सुंदरी, पिंकी, शालिनी, और अभय सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने इस संकल्प को घर-घर पहुँचाने की शपथ ली।

# जिनमंदिर निर्माण में दान सर्वश्रेष्ठ- मुनि सुधासागर

## ● वाहुवलिनगर में मुनि श्री के सानिध्य में मंदिर पुण्यार्जक ने किया शिलान्यास

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** श्री वाहुवलिनगर में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए दान की महिमा बताई और कहा धर्म और जिनमंदिर के निर्माण में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ है उन्होने कहा दान को उत्साह के साथ देना चाहिए जितना देते है उसका फल कईगुना मिलता है। आज प्रातःकाल मुनि श्री का अभिनंदनोदय तीर्थ से बाहुवलिनगर की के लिए पदार्पण हुआ जहां मुनि श्री की श्रावकों ने गाजे बाजे के साथ जयजयकारों के मध्य अगुवाई की।

जिसमें आदिनाथ सेवा संघ वाहवलिनगर का दिव्यघोष और ध्वजा लिए हुए नवयुवक आकर्षण का केन्द्र रहे। वाहुवलिनगर में मुनि श्री का श्रावकों ने द्वारे द्वारे पादप्रक्षालन किया। मुनि श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा का श्रावकों ने पुण्याजन किया। जैन मिलन





महिला मण्डल ने संगीतमय पूजन कर अर्घ समर्पित किए। इस मौके पर मुनि श्री के ससंघ सानिध्य में मंदिर जीर्णोद्धार के लिए समाज संकल्पित हुई और पुर्णाजक पारिवार अशोक जैन अर्पित जैन शिवाजी मातोश्री परिवार ने आधारशिला रखते हुए मुनि श्री से आर्शीवाद ग्रहण किया। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि श्री के सानिध्य में नवीन वेदिका पर विराजित रजतमयी प्रतिमाओं का अभिषेक का पुण्यार्जन विनोद कुमार देवेन्द्र कामरा परिवार द्वारा किया गया। मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहरचर्या का पुर्याजन संदीप जैन अलंकार ज्वैलर्स परिवार को मिला।

इस मौके पर प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा, जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, विकास जैन सौरई, अभय जैन कैलगुवा धार्मिक अयोजन संयोजक प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकू, श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, मुन्ना लाल जैन सैदपुर, अनिल जैन अंचल, नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान, राजेन्द्र जैन थनवारा, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, संजय रसिया, जीवन जैन मिर्चवारा, नरेन्द्र कडंकी, संजीव सौरया, अभिषेक ककडारी, आदि मौजूद रहे। सायंकाल जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम आलोक जैन शास्त्री के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें अनेकों श्रवकों ने अपनी शंकाओं का समाधान निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज द्वारा पाया।

# खजरा गांव में खेत विवाद पर लाठी-डंडे से मारपीट

**भाई का सिर फोड़ा, जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** बार थाना क्षेत्र के ग्राम खजरा में बुधवार दोपहर खेत में गेंहू बांध रहे युवक पर पड़ोसी ने भैंसों के घुसने के विवाद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक के सिर पर चोटें पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीडित राघवेन्द्र पुत्र स्व. रामनाथ यादव ने शिकायत में बताया कि 19 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उनका भाई पुष्पेन्द्र यादव खेत में गेंहू का पूरा बांध रहा था। इसी दौरान गांव के यादवेन्द्र पुत्र फूलसिंह अपनी भैंसें चरा रहा था। भैंसें बार-बार पुष्पेन्द्र के खेत में घुस रही थीं और फसल को नुकसान पहुंचा रही थीं। जब पुष्पेन्द्र ने यादवेन्द्र से भैंसें रोकने को कहा तो यादवेन्द्र गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर यादवेन्द्र और उसके पिता फूल सिंह पुत्र नाथूराम ने मिलकर लाठी-डंडों से पुष्पेन्द्र की जमकर मारपीट कर दी। पुष्पेन्द्र के सिर पर गहरी चोट आई। मारपीट देखकर चचेरे भाई मेघराज बचाने दौड़े तो यादवेन्द्र ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। राघवेन्द्र ने शाम को बार थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# ईद का सच - खुशी बाँटने में मिलती है, रखने में नहीं

**[ ईद-उल-फ़ित्र: अनुशासन, संयम और आत्मिक विजय का पर्व ]**

**[ रमज़ान से ईद तक: सच्ची खुशी का आंतरिक और आध्यात्मिक सफर ]**

ईद-उल-फ़ित्र केवल एक सामान्य उत्सव नहीं, बल्कि आत्मसंयम, धैर्य और आध्यात्मिक शक्ति की सर्वोच्च विजय का अनुपम प्रतीक है। रमज़ान की तपस्या ने शरीर को शुद्ध किया, मन को स्थिर और अडिग बनाया, और आत्मा में गहरी संतुलन और ताकत भर दी। परिवार और मित्रों के साथ गले मिलना, मिठाइयाँ बाँटना, जरूरतमंदों की मदद करना और नमाज़ पढ़ना केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का सजीव संदेश है। ईद यह सिखाती है कि असली स्वतंत्रता केवल अनुशासन, आत्मसंयम और सामाजिक जिम्मेदारी में निहित है, और यही मूल्य जीवन को सार्थक, स्थिर और पूर्ण बनाते हैं। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि वास्तविक खुशी बाहरी भोग-भंडार में नहीं, बल्कि आंतरिक शक्ति, साझा संवेदनाओं और मानवता की गहन समझ में है।

ईद-उल-फ़ित्र वह क्षण है जब आत्मा और मन का पुनर्जागरण अपनी पूर्णता पर पहुँचता है। पूरे महीने की अनुशासित दिनचर्या ने दिमाग और आत्मा को संयम, धैर्य और संतुलन का पाठ पढ़ाया है। यह दिन आज की डिजिटल और तुलना-प्रधान दुनिया में वास्तविक मानवीय संबंधों और गहरे संवाद की याद दिलाता है। परिवार और मित्रों के साथ बिताया गया समय, बिना किसी स्क्रीन के खुला संवाद, और दुआएँ जो केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पूरे समाज और मानवता के कल्याण के लिए होती हैं, भीतर से शांति और नई ऊर्जा भरती हैं। माफी और क्षमा का संदेश इस दिन और भी स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, जो हर व्यक्ति के भीतर नई शुरुआत, आत्मविश्वास और जीवन की सच्ची शक्ति जगाता है।

ईद-उल-फ़ित्र केवल त्योहार नहीं, बल्कि रमज़ान के अनुशासन के साथ-साथ आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवन के महत्व का भी प्रेरणादायक संदेश है। इस दिन तैयार होने वाले भोजन को आवश्यकता के अनुसार रखना और अनावश्यक बर्बादी से बचना इस्लामी शिक्षाओं (इसराफ़ न करने) के अनुरूप है। नए कपड़े पहनने की परंपरा न केवल उत्सव की खुशी बढ़ाती है, बल्कि पुराने कपड़ों को दान कर जरूरतमंदों तक पहुँचाने का संदेश भी देती है, जो सस्टेनेबल फैशन को प्रोत्साहित करता है। फितरा और ज़कात गरीबों और अनाथों को शामिल करने का अवसर प्रदान करते हैं, जबकि घर पर और प्राकृतिक तरीके से बनाई गई मिठाइयाँ प्रोसेस्ड फूड के प्रति सतर्कता की प्रेरणा देती हैं। ईद हमें यह सिखाती है कि लालच से दूर रहकर, संसाधनों का सम्मान करके और सामूहिक संतोष अपनाकर, जीवन और समाज में संतुलन कायम किया जा सकता है।

ईद-उल-फ़ित्र युवाओं के लिए केवल त्योहार नहीं, बल्कि आत्मिक और मानसिक सशक्तिकरण का अवसर है। यह दिन उन्हें वर्चुअल दुनिया से बाहर निकलकर असली रिश्तों और संवाद में निवेश करने की प्रेरणा देता है। तनाव और चिंता से जूझ रहे युवाओं के लिए ईद अनुशासन और संयम की ताकत याद दिलाती है, जिससे आत्मविश्वास और साहस बढ़ता है। खेल, मिलन समारोह और सामाजिक गतिविधियाँ टीम भावना, सहयोग और सामूहिक समझ का संदेश देती हैं। असली खुशी सोशल मीडिया में नहीं, बल्कि वास्तविक कनेक्शन और साझा अनुभव में निहित है। यह त्यौहार युवाओं को नई ऊर्जा और उत्साह देता है, ताकि वे अपने सपनों और करियर की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकें। ईद-उल-फ़ित्र वैश्विक एकता और मानवता का प्रतीक भी है। यह दिन पूरी दुनिया में एकसाथ मनाया जाता है, जो दर्शाता है कि मानवता की सीमाएँ किसी देश या धर्म से बड़ी हैं। युद्ध और विभाजन के समय में यह प्रेम, भाईचारे और सहयोग का संदेश फैलाती है। गिफ्ट्स का आदान-प्रदान केवल वस्तुएँ नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक पुल बनाता है। हर धर्म और समुदाय इसके संदेश से प्रेरित होकर बलिदान, त्याग और एकजुटता का महत्व समझ सकता है। ईद की नमाज़ वैश्विक प्रार्थना है, जो शांति, सहिष्णुता और सहयोग की कामना करती है और सिद्ध करती है कि छोटी परंपराएँ भी बड़े बदलाव की नींव रख सकती हैं।

ईद-उल-फ़ित्र जीवन में सफलता, संतोष और खुशहाली की राह दिखाती है। यह बताती है कि अनुशासन, धैर्य और सामूहिकता ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। यह त्योहार हर अंधेरे के बाद रोशनी का प्रतीक है और मानव जीवन को नई दिशा देता है। सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपा है—ईद बार-बार इस सत्य को याद दिलाती है। इसकी आत्मा अपनाई जाए तो यह समाज और दुनिया दोनों को बदल सकती है। ईद नए सपनों और संभावनाओं की शुरुआत है, जो हर साल नई ऊर्जा और उत्साह के साथ लौटती है और जीवन को सुंदर बनाती है।

खुशी का असली सार केवल प्राप्त करने में नहीं, बल्कि देने और बाँटने में छिपा है—और ईद इसी संदेश को जीवंत करती है। यह पर्व प्रेम, क्षमा, सहयोग और मानवता की शक्ति को उजागर करता है। हर दुआ, दान और साझा आनंद केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक, समृद्ध और संतुलित बनाने का अभ्यास है। आज की तेज़-तर्रार और क्षणिक सुखों में उलझी दुनिया में, ईद हमें यह याद दिलाती है कि आत्मा की संतुष्टि और भीतर से महसूस की जाने वाली खुशी ही सबसे स्थायी, शुद्ध और सच्ची खुशी है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# एक नया भारत, जहां हर नन्हीं सांस सुरक्षित कल की नींव रखती है

**नन्हीं सांसों का सुरक्षित देश — नई पहचान भारत की**

**अब बचपन किस्मत के भरोसे नहीं, मजबूत व्यवस्था के सहारे है**

भारत ने इतिहास रच दिया है—और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीक की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर, हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। वह देश, जहां कभी हर हजार में सैकड़ों बच्चे पांच साल की उम्र तक पहुंचने से पहले ही ज़िंदगी हार जाते थे, आज उसी भारत में बचपन पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित और आश्वस्त नजर आता है। लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों की नई शुरुआत है। संयुक्त राष्ट्र की ताज़ा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को न केवल स्वीकारा है, बल्कि भारत की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे वैश्विक उदाहरण बताया है। यह वह क्षण है जब हर भारतीय को गर्व से भर जाना चाहिए।

बीते तीन दशकों में भारत ने जो बदलाव देखा है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। 1990 में जहां हर 1000 में से 127 बच्चों की मौत पांच साल से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 27 रह गया है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की कहानी हैं जिन्हें समय रहते बचाया गया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट इन तथ्यों की पुष्टि करती है, जिससे यह उपलब्धि और भी विश्वसनीय और महत्वपूर्ण बनती है। यह परिवर्तन दिखाता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और सटीक नीतियों के साथ असंभव भी संभव हो सकता है।

भारत की प्रगति को 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट ने प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया है। इसके अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। दक्षिण एशिया में भी भारत ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए कुल कमी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों की प्रगति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत ने निरंतर सुधार बनाए रखते हुए खुद को 'एक्जेम्प्लर' यानी आदर्श के रूप में स्थापित किया है। इतनी बड़ी और विविध आबादी के बावजूद यह उपलब्धि दिखाती है कि सही रणनीति और समर्पण से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

इन बदलावों के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और नीतियों का मजबूत तंत्र सक्रिय रहा है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के जरिए बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिससे कई घातक बीमारियों पर नियंत्रण संभव हुआ। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही आईएमएनसीआई जैसी योजनाओं ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी इलाज सुनिश्चित किया। यही समन्वित प्रयास आंकड़ों को वास्तविक उपलब्धियों में बदलने का आधार बना।

क्षेत्रीय संदर्भ में देखें तो दक्षिण एशिया में भारत की भूमिका बेहद अहम रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई—जिसमें भारत का योगदान सबसे अधिक है। वैश्विक स्तर पर भी भारत ने अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। 1990 में अंडर-5 मौतों में भारत की बड़ी भागीदारी थी, जो अब काफी घट चुकी है (दक्षिण एशिया कुल वैश्विक मौतों का लगभग 25% है, जिसमें भारत प्रमुख रहा है)। नवजात मौतों में भी भारत ने उल्लेखनीय गिरावट हासिल की है। जहां उप-सहारा अफ्रीका अभी भी उच्च मृत्यु दर से जूझ रहा है, वहीं भारत ने दिखाया है कि विकासशील देश भी ठोस रणनीति और निरंतर प्रयासों से तेज सुधार कर सकते हैं।

जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का प्रभाव सबसे स्पष्ट रूप से नजर आता है। अब गांवों और कस्बों में भी माता-पिता अपने बच्चों के स्वास्थ्य जीवन को लेकर पहले से अधिक आश्वस्त हैं। संस्थागत प्रसव बढ़ने से जन्म के समय जोखिम घटे हैं, वहीं टीकाकरण अभियानों ने पोलियो, खसरा जैसी बीमारियों को लगभग समाप्त तक पहुंचा दिया है। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों ने समय से पहले जन्मे या कम वजन वाले बच्चों को बचाने में अहम भूमिका निभाई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि अधिकांश बाल मृत्यु रोकी जा सकती थीं—और भारत ने इन्हें रोककर नई उम्मीद की नींव रखी है। यह बदलाव केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का भी प्रतीक है।

सफलता के इस मुकाम पर भी चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर 49 लाख बच्चों की मौत हुई, जिनमें 23 लाख नवजात शामिल हैं—यह स्थिति की गंभीरता दिखाता है। भारत में भी कुछ क्षेत्रों में असमानताएं बनी हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता सुधार की मांग करती है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सतत विकास लक्ष्यों के लिए प्रयासों की गति बढ़ानी होगी। स्टिलबर्थ सर्विलांस गाइडलाइंस जैसे कदम बताते हैं कि भारत भविष्य की चुनौतियों के प्रति भी सजग है। यही दूरदृष्टि आगे का रास्ता सुरक्षित करेगी।

भारत की यह कहानी केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रेरणा है—एक ऐसा उदाहरण जो दुनिया को सिखाता है कि जनसंख्या, संसाधन या भौगोलिक चुनौतियां सफलता में बाधा नहीं बनतीं, यदि नीतियां समावेशी और लक्ष्य स्पष्ट हों। आज जरूरत है कि इस प्रगति को बनाए रखा जाए और इसे और आगे बढ़ाया जाए। हर बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल जीवन देना केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। यदि यह प्रयास निरंतर जारी रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि मानवीय विकास का भी सर्वोत्तम उदाहरण होगा—जहां हर बचपन सूरज की तरह उज्ज्वल, सुरक्षित और उम्मीदों से भरा होगा।

**कृति आरके जैन**

# बेगुनाह बचपन को झुलसा रहा है युद्ध का बारूद

दुनिया भर में हर संघर्ष में सबसे बड़ी मार बचपन पर पड़ रही है चाहे इजरायल हमास गाजा का संघर्ष रहा हो चाहे सीरिया लेबनान ईरान में हुए टकराव सबसे बड़ी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। एशिया में बढ़ते युद्ध का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है.मौजूदा टकराव में कई सौ बच्चे मिसाइल हमलों से मौत की नींद सो चुके हैं जबकि लाखों बच्चे बेघर हो गए हैं वहीं लाखों बच्चों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है उनकी स्कूली शिक्षा में रुकावट आ गयी है और वह दहशत के साए में असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह सब इक्कीसवीं सदी की कथित शिक्षित विकासशील दुनिया में हो रहा है यह बता रहा है कि दुनिया का इंसान विज्ञान विकास और प्रगति के कितने भी दावे करे लेकिन वह सब बेमानी है जब कथित लोकतांत्रिक और ताकतवर देश दुनिया में हठधर्मी अराजकता फैलाए मनमाने टैरिफ वसूली करे तब दुनिया की अंतराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं सिर्फ बगले झांकने का काम कर रहीं हैं तब तमाम मानवतावादी विचार और मानवाधिकारों की बाते भोथरी और खोखली बेमानी बन कर रह जाती है।

आपको बता दें संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ती हिंसा से लाखों बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है. इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी शांति की बात करते हुए युद्ध खत्म करने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इस दौरान एक अमेरिकी मिसाइल मीनाब के शजारेह तैयबा स्कूल पर जाकर गिरी थी। इस हमले में 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर छात्राएं थीं।

इस हमले की पूरी दुनिया में खूब निंदा की गई थी। अमेरिका भी मामले की जांच कर रहा है।दुनिया भर में चर्चा चल रही है कि क्या ये युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है? आपको बता दें कि यूनिसेफ ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पूरे पश्चिम एशिया में बच्चों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है. एजेंसी के अनुसार 28 फरवरी से अब तक हिंसा में एक हजार एक सौ से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं या उनकी मौत हो गई है. इनमें से लगभग दो सौ बच्चों की मौत ईरान में हुई है. वहीं इक्यानबे बच्चों की मौत लेबनान में हुई है. इसके अलावा चार बच्चों की मौत इजरायल में और एक बच्चे की मौत कुवैत में हुई है.

रिपोर्ट्स के अनुसार यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि अगर हिंसा इसी तरह बढ़ती रही तो मरने और घायल होने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ सकती है. संस्था ने यह भी बताया कि इस संकट के कारण लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बाधा के कारण पूरे क्षेत्र में लाखों बच्चे स्कूल से वंचित हो गए हैं, जबकि सैकड़ों हजारों बच्चे लगातार बमबारी के कारण विस्थापित हो गए हैं। अस्पतालों, स्कूलों और पानी और स्वच्छता प्रणालियों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे, जिन पर बच्चे का जीवन निर्भर हैं, दोनों पक्षों द्वारा हमले किए गए हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। बच्चों की हत्या और उन्हें अपंग करना, या उन जरूरी सेवाओं पर हमला कर बर्बाद करना, जिन पर बच्चे निर्भर हैं, किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।लगातार बमबारी के कारण लाखों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और सैकड़ों हजार बच्चे बेघर हो गए हैं.इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की हत्या या उन्हें घायल करना किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता. संस्था ने यह भी कहा कि बच्चों के लिए जरूरी सेवाओं को नष्ट करना या बाधित करना भी गलत है. यूनिसेफ के अनुसार पूरे क्षेत्र में लगभग बीस करोड़ बच्चे हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि दुनिया जल्द कदम उठाएगी.

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि हिंसक टकराव की वजह से पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों पर दबाव बढ़ रहा है और उपचार के लिए सेवाएँ सीमित होती जा रही हैं. लेबनान में हिज़बुल्लाह लड़ाकों और इसराइली सैन्य बलों में लड़ाई के बीच 11 हज़ार से अधिक गर्भवती महिलाएँ प्रभावित हैं और प्रवासी कामगारों के लिए भी जोखिम बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार लेबनान में 11,600 महिलाओं पर इस टकराव का असर हुआ है, जिनमें से 4 हज़ार अगले तीन महीनों के दौरान बच्चों को जन्म देंगी. ईरान पर इसराइली व अमेरिकी हवाई हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से मध्य पूर्व में भड़के भीषण टकराव ने लेबनान, कुवैत, बहरीन, क़तर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान समेत इस क्षेत्र में स्थित अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया है. ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने स्कूल पर हमले का जिक्र करते हुए लिखा है, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कथित तौर पर हमले के तुरंत बाद का दृश्य दिख रहा है। जली हुई दीवारों से उठता धुआं दिख रहा है और सड़क पर मलबा बिखरा पड़ा है। सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा है। अखबार लिखता है कि वो बम विस्फोट की रिपोर्ट, मृतकों की संख्या और वीडियो के स्रोत की तुरंत स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका लेकिन फैक्ट चेक संगठन फैक्टनेमेह ने स्कूल परिसर की अन्य तस्वीरों के साथ वीडियो का मिलान किया और निष्कर्ष निकाला कि वीडियो प्रामाणिक है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी फुटेज की पुष्टि की है और बताया है कि यह स्कूल का ही है। गार्डियन ने लिखा है कि यह स्कूल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की बैरक में स्थित लग रहा है। दूसरी ओर कतर के न्यूज आउटलेट अल जजीरा की अरबी सेवा के मुताबिक अमेरिका ने मीनाब की स्कूली छात्राओं की जानबूझकर हत्या की है।

उधर अल जजीरा ने लिखा कि सोशल मीडिया पर इस तबाही की तस्वीरें फैलते ही इसराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इस हमले से खुद को अलग बताने की कोशिश की। अल जजीरा ने लिखा, कुछ इसराइल समर्थित वेबसाइटों और सोशल मीडिया अकाउंट्स ने दावा किया कि यह जगह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के बेस का हिस्सा थी। लेकिन अल जजीरा की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने एक दशक से अधिक समय के सैटेलाइट चित्रों, हाल के वीडियो, समाचार रिपोर्टों और ईरानी सरकारी बयानों के विश्लेषण से बिल्कुल अलग तस्वीर सामने आती है। जांच के निष्कर्ष बताते हैं कि कम से कम पिछले दस वर्षों से यह स्कूल पास के सैन्य ठिकाने से स्पष्ट रूप से अलग था। जांच यह भी संकेत देती है कि हमले के पैटर्न से उस खुफिया जानकारी की सटीकता पर गंभीर सवाल उठते हैं जिसके आधार पर बमबारी की गई।

शांति और मानवाधिकारों की तमाम अवधारणाओं और अंतरराष्ट्रीय कानून व मान्यताओं को दरकिनार कर स्कूली बच्चों और अस्पतालों में इलाज करा रहे रोगियों पर मिसाइल हमले इस खूनी मानसिकता की दरिंदगी भरी गाथा को उजागर कर रहे हैं। अपने स्वार्थ और सनक के चलते कई देशों के सत्ताधारी इंसानियत बेगुनाहों और मजलूमों को दिन रात रौंद कर क्रूरता और वहशीपन का नया इतिहास लिख रहे हैं जिसे आने वाली सदियों तक पीढ़ियां भुगतान करने के लिए मजबूर होगीं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने बढ़ाई किसानों की चिंता, गुजरात में मौसम का कहर बना चुनौती

गुजरात में अचानक बदले मौसम ने आम जनजीवन के साथ-साथ किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। गुरुवार को राज्य के अनेक जिलों में तेज हवाओं, धूल भरी आंधियों, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश ने ऐसा रूप लिया कि कई स्थानों पर हालात किसी छोटे तूफान जैसे प्रतीत हुए। इस अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन ने जहां लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी, वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी रबी फसलों के लिए यह किसी आपदा से कम नहीं रहा। विशेष रूप से उस समय जब गेहूं, चना, जीरा और सौंफ जैसी फसलें कटाई के लिए पूरी तरह तैयार खड़ी थीं, इस तरह की बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का खतरा बढ़ा दिया है।

राज्य के विभिन्न हिस्सों में दर्ज की गई वर्षा ने यह स्पष्ट कर दिया कि मौसम ने व्यापक रूप से असर डाला है। अमरेली जिले की बगसरा तहसील में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि सुरेंद्रनगर के चोटीला, राजकोट शहर और जूनागढ़ की भैंसाण तहसील में भी लगभग डेढ़ इंच तक पानी गिरा। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम वर्षा हुई। दिनभर में कुल बहत्तर तहसीलों में वर्षा दर्ज होना इस बात का संकेत है कि यह बदलाव केवल सीमित क्षेत्र तक नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रदेश में इसका प्रभाव दिखाई दिया।

राजकोट में तो स्थिति और भी गंभीर रही, जहां केवल एक घंटे की तेज बारिश ने पूरे शहर को जलमग्न कर दिया। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए, होर्डिंग्स गिर गए और कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। इसी प्रकार जामनगर में धूल भरी आंधी के कारण दृश्यता कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को काफी कठिनाई हुई। कई जगहों पर सौर ऊर्जा पैनल उड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे संपत्ति का नुकसान भी हुआ।

पाटण जिले के सांतलपुर और समी क्षेत्रों में तूफानी हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कई मकानों के छप्पर उड़ गए और दीवारें गिर गई, जिससे लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। छोटे रण क्षेत्र में रहने वाले अगरिया समुदाय को भी बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा, क्योंकि नमक उत्पादन प्रभावित हुआ और सौर ऊर्जा उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। यह केवल प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन और आजीविका पर सीधा प्रहार है जो पहले से ही सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन करते हैं।

महेसाणा, वडोदरा और जूनागढ़ सहित अन्य जिलों में भी तेज हवाओं और बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर ओलावृष्टि की भी खबरें सामने आई, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका और बढ़ गई है। ओले गिरने से फसलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे किसानों को बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता। ऐसे में यह स्थिति किसानों के लिए दोहरी मार साबित होती है।एक ओर उत्पादन घटता है और दूसरी ओर आय भी कम हो जाती है।

मौसम विभाग के अनुसार इस अचानक बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की भूमिका है। इन कारणों से राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश और आंधी की स्थिति बनी। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि आने वाले चौबीस घंटों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है और कुछ क्षेत्रों में इक्कीस मार्च तक बेमौसम बारिश जारी रह सकती है। विशेष रूप से बनासकांठा, पाटण, साबरकांठा, कच्छ और दक्षिण गुजरात के क्षेत्रों में इस प्रकार की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई गई है।

किसानों के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि रबी फसलों की कटाई का दौर चल रहा होता है। महीनों की मेहनत के बाद जब फसल तैयार होती है, तभी इस तरह का मौसम उनकी सारी उम्मीदों को झटका दे देता है। बारिश के कारण कटाई में देरी होती है, फसल भीग जाती है और कई बार पूरी तरह खराब हो जाती है। इसके अलावा तेज हवाओं से फसलें गिर जाती हैं, जिससे कटाई और भी कठिन हो जाती है। इससे उत्पादन में कमी आती है और किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मौसम परिवर्तन अब पहले की तुलना में अधिक देखने को मिल रहे हैं, जो जलवायु परिवर्तन का संकेत हो सकते हैं। बदलते मौसम के इस स्वरूप ने खेती को पहले से अधिक जोखिम भरा बना दिया है। ऐसे में किसानों को नई तकनीकों और सावधानियों को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि वे इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें। कृषि विभाग ने भी किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं और मौसम की जानकारी पर लगातार नजर बनाए रखें।

प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की है। आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, इस तरह की प्राकृतिक घटनाओं के सामने मानव प्रयास सीमित ही साबित होते हैं, लेकिन समय पर चेतावनी और सावधानी से नुकसान को कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

यह बेमौसम बारिश और आंधी केवल एक दिन की घटना नहीं है, बल्कि यह एक संकेत है कि मौसम का स्वरूप बदल रहा है और इसके प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। किसानों की चिंता इस बात को लेकर है कि यदि इसी प्रकार का मौसम बार-बार होता रहा, तो उनकी आय और जीवन दोनों पर इसका गहरा असर पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में प्रयास किए जाएं।

अंततः कहा जा सकता है कि गुजरात में आया यह मौसम परिवर्तन केवल एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हमें अपने पर्यावरण और कृषि प्रणाली को अधिक मजबूत और अनुकूल बनाने की दिशा में कदम उठाने होंगे। किसानों की सुरक्षा और उनके भविष्य को सुनिश्चित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है, क्योंकि वही हमारे अन्नदाता हैं और उनकी समृद्धि में ही पूरे समाज की समृद्धि निहित है।

**कांतिलाल मांडोत**

# गणगौर - शिव-पार्वती के अनन्य प्रेम का पर्व बने नारी अस्मिता का उत्सव ?

भारतीय सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व का अपना विशिष्ट महत्व है। ये पर्व केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संवाहक भी हैं। इन्हीं में से एक है गणगौर एक ऐसा पावन उत्सव, जो भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम, समर्पण और वैवाहिक आदर्शों का प्रतीक माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष रूप से मध्यप्रदेश और राजस्थान में व्यापक रूप से प्रचलित है, हालांकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई हिस्सों में भी इसकी गूंज सुनाई देती है।

'गणगौर' शब्द स्वयं में ही इस पर्व के सार को समेटे हुए है 'गण' अर्थात भगवान शिव और 'गौर' अर्थात माता पार्वती। यह शिव और शक्ति के दिव्य मिलन का उत्सव है। इस दिन महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि, पति की दीर्घायु और वैवाहिक जीवन की स्थिरता के लिए व्रत और पूजा करती हैं। अविवाहित कन्याएं योग्य वर की कामना से माता पार्वती की आराधना करती हैं। निस्संदेह, यह पर्व नारी की श्रद्धा, आस्था और पारिवारिक मूल्यों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रहा है।

गणगौर उत्सव की शुरुआत होलिका दहन से होती है, जब महिलाएं जवारे बोती हैं। कई स्थानों पर यह उत्सव 16 दिनों तक चलता है, तो कहीं इसकी अवधि संक्षिप्त भी होती है। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक श्रृंगार करती हैं, मेहंदी रचाती हैं और लोकगीतों व नृत्यों के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करती हैं। अंतिम दिन सुसज्जित प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली जाती है और विधि-विधान से विसर्जन किया जाता है। गांव-गांव में मेले और सांस्कृतिक आयोजन इस पर्व को सामुदायिक उत्सव का रूप दे देते हैं।

आधुनिक टेक्नोलॉजी से लेंस इस युग में सवाल यह है कि क्या गणगौर का अर्थ केवल 'अच्छे पति की कामना' तक सीमित रह जाना चाहिए ? आधुनिक समय में, जब समाज तीव्र गति से बदल रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम इस पर्व के मूल संदेश को नए दृष्टिकोण से समझें। गणगौर का वास्तविक भाव केवल वैवाहिक सुख तक सीमित नहीं है। यह नारी के आत्मबल, उसकी इच्छाओं और उसके अस्तित्व के सम्मान का भी प्रतीक हो सकता है और होना चाहिए। यदि इस पर्व को केवल श्रृंगार, मेहंदी और परंपरागत अनुष्ठानों तक सीमित कर दिया जाए, तो इसके व्यापक सामाजिक संदेश के साथ अन्याय होगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि गणगौर को नारी सशक्तिकरण के एक सशक्त माध्यम के रूप में पुनर्परिभाषित किया जाए। यह पर्व हमें याद दिला सकता है कि समर्पण के साथ-साथ सम्मान और समानता भी उतनी ही आवश्यक है। प्रेम तभी सार्थक होता है, जब उसमें आत्मसम्मान और अधिकारों की बराबरी शामिल हो। गांवों और शहरों में आयोजित मेलों, गीतों और उत्सवों के बीच हमें इस पर्व की आत्मा को नहीं भूलना चाहिए समर्पण, प्रेम और संतुलन। लेकिन यह संतुलन तभी पूर्ण होगा, जब उसमें समानता और गरिमा का समावेश हो। अंततः, गणगौर केवल अतीत की परंपरा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के समाज को दिशा देने वाला सांस्कृतिक अवसर है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे केवल एक अनुष्ठान बनाए रखें या इसे नारी गरिमा, समानता और सामाजिक प्रगति के उत्सव में परिवर्तित करें।

**अरविंद रावल**

# अली लारिजानी की हत्या से अमेरिका इजरायल के बीच बिगड़ते कूटनीतिक समीकरण

इज़रायल द्वारा अली लारिजानी की कथित हत्या ने मध्य-पूर्व के भू-राजनीतिक परिदृश्य को एक ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है, जहाँ पहले से सुलग रहा ईरान इजरायल संघर्ष अब खुली ज्वाला में परिवर्तित होता दिखाई दे रहा है। लगभग बीस दिनों से जारी इस संघर्ष ने अब केवल सैन्य सीमाओं को नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के संतुलन को भी बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ऊर्जा बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव, तेल और गैस की कीमतों में उछाल, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की अनिश्चितता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह युद्ध केवल क्षेत्रीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक संकट का रूप ले चुका है। अमेरिका का यह दावा है कि इज़रायल ने बिना पूर्व अनुमति के यह कार्रवाई की है, रणनीतिक साझेदारी में दरार का संकेत देता है, और यही दरार अब अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी दृष्टिकोण को यदि उनके दोनों कार्यकालों के संदर्भ में देखा जाए तो एक दिलचस्प विरोधाभास सामने आता है।पहले कार्यकाल में ट्रम्प की नीति आक्रामक होते हुए भी नियंत्रित थी, जहाँ उन्होंने ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए, ईरान न्यूक्लियर डील से बाहर निकलकर दबाव की राजनीति को अपनाया, लेकिन साथ ही प्रत्यक्ष बड़े युद्ध से बचने की रणनीति भी बनाए रखी, वे 'अधिकतम दबाव' की नीति के माध्यम से ईरान को झुकाना चाहते थे, न कि सीधे सैन्य टकराव में उलझना।

इसके विपरीत दूसरे कार्यकाल में परिदृश्य अधिक जटिल और अनियंत्रित प्रतीत होता है, जहाँ सहयोगी देशों के बीच भी समन्वय की कमी सामने आ रही है, इज़रायल द्वारा बिना सूचना के की गई इस कार्रवाई ने यह दर्शा दिया है कि अब अमेरिका की पकड़ अपने सहयोगियों पर पहले जैसी नहीं रही, और निर्णय अधिक बिखरे हुए तथा आक्रामक हो गए हैं। अली लारीजानी को ईरान के भीतर एक संतुलित और संवाद समर्थक नेता माना जाता रहा है, उनकी अनुपस्थिति ने ईरान की राजनीति में कठोर रुख रखने वाले धड़ों को और अधिक प्रभावशाली बना दिया है, जिससे किसी भी प्रकार के युद्धविराम या समझौते की संभावना लगभग समाप्त हो गई है, वहीं इजरायल की रणनीति अब स्पष्ट रूप से निर्णायक सैन्य बढ़त हासिल करने की दिशा में बढ़ती दिख रही है, जिसमें कूटनीति के लिए बहुत कम स्थान बचा है। इस संघर्ष का विस्तार तब और स्पष्ट हो गया। कतर में स्थित गैस और तेल भंडारों पर हमलों की खबरें सामने आई, यह केवल सैन्य शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को नियंत्रित करने की रणनीतिक चाल भी है, जिसका प्रभाव यूरोप, एशिया और विशेषकर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर गहराई से पड़ रहा है। ट्रम्प के दोनों कार्यकालों की तुलना इस पूरे संकट को समझने में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करती है।पहले कार्यकाल में उन्होंने शक्ति और कूटनीति के बीच एक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, जहाँ दबाव के साथ संवाद की संभावना जीवित रही, लेकिन दूसरे कार्यकाल में परिस्थितियाँ अधिक अस्थिर और अप्रत्याशित हो गई हैं, सहयोगी देशों की स्वतंत्र कार्रवाइयाँ, क्षेत्रीय शक्तियों की आक्रामकता, और कूटनीतिक संवाद का लगभग समाप्त हो जाना यह संकेत देता है कि अब वैश्विक व्यवस्था अधिक विखंडित हो चुकी है।

आज की स्थिति में सबसे बड़ा संकट केवल युद्ध नहीं, बल्कि संवाद के सभी रास्तों का बंद हो जाना है, जब बातचीत की संभावनाएँ समाप्त होती हैं तो युद्ध ही एकमात्र भाषा बन जाती है, और यही भाषा अंततः मानवता के लिए सबसे अधिक विनाशकारी सिद्ध होती है, वर्तमान परिदृश्य यह चेतावनी दे रहा है कि यदि शीघ्र ही कोई संतुलित और दूरदर्शी कूटनीतिक पहल नहीं हुई, तो यह संघर्ष एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध से आगे बढ़कर वैश्विक संकट का रूप ले सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में दूसरे दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रहा मुख्य विषय




**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के बंशीचंद पी जी कॉलेज चिलवा पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक चर्चा में मुख्य अतिथि समाजशास्त्र के प्रवक्ता सर्वदानंद शाही ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि लड़कियों के जन्म को बढ़ावा देना चाहिए और लिंग भेद नहीं करना चाहिए ।लड़कियों के प्रति सम्मान और समानता का भाव रखना चाहिए ।लड़कियों के प्रति सकारात्मक सोच रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राणा सत्य प्रकाश सिंह व संचालन उमेश मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के स्वयंसेवक और सेविकाओं की क्या उपयोगिता है इस पर विस्तृत चर्चा एवं प्रकाश अध्यक्ष द्वारा डाला गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोहित चंद ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

### मंगलसूत्र छीनने के मामले में दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज




**गोलाबाजार (गोरखपुर)।** गोला थाना क्षेत्र में महिला से मंगलसूत्र छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(6) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बैदौली निवासी ऊषा देवी पत्नी संजय ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 19 मार्च को सुबह करीब 11 बजे वह अपनी बहन जयंती के साथ बेदौली-भैंसा रानी मार्ग से बांसगांव स्थित अपने घर जा रही थीं। जब वे जानकी आईटीआई से करीब 100 कदम आगे पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और रास्ता पूछने लगे। इसी दौरान एक युवक ने हाथ में चाकू दिखाकर ऊषा देवी के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और दोनों मौके से भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोनों आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने बताया कि छीना-झपटी के दौरान उसके गले में चोट भी आई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप के चपेट में आने से बाईक सवार युवक घायल, रेफर



**घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने किया जिला अस्पताल रेफर**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरैनी चौराहे से पूरब नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह बाइक और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से घायल युवक को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित तरैनी चौराहे से पूरब मुख्य मार्ग पर बरगदवा थाना के स्थानीय बरगदवा निवासी विष्णु पुत्र बिनोभावे (24) अपने बाईक से किसी काम के लिए नौतनवां के तरफ जा रहा था। इस दौरान एक अनियंत्रित पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को रतनपुर सीएचसी भेजा जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है ऐसे में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## गोरखपुर दक्षिणांचल में ओवरलोड ट्रेलरों का आतंक: टोल बचाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कें बनीं मौत का खेल, जनता की जान पर बन रही भारी - RTO ने कसी कमर!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी गोरखपुर।** टोल टैक्स बचाने का खतरनाक खेल अब आम जनता की जान ले रहा है! गोरखपुर के दक्षिणांचल क्षेत्र में ओवरलोड ट्रेलर, ट्रक और डंपरों की बेलगाम दौड़ ने ग्रामीण सड़कों को हादसों का अड्डा बना दिया है। मुख्य मार्ग छोड़कर संकरी गलियों से गुजरते ये भारी वाहन रोजाना दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और नियम तोड़ने का सिलसिला इतना बढ़ गया है कि बाजार, स्कूल, घनी आबादी वाले कस्बे और पैदल राहगीर सभी दहशत में जी रहे हैं। स्थानीय लोगों की बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। लेकिन अब पूर्व सभासद (नगर पंचायत उनवल) संतोष राम त्रिपाठी, के नेतृत्व में घनश्याम मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस आतंक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने एमएलसी धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में साफ लिखा गया कि गोरखपुर-वाराणसी मार्ग से आने वाले भारी वाहन तेनुआ और बेलीपार टोल प्लाजा से बचने के लिए खजनी, कौड़ीराम, बांसगांव, भटौली, उनवल, जैतपुर, पिपरौली और बोक्टा जैसे इलाकों की पतली-संकरी सड़कों को अपना रास्ता बना रहे हैं। इन वाहनों के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बच्चे स्कूल जाते समय डरते हैं, महिलाएं बाजार से लौटते समय कांपती हैं और बुजुर्ग घर से निकलने में हिचकिचाते हैं।डॉ धर्मेंद्र सिंह विधान परिषद सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष के ऋज्ञह्व से वार्ता के बाद एमएलसी धर्मेंद्र सिंह ने मामले की गंभीरता को तुरंत समझा और संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संजय कुमार झा को सख्त निर्देश दिए। संजय कुमार झा ने तत्काल एक्शन मोड में आते हुए पूरे संभाग के लिए अभियान का आदेश जारी कर दिया। पत्र में साफ-साफ लिखा है - सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों (प्रवर्तन) और यात्री कर अधिकारियों को पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सघन चेकिंग अभियान चलाना होगा। ओवरलोड, बिना परमिट, नियमविरुद्ध चलने वाले हर वाहन पर चालान, वाहन सीज और ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने तक की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्ट सीधे ऋज्ञह्व कार्यालय भेजने का आदेश दिया गया है।

ऋज्ञह्व का साफ संदेश है - 'अब कोई भी वाहन टोल बचाने के नाम पर जनता की जान से खेल नहीं कर पाएगा। दक्षिणांचल की सड़कों पर आम आदमी की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।' स्थानीय लोग अब प्रशासनिक कार्रवाई से राहत की उम्मीद जगा रहे हैं। लेकिन सवाल अभी भी बरकरार है - कब तक चलेगा यह टोल-बचाने का खतरनाक खेल? क्या सड़कें फिर से सुरक्षित होंगी या हादसे और मौतें जारी रहेंगी? दक्षिणांचल की जनता की एक ही मांग है - तुरंत, सख्त और निरंतर कार्रवाई हो! अब इंतजार नहीं, एक्शन चाहिए!

### हाथीपांव के मरीजों को प्रशिक्षण देकर देखभाल और व्यायाम की दी गई जानकारी

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुलारपट्टी में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रभात रंजन ने की। इस दौरान फाइलेरिया हाथीपांव के मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण देकर प्रभावित अंग की साफ-सफाई, देखभाल और व्यायाम के बारे में जानकारी दी गई तथा किट वितरित की गई। डॉ. प्रभात रंजन ने बताया कि सही देखभाल, स्वच्छता और नियमित व्यायाम से हाथीपांव में काफी आराम मिलता है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलती है, जिसके लक्षण कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं। समय पर पहचान और दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है। सीएचओ सविता ने मरीजों को सफाई, सूजन कम करने और संक्रमण से बचाव के तरीके बताए। कार्यक्रम में बीपीएम नागेंद्र मल्ल, एचएस ईश्वरेन्द्र लाल सहित स्वास्थ्यकर्मी, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीपीगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी: चोरी का आरोपी गिरफ्तार, ट्राली बैग व मोबाइल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया ट्राली बैग और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इस कार्रवाई को पुलिस की सक्रियता और तत्परता का परिणाम माना जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, 18 मार्च 2026 को एक व्यक्ति का ट्राली बैग और मोबाइल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पीपीगंज में मुकदमा संख्या 90/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राधेश्याम यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी बकैनिया हरैया थाना कोल्हुई जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी किया गया ट्राली बैग और मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है।

### दृढ़ संकल्प, समय प्रबंधन और अनुशासन सफलता का मूल मंत्र : शलभ

**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर के माधव सभागार में सिविल सेवा में चयनित पूर्व छात्र अनिल मिश्रा का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियां ही सफलता की जनक होती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में विद्यालय का अनुशासन, शिक्षण और संस्कार अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि संघर्ष ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है और लक्ष्य तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। अनिल मिश्रा के उदाहरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने दृढ़ संकल्प, समय प्रबंधन और अनुशासन को सफलता का मूल मंत्र बताया। विशिष्ट अतिथि संजीव सुमन ने कहा कि लक्ष्य की स्पष्टता सफलता का आधार है। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रबंधक बैकुंठनाथ कुशवाहा ने छात्रों को प्रेरित किया।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, लंबा आपराधिक इतिहास उजागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** थाना एम्स पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में की गई। थानाध्यक्ष एम्स के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 453/2025, धारा 2(ख)(द्व), (द्व1), (×द्व)/3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अनिल चौहान को गिरफ्तार किया। अभियुक्त अनिल चौहान, पुत्र कोईल चौहान, ग्राम बड़ी रेवतेहिया थाना पिपराईच, जनपद गोरखपुर का निवासी है और वह एक गैंग लीडर के रूप में सक्रिय था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ गोरखपुर और कुशीनगर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित कुल 13 मुकदमे दर्ज हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह लंबे समय से संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## श्री शतचण्डी महायज्ञ के तहत निकली भव्य कलश यात्रा





●- जगह-जगह हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के जटहां थाना क्षेत्र के दल्लू चौक पड़रही बाजार में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शतचण्डी महायज्ञ के अंतर्गत शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गंडक नारायणी नदी तट की ओर रवाना हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कलश यात्रा जब कटाई भरपुरवा क्षेत्र से होकर गुजरी, तब वहां के समाजसेवी युवाओं ने श्रद्धालुओं के स्वागत में प्रसाद व जलपान की उत्कृष्ट व्यवस्था की। इस दौरान अजीत चौरसिया, सोनु तिवारी, गनेश गुप्ता, मून्टून चौरसिया, अजीत गुप्ता (सिंगर), पप्पू भारती, अशोक गुप्ता, विरेन्द्र पाण्डेय, उत्तीम गुप्ता, हरेन्द्र यादव, मुन्ना भादव, बिट्टू चौरसिया, दिलीप चौरसिया, अटल बैठा, मिथलेश गुप्ता, हीरालाल बैठा समेत कई युवाओं ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं का सत्कार किया। युवाओं की इस सराहनीय पहल की ग्रामीणों द्वारा खूब प्रशंसा की जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। आयोजकों के अनुसार महायज्ञ की पूर्णाहुति 28 मार्च 2026 (शनिवार) को होगी। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करना है।

### एलपीजी गैस नहीं मिलने स्कूलों में मिड-डे-मील पर संकट



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण बच्चों के मिड-डे-मील भोजन पर सीधा असर पड़ने लगा है। स्कूलों में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में शुक्रवार को अध्यापकों ने नौतनवां एसडीएम नवीन कुमार को लिखित ज्ञापन देकर परिषदीय स्कूलों में बच्चों के मीड डे मील की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर एलपीजी गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता की मांग की है। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि परिषदीय स्कूलों में एक एलपीजी महज 15 से 20 दिन ही चलता है। ऐसे में संघ ने हर 15 से 20 दिनों में एक एलपीजी सिलेंडर बीआरसी कार्यालय पर उपलब्ध करवाने की मांग की है।

## नगर पंचायत के सीमा विस्तार सहित 5 सुत्रीय मांग पत्र को लेकर चेयरमैन ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर की अध्यक्ष सुधा निगम व उनके प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोरखपुर छट्ठेलाल निगम ने नगर पंचायत के सीमा विस्तार सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने बथुआ रिवर फ्रंट के सुंदरीकरण हेतुजल शुद्धिकरण प्लांट लगाने, गोर्रा नदी के भुसउल पर लगे फाटक को खोलने, नगर पंचायत की सीमा के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मार्गो के चौड़ीकरण एवं डिवाइडर लगाने, दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के सुंदरीकरण तथा कॉरिडोर बनाने व नगर पंचायत के आसपास स्थित राजस्व गांव को शामिल कर सीमा विस्तार करने व नगर पालिका का दर्जा दिलाने की पुरजोर मांग रखी। मांग पत्र में बताया गया कि भुसावल के पास फाटक लगाकर गोरा नदी के जल को रोक दिया गया है। जिससे बथुआ व मझने नदी में जल प्रवाह कम है यदि उसे खोल दिया जाए तो दोनों नदियों में जल प्रवाह होगा और नदियां भी स्वच्छ बनी रहेगी। अध्यक्ष ने बताया कि नगर का नल का पानी बथुआ नदी में गिरता है जिससे नदी प्रदूषित हो जाती है और छठ के अवसर पर महिलाओं को दिक्कत होती है। वहां जल शुद्धिकरण प्लांट लगाने की आवश्यकता है। जोत खजुहा, अलहदादपुर मरकरी, जोत कुशहवा, अधरंगी, टीकरखास, भभौली, गोपालपुर बगही,जोत सेमरौना, चिलवन मोहान,रामचक बरइया व जोत बनकट दूधनाथ को मिलाकर नगर पालिका के लिए आवश्यक आबादी पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर शिवांक निगम व रमेश चंद्र निगम भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष का बीता सफलतम वर्ष, जताई प्रसन्नता



**देवरिया।** कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष के रूप में एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विजय शेखर मल्ल 'रोशन' का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह कार्यकाल सफल रहा है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में भरत मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश धनगर, सुनील कुमार तिवारी, जुलेखा खातून, रामशीष साहनी, संजीव कुमार मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ लौव्वाबीरपुर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नवाबगंज (गोण्डा)।** क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में किया गया। कथा आयोजन के मुख्य यजमान गांव निवासी एवं संत कबीर नगर जनपद में उपजिलाधिकारी हृदयराम तिवारी के पिता रिटायर्ड लेखपाल सूर्यलाल तिवारी एवं माता शिव देवी हैं।शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर पवित्र कलश और नारियल धारण कर भागवत पीठ से यात्रा निकाली। यह यात्रा गांव के हड्डी माता पीठ से जल भरकर विभिन्न धार्मिक स्थलों की परिक्रमा करते हुए पुनः कथा स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर श्रद्धालु महिलाओं ने भक्तिभाव से नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास मनीष चंद्र त्रिपाठी जी महाराज ने प्रथम दिवस की कथा में श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य मार्गदर्शन है। इसके श्रवण से मनुष्य के पापों का क्षय होता है तथा उसे भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाओं का स्मरण मानव जीवन को सफल बनाता है और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं संस्कारों की स्थापना करता है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हृदयराम तिवारी, दीपक देव तिवारी, पं. श्याम त्रिपाठी, अजय तिवारी, विश्वामित्र तिवारी, हरिमंगल, उद्धव, उन्नत, उत्पल, सुषमा देवी, रेखा, शांति देवी, पूर्णिमा, रानी, स्वीटी, ब्यूटी, खुशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## यूजीसी 2026 विनियमों को लेकर समान न्याय संघर्ष समिति ने अपनी आवाज की तीव्र

**●सकारात्मक पहल नहीं होने पर होगा व्यापक जन-जागरण अभियान और शांतिपूर्ण आंदोलन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** यूजीसी 2026 विनियमों को लेकर जारी बहस के बीच समान न्याय संघर्ष समिति ने अपनी आवाज तेज कर दी है। समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कहा कि उभरती परिस्थितियां देश के छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ी बेहद अहम हैं।

समिति के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी जाति, वर्ग या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि उन नीतिगत प्रावधानों के विरोध में है जो समान अवसर और न्याय के सिद्धांतों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करते हुए यह भी कहा कि मौजूदा व्यवस्था में अभी व्यापक सुधार और संतुलन की जरूरत है।

इसी क्रम में देवरिया में समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और यूजीसी के चेयरमैन को पंजीकृत डाक से पत्र भेजकर पुनर्विचार की मांग की है। समिति का कहना है कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए न्यायपूर्ण समाधान निकाला जाना चाहिए। समिति ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो व्यापक जन-जागरण अभियान और शांतिपूर्ण आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान त्रिभुवन दत्त मिश्रा, सच्चिदा सिंह राणा, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, रवि प्रकाश मिश्रा 'छोटे', नित्यानंद उपाध्याय, मारकंडे पति त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, अमूल रत्न मणि त्रिपाठी व डॉ. एस.के. पाठक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## भगवान प्रेम के वशीभूत, उन्हें पाने का सबसे सरल मार्ग सच्चे मन से की गई भक्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** सदर तहसील क्षेत्र के भरौटा गांव में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक पं0 घनश्यामानन्द ओझा ने कहा कि भगवान प्रेम के वशीभूत होते हैं और उन्हें पाने का सबसे सरल मार्ग सच्चे मन से की गई भक्ति है।

उन्होंने कहा कि ईश्वर को छल, कपट और बैर भाव बिल्कुल पसंद नहीं है। निर्मल मन और श्रद्धा से की गई पूजा-अर्चना कभी व्यर्थ नहीं जाती। कथा का श्रवण करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति के साथ मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में सदैव अच्छे कर्मों के मार्ग पर आगे बढ़ें, क्योंकि ईश्वर हर व्यक्ति के कर्मों को देख रहा है। कथावाचक ने भजन किसको दिल दिया जाए, सोचना जरूरी है...प्रस्तुत किया, जिस पर श्रोता भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरे पांडाल में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। कथा के संयोजक रमाशंकर तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान द्रौपदी देवी, पवन तिवारी, अमूल्य पांडेय, मोहन मिश्र, विनोद गुप्ता, गोरख सिंह, रामसेवक तिवारी, राजेश मिश्र, सौरभ श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था, सुशासन, निवेश और विकास के क्षेत्र में यूपी की उल्लेखनीय प्रगति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने प्रदेश व जनपद की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने कानून व्यवस्था, सुशासन, निवेश और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने बताया कि बेहतर कानून व्यवस्था, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक निवेश और डिजिटल सुशासन के कारण उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। महिला सुरक्षा और सामाजिक योजनाओं से आमजन का विश्वास बढ़ा है।

देवरिया में भी विकास का असर दिखा है। सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। ग्रामीण संपर्क मार्गों के विस्तार, आवास योजनाओं और हर घर जल योजना से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे खातों में मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर और कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्रों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा लोधी सभा ने अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस लोधी सम्मान दिवस के रूप में मनाया



**बरेली/रिठौरा।** युवा लोधी सभा के अध्यक्ष गौरव राजपूत के नेतृत्व में 1857 की प्रथम महिला वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। जिसमें नए-नए युवाओं को उनके द्वारा दिए अपने देश की आजादी के लिए बलिदान पराक्रम इतिहास दोहराया। इसी संदर्भ में अध्यक्ष गौरव राजपूत ने बताया कि रानी अवंतीबाई लोधी ने अंग्रेजों के कप्तान बंगिस्टन के छक्के छुड़ा दिए थे। उसकी फौज समेत कप्तान को मार गिराया उसके बाद अंग्रेजों के छल के कारण चारों तरफ से घिर जाने के बाद स्वयं अपनी तलवार से अपने प्राण देश के लिए निछावर कर दिए थे।ऐसी महान योद्धा से हमें प्रेरणा लेना चाहिए। आज का युग तलवार का नहीं बल्कि कलम का है। आज समाज में शिक्षा ही हथियार है।जिसको हमें हर हालत में अपनाना है।

कोई भी व्यक्ति समाज में अशिक्षा से ग्रसित ना हो ,इस अवसर पर सभी ने शहीद अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गई। कालीबाड़ी में लोधी सम्मान दिवस के रूप में मनाया ।इस मौके पर अध्यक्ष गौरव राजपूत, दीनदयाल लोधी, दीपक राजपूत, राधेरमन राजपूत, मनोज लोधी, धर्मेंद्र राजपूत ,रवि राजपूत सहित बड़ी संख्या में समाज के तथा गणमान्य लोग शामिल है।

### भीषण सड़क हादसा: ज्वेलर्स व्यापारी की कार बस से टकराई, कई घायल



**लखीमपुर- खीरी** के मल्लबेहड़ क्षेत्र में औघड़ बाबा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। ढखेरवा चौराहे के ज्वेलर्स व्यापारी रानू बरनवाल की कार सामने से आ रही एक निजी बस से टकरा गई है। इस हादसे में रानू बरनवाल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि कार में सवार अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं, जिनमें स्वर्गीय गुड्डू बरनवाल की पत्नी और उनका पुत्र शिवांक शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**हादसे के बाद अफरा-तफरी**

इस हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। क्या आप जानना चाहते हैं कि हादसे में घायलों की स्थिति क्या है या पुलिस ने क्या कार्रवाई की है?

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: नदीगांव में 95 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, विधायक ने दिया आशीर्वाद



**जालौन,** 20 मार्च। नदीगांव ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 95 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कुल 108 जोड़ों का पंजीकरण किया गया था, जिसमें नदीगांव ब्लॉक के 83 तथा नगर पंचायत के 12 जोड़े शामिल थे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद 95 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेहद लाभकारी है और समाज में समानता व सामूहिकता की भावना को भी बढ़ावा देती है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गई। कार्यक्रम के अंत में नवदंपतियों को शासन की ओर से निर्धारित उपहार सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत और सुदृढ़ हो सके।

# पालतू कुत्ते को भगाने पर तांडव: दबंगों ने घर में घुसकर परिवार को लाठी-डंडों से पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जनपद लखीमपुर के मन्नू गंज में मामूली विवाद ने हिंसक रूपले लिया। पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार लगाई है।कस्बा गोला के मोहल्ला मन्नू गंज में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ महज एक पालतू कुत्ते को घर के सामने से हटाने को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने घर में घुसकर जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**क्या है पूरा मामला?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला मन्नू गंज निवासी शफीक खां के पुत्र अफरोज ने मंगलवार शाम करीब 6:45 बजे अपने घर सामने बैठे एक कुत्ते को वहां से हटा दिया था। आरोप है कि इसी बात से क्षुब्ध होकर पड़ोस में रहने वाला इस्लाम अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ अफरोज की दुकान पर धमक पड़ा। दबंगों ने 'हमारे कुत्ते को क्यों भगाया? कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावर दुकान के भीतर घुस गए और लात- घूंसों व डंडों से अफरोज की पिटाई शुरू कर दी। घर में घुसकर किया हमला, पीड़ित पक्ष का कहना है कि शोर सुनकर जब मोहल्ले वाले इकट्ठा हुए तो हमलावर वहां से हट गए, लेकिन कुछ ही देर बाद इस्लाम ने फोन करके 8-10 अन्य साथियों को बुला लिया। इन लोगों ने शफीक खां के घर में धावा बोल दिया और वहां मौजूद उनके अन्य पुत्रों—फिरोज और नफीस—को बुरी तरह मारा पीटा।

मोहल्ले में दहशत का माहौल पीड़ित शफीक खां ने बताया कि इस्लाम के पालतू कुत्ते पहले भी मोहल्ले के कई बच्चों को काट चुके हैं, जिससे लोग डरे रहते हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने पीड़ितों को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। कार्रवाई की मांग की है, पीड़ित परिवार ने कोतवाली गोला में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पक्ष आए दिन लड़ाई-झगड़ा करता है और अब उन्हें जान का खतरा बना हुआ है।

## कृष्णलीला में 'कंस जन्म' के जीवंत मंचन से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



**सिंगाही खीरी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम सिंगहा खुर्द में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। आयोजन स्थल पर दिन में रामलीला और रात में कृष्णलीला का आकर्षक मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार रात कृष्णलीला के दौरान कंस जन्म का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। मंचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने कलाकारों की खूब सराहना की और तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित,दिनेश गुप्ता, रामप्रीत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रान्तीय महा मंत्री डाक्टर मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष डा लाखन सिंह, जिला मंत्री डा अजीत सक्सेना, जिला कोषाध्यक्ष डा कुलदीप कुमार विश्नोई, प्रांतीय संगठन मंत्री डाक्टर एस0 पी0 पांडे, सह जिला मंत्री डा संतोष कुमार गुप्त, डा0 एस0 पी 0सक्सेना, महिला उपाध्यक्ष चमन जहां, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, सैयद जाकिर अली, हरि ओम, आसिफ अली, संगठन मंत्री विवेक मोहन सिंह, परमेश्वर दयाल आदि ने एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को दिया जिसमें मांग की गई। सभी प्रधानाचार्य बोर्ड के मूल्यांकन 2026 कार्य में पूर्ण सहयोग करना चाहते हैं। लेकिन उनके पद की गरिमा के विपरीत कार्य अंकेक्षण से उन्हें तत्काल प्रभाव से मुक्त किया जाए।

सभी प्रधानाचार्यों ने कहा कि विगत वर्षों प्रधानाचार्य प्रधान परीक्षक, उप नियंत्रक आदि बनते रहे हैं। लेकिन इस वर्ष यूपी बोर्ड ने प्रधानाचार्यों को उनकी प्रतिष्ठा व गरिमा के विपरीत अंकेक्षक का कार्य सौंप कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। अतः परिषद ने मांग की कि मूल्यांकन निर्देशिका में शामिल किए गए इस कार्य को तत्काल वापस लिया जाए। सभी प्रधानाचार्यों ने सामूहिक रूप से यह भी निर्णय लिया की अंकेक्षक अपना पारिश्रमिक एक रुपया प्रति कापी भी नहीं लेगा।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** समापन समारोह के मुख्य अतिथि कॉलेज मधुबन समिति के उप मंत्री श्री विनोद चंद्र मिश्रा अध्यक्षता कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की देखरेख में संपन्न हुआ छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की रिया पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य के बारे में अपनी प्रस्तुति दी इरम ने मतदाता जागरूकता अभियान पर ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया रिया वर्मा साक्षी गुप्ता वंशिका वर्मा ने पर्यावरण पर समूह गीत प्रस्तुत किया अंशिका सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया विनोद चंद्र मिश्रा जी ने संस्कृत कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया जी ने बच्चों को बताया विनोद चंद्र मिश्र जी ने बताया किकि आप लोग 18 वर्ष की आयु में जैसे ही कदम रखेंगे आप एक जिम्मेदार नागरिक का रोल अदा करने लगेंगे इसलिए आप अपनी जिम्मेदारियां को और मजबूती से निर्वहन का कार्य करें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार सत्यवती गौतम मनीषा भारती प्रधान प्रतिनिधि संजय राज संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया।

## मेले में बिछड़ी किशोरी को घर छोड़ने के बहाने दुष्कर्म, मुठभेड़ में आरोपित घायल



**कंस मेले से बिछड़ी किशोरी से दुष्कर्म। आरोपित सत्यवीर ने घर छोड़ने का झांसा दिया।**

**फिरोजाबाद।** खैरगढ़ के हाथवंत ब्लाक में बुधवार शाम को कंस मेला देखने गई 13 वर्षीय किशोरी स्वजन से बिछड़ गई। इसी दौरान सत्यवीर निवासी नगला कल्याण, खैरगढ़ ने घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी बाइक पर बिठा लिया। इसके बाद रास्ते में दुष्कर्म किया। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। गुरुवार सुबह पांच बजे सूचना मिली कि आरोपित सांखिनी चौराहे पर है। पुलिस ने घेरेबंदी की तो आरोपित ने फायर कर दिया। मुठभेड़ में आरोपित के पैर में गोली लगी है। उसके पास तमंचा, कारतूस बरामद हुआ है।

## मिठास से महका प्रदेश: शकूर अहमद की खजला-फेनी और सिमइयों की मची धूम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर

**बरेली/रिठौरा।** ईद-उल-फितर का त्यौहार नजदीक आते ही कस्बा रिठौरा की गलियां अपनी खास पहचान—खजला, फेनी और सिमइयों की खुशबू से सराबोर हो गई हैं। यहाँ के मशहूर शकूर अहमद के प्रतिष्ठान पर तैयार होने वाले इन लजीज व्यंजनों की धूम न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में मची हुई है। आलम यह है कि ईद की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

**परंपरा और स्वाद का संगम** रिठौरा का खजला अपनी शुद्धता और कुरकुरे स्वाद के लिए प्रदेश भर में मशहूर है। दुकानदार शकूर अहमद बताते हैं कि दूर-दराज के जिलों से व्यापारी और आम लोग यहाँ के खास जायके के लिए खिंचे चले आते हैं। ईद की तैयारियों के चलते दुकानों पर सुबह से ही पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है।




**टीम वर्क से मिल रही मजबूती** इस सफलता के पीछे एक पूरी टीम की मेहनत छिपी है। प्रतिष्ठान के प्रबंधन और संचालन में मोहम्मद रेहान और नेहा का विशेष योगदान है, जो ग्राहकों की सुविधा और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रख रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर भट्ठी और कढ़ाई के बीच बेहतरीन स्वाद का जादू बिखेरने में कारीगर रमेश और धर्मेंद्र कश्यप का हुनर काबिल-ए-तारीफ है। इनकी मेहनत और तजुर्बे की बदौलत ही रिठौरा का यह जायका लोगों की पहली पसंद बना हुआ है।

**बाजार में बढ़ी रौनक** स्थानीय बाजारों में भी ईद की खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ग्राहकों का कहना है कि जो बात रिठौरा की फेनी और खजले में है, वो कहीं और नहीं मिलती।भारी मांग को देखते हुए कारीगर दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं ताकि त्यौहार की मिठास हर घर तक पहुंच सके।

## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल रंग लाई, चैती मेला को मिला 'भव्यता' का बूस्टर

**● पर्यटन विभाग से 40 लाख की मंजूरी, सजावट-रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नए अंदाज में चमकेगा मेला**

**●चेयरमैन ने डीएम का जताया आभार!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** आस्था, परंपरा और उत्सव के संगम छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के ऐतिहासिक चैती मेला-2026 को इस बार भव्यता का नया आयाम मिलने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की दमदार पहल और शासन स्तर पर मजबूत पैरवी रंग लाई है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने मेले के आयोजन के लिए 40 लाख रुपये की धनराशि मंजूर कर दी है।

यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी की गई है, जिससे मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय होंगी। बताया जा रहा है कि इस फंड से मेले में सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। हर साल लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनने वाला यह मेला इस बार धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के संगम के रूप में और भी चमकेगा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की इस पहल को जिले में विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रशासन की मंशा है कि चैती मेला-2026 को न केवल भव्य बनाया जाए, बल्कि इसे प्रदेश के प्रमुख आयोजनों में शामिल कर एक नई पहचान दी जाए।

**चैती मेले को दिव्य- भव्य बनाने की तैयारी तेज, डीएम ने की अहम बैठक, दिए निर्देश**

ऐतिहासिक चैती मेले को इस बार भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में अहम बैठक कर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस बार मेला अपने आयोजन, व्यवस्था और आकर्षण तीनों में अलग पहचान बनाए।

पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये के बजट को लेकर डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर खर्च नियमों के तहत हो, लेकिन गुणवत्ता और भव्यता में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिर्फ आयोजन नहीं, जिले की पहचान है, इसलिए हर व्यवस्था में 'परफेक्शन' दिखना चाहिए।

डीएम ने आयोजन के लिए आवंटित 40 लाख रुपये की धनराशि के सदुपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को सौंपी गई है, जिन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को भी समिति में शामिल किया गया है। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका विजय शुक्ला रिंकू, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, ईओ प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे सहित इस आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारी मौजूद रहे।

**'चैती मेला-2026: 40 लाख की मंजूरी पर अध्यक्ष ने डीएम को जताया आभार**

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ विजय शुक्ला रिंकू ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर पर्यटन विभाग द्वारा 40 लाख रुपये की मंजूरी पर आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस धनराशि से चैती मेला-2026 की सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य बनाए जाएंगे।

## यह कैसा समतलीकरण जो रात में चोरी चुपके 12:00 बजे कराया जाए

**● प्रशासन को देखते ही ट्रैक्टर ट्रालियां इधर-उधर गलियों में घुसा दी गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** अवैध रूप से मिट्टी का पटान कर रहे ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी को बचाने के लिए शासन प्रशासन को गुमराह करने के लिए भ्रामक ख़बरें चलवाई जा रही है।अवैध पटान करवा रहा ठेकेदार पुलिस प्रशासन को देखते ही मौके से सफेद कार लेकर फरार हो गया।रात में अवैध रूप से बालू मिट्टी की चल रही ट्रालियों सहित जेसीबी को दबोचा तहसील प्रशासन ने तो समतलीकरण बताकर मामला मैनेज करने में जुटे खनन माफिया। बताते चलें कि रात के 10:30 से शुरू हुआ प्लांट में पटान का खेल, दर्जनों ट्रिलियो प्लांट में करने वाली मिट्टी का पटान मौके से भी फरार।पलिया कला खीरी के तेज तर्रार नायब तहसीलदार को सूचना मिलते ही उन्होंने दो ट्रैक्टर ट्राली बालू भरी और जेसीबी को हिरासत में ले लिया।बताया जा रहा है कि एक स्थानीय निवासी ने आला अफसर की को दी थी अवैध पटान और जेसीबी चलने की सूचना जिसका संज्ञान लेते हुए कि गई छापामार कार्रवाई में दो ट्रालियों को पकड़ लिया गया।अवैध मिट्टी का पटान जो रातों-रात किया जा रहा था वह किसी को नहीं पता लगता किंतु जब मामला किसी के संरक्षण में हो तो डर कैसा?

जब संरक्छन प्राप्त मिट्टी बालू का पटान कर रहे थे तब बेखौफ ट्रैक्टर ट्राली चालक 60 से ऊपर की स्पीड में ट्रैक्टर ट्राली की रफ्तार और फुल साउंड में गाना सुनते ही सड़क के किनारे बने घरों के लोग जाग गए।

फिर क्या था इसकी सूचना तत्काल प्रभाव से आला अफसरों को दी गई मौके से जिम्मेदार युवक सफेद कार से मौके से हुआ फरार; ट्रैक्टर ट्रालियां अरते परते लगाई गई पुलिस के हाथ लगी दो बालू भरी ट्राली और जेसीबी।अब देखना यह है मामला आलापुर के संज्ञान में होने के बाद भी अवैध रूप चल रहीं बालू ,मिट्टी, की ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी चल रहे वाहनों का सीजर बनाया जाएगा या माफिया जुगत लगाकर मामला करेंगे मैंनेज।

## तालाब पाटकर बसाई कॉलोनी, अब तीन मोहल्ले जलमग्न जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**● कागजों में दर्ज तालाब पर प्लाटिंग कर बिकी जमीन, वर्षों तक सोता रहा प्रशासन अब गंदे पानी में डूबे लोग पूछ रहे जवाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में वर्षों पहले अवैध रूप से तालाब पाटकर की गई प्लाटिंग अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। जल निकासी का रास्ता बंद होने से कस्बे के तीन मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं और सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस तालाब को नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज बताया जाता है, उसे पहले पाट दिया गया और फिर उस पर प्लॉट काटकर रजिस्ट्री तक कर दी गई। इतना ही नहीं, कई मकानों का निर्माण भी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह सब लंबे समय तक प्रशासन की नजरों से ओझल रहा।समस्या बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की, जिसके बाद नगर पंचायत ने तालाब पाटने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब तालाब पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग और निर्माण हो रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी आखिर कहां थे? मामला उस समय और गंभीर हो गया जब पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा सीओ/सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, सदर एसडीएम अश्विनी सिंह और नायब तहसीलदार के सामने उठाया। इस पर सदर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।




एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार तालाबों के संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम तालाब पाटकर कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन तालाब को पुनः खुदवाकर उसकी मूल स्थिति बहाल करेगा या फिर प्रभावशाली लोगों के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। फिलहाल गंदे पानी से जूझ रहे लोग राहत की आस लगाए प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा, मंडलायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**● मतदाता सूची पुनरीक्षण पर प्रशासन सख्त, संदिग्ध फॉर्मों की पुनः जांच के आदेश**

**भदोही में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश: मंडलायुक्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत मंडलायुक्त मिर्जापुर रोल प्रेक्षक राजेश प्रकाश द्वारा जनपद में द्वितीय भ्रमण किया गया। भ्रमण हे दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में तीनों विधान विधानसभा के ई.आर.ओ/ए.ई.आर.ओ. के साथ समीक्षा बैठक की गयी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जिन बूथों पर अत्यधिक संख्या में मतदाताओं के नाम बढ़ाने हेतु फॉर्म प्राप्त हुये है एवं जहाँ पर सर्वाधिक नाम काटने के फॉर्म प्राप्त हुये हैं उन बूथों पर प्राप्त फार्मों को पुनः जांचकर के आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये है। मतदाताओं को वोटर कार्ड उपलब्ध कराये जाने कार्यवाही की भी समीक्षा की गयी तथा निर्देश दिया गया कि आयोग से मतदाता फोटो पहचान पत्र प्राप्त होते है। संबंधित मतदाताको को उपलब्ध करा दिया जाय। उक्त के अतिरिक्त मतदाताओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये।



इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार, अपार जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भानसिंह, औराई श्याममणि त्रिपाठी, अरुण गिरि, समस्त तहसीलदार, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय, संबंधित ए.ई.आर.ओ. उपस्थित रहे।

## बलिया में सिपाहियों पर हमला: डायल-112 टीम के 2 जवानों को युवकों ने पीटा, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**बलिया** के नरही थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटना सामने आई है, जहां डायल-112 की टीम पर ही हमला कर दिया गया। दो युवकों ने मौके पर पहुंचे सिपाहियों को धक्का देकर गिराया और लात-घूंसे से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक सिपाही को जमीन पर गिराकर मारते हुए देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार, सिकन्दरपुर गांव निवासी राघवेन्द्र रस्तोगी ने शुक्रवार सुबह करीब 6:54 बजे पुलिस को सूचना दी थी कि दो युवक उनके पिता श्यामसुन्दर रस्तोगी के साथ मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम के कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार, सुनील कुमार



और चालक हेड कांस्टेबल रामभजन यादव मौके पर पहुंचे।

पुलिसकर्मी जब दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास कर रहे थे, तभी आरोपी अरुण राय और अमित राय उर्फ गांगुली ने अभद्रता शुरू कर दी और विरोध करने पर सिपाहियों पर ही हमला बोल दिया। आरोपियों ने एक सिपाही को जमीन पर गिराकर पीटा और ईंट से हमला करने की



भी कोशिश की। घटना के दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर सिपाहियों को बचाया। बाद में घायल सिपाही थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एएसपी दक्षिणी कृपाशंकर के मुताबिक, मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अलविदा जुमे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, डीएम-एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**भदोही।** ईद के अंतिम शुक्रवार (अलविदा जुमे) के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने नगर क्षेत्र के अजीमुल्लाह चौराहा समेत विभिन्न संवेदनशील स्थानों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों, मस्जिदों के आसपास और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का जायजा लेते हुए सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। अलविदा जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, साथ ही यातायात प्रबंधन को भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी अरुण कुमार गिरी, क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ई-लॉटरी के प्रथम चरण में 10 आबकारी दुकानों का सफल व्यवस्थापन

**भदोही,** दिनांक 20 मार्च 2026:- जिलाधिकारी भदोही शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी विभाग की नवीनीकरण से अवशेष दुकानों के प्रथम चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया दोपहर 03 बजे संपन्न हुई। ई-लॉटरी के माध्यम से जनपद में देशी शराब की कुल 09 दुकानों तथा 01 भांग की दुकान का सफलतापूर्वक व्यवस्थापन किया गया। प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर गठित समिति में पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा नामित सदस्य श्री जनार्दन यादव सदस्य के रूप में तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार शुक्ल सदस्य/सचिव के रूप में उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराते हुए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया।

### कौशांबी के भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ फेसबुक पर अशोभनीय टिप्पणी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

कौशांबी। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के खिलाफ एक फेसबुक यूजर ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक आरोप लगाते हुए टिप्पणी की। मामले में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा कायम करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

**सैनी के चकबक्तियारा निवासी है आरोपित**

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के हाजीपुर पतौना निवासी ज्ञानेश साहू भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी हैं। वह नगर पालिका मंझनपुर के नामित सभासद भी हैं। ज्ञानेश ने बताया कि सैनी क्षेत्र के चकबक्तियारा निवासी फेसबुक यूजर अश्वनी कुमार मिश्रा ने भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक बयानबाजी की।

**एसपी से की शिकायत** कहा कि अश्वनी ने अपने फेसबुक अकाउंट से जिलाध्यक्ष पर बेबुनियाद व आपत्तिजनक आरोप लगाया है। इससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि दैनिक जागरण इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की जा रही पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। ज्ञानेश ने अश्वनी कुमार मिश्रा के खिलाफ एसपी राजेश कुमार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

**थाना प्रभारी बोले- जांच के बाद कार्रवाई होगी** एसपी के आदेश पर गुरुवार को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात फेसबुक आइडी अश्वनी कुमार मिश्रा के खिलाफ आइटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच साइबर सेल से भी कराई जा रही है। जांच के बाद जो भी सच्चाई प्रकाश में आएगी, उसके तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## जिपं अध्यक्ष व सीडीओ ने 251 महिलाओं को दिया प्रशस्ति पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम के तीसरे दिन विकास भवन के डीपीआरसी सभागार में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से की। महिला कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 251 महिलाओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान 21 कन्याओं का तिलक पूजन कर उन्हें टी-शर्ट, चुनरी, फल, मिठाई व प्रसाद भेंट किया गया, वहीं 21 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए बेबी किट व पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान चलाकर 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का समापन भी किया गया।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 101 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जबकि 1141 बच्चों के खातों में 2500 रुपये प्रतिमाह की दर से कुल 87.95 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई। कन्या सुमंगला योजना के तहत बालिकाओं के जन्म से लेकर शिक्षा तक आर्थिक सहायता दी जा रही है। जनपद में अब तक 18806 बालिकाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। वहीं कोविड-19 से प्रभावित बच्चों के लिए संचालित बाल सेवा योजना के अंतर्गत 199 बच्चों को लाभ दिया गया है, जबकि स्पॉन्सरशिप योजना से 1507 बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया सहित अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## विराट जवाबी बिरहा का मुकाबला आज



**सुरियावा** विकासखंडे स्थित ग्राम सभा मर्दन शाहपुर में विगत वर्षों की बात आज दिनांक 21 मार्च 2026 दिन शनिवार को गायक कलाकार बच्चा लाल यादव प्रयागराज व गायीका कलाकार लक्ष्मी प्रदर्शनी बक्सर बिहार के बीच होगा तथा स्वामी जी की आरती एवं तथा भंडारा का भी आयोजन होगा कार्यक्रम के उद्घाटन करता नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावा विनय चौरसिया व डॉ गणेश कुमार यादव संचालक ईसी हॉस्पिटल भदोही मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चंद्र मौर्य व वह डॉक्टर ओम प्रकाश यादव संचालक प्रकाश हॉस्पिटल सुरियावा आयोजन करता धर्मराज यादव मर्दन शाहपुर ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से हो रहा है लोग पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

## जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम शैलेष कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनसुनवाई को प्रभावी और परिणाममुखी बनाने के लिए, जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके से ही वीडियो लाइव के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को जोड़कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी शिकायतों को संबंधित पोर्टल पर दर्ज कर निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया जाए। उन्होंने आदेश दिया कि प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सभी अधिकारियों की कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य होगी और इस दौरान कोई भी अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेगा।



उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ औपचारिकता न हो, बल्कि फरियादी को वास्तविक न्याय मिलना चाहिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।जनसुनवाई में मौजूद लोगों ने डीएम की त्वरित कार्यशैली और तकनीक के माध्यम से पारदर्शी कार्रवाई की सराहना की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि के अवैध आवंटन पर सख्ती, आयुक्त के निर्देश पर जांच व कार्रवाई के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** विंध्याचल मंडल के आयुक्त ने सरकारी भूमि के अवैध आवंटन और उसके निरस्तीकरण से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण में कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वाद संख्या 272/2017 (रहमतुल्ला बनाम राधेश्याम) में 19 मार्च 2026 को पारित अंतिम आदेश में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि, जो तालाब व ऊसर श्रेणी की सरकारी जमीन है, का वर्ष 1978 में नियमों के विपरीत आवंटन किया गया था। इतना ही नहीं, बाद में इस भूमि का अवैध तरीके से अन्य व्यक्तियों के नाम विक्रय भी किया गया, जो पूरी तरह विधि विरुद्ध है।

आयुक्त ने निगरानी याचिका को निरस्त करते हुए वर्ष 1978 के निरस्तीकरण आदेश को यथावत बनाए रखा और जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि राजस्व अभिलेखों में इस आदेश का सही अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। यदि अभिलेखों में गड़बड़ी पाई जाए तो तत्काल सुधार किया जाए। साथ ही आदेश के अनुपालन में हुई



देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक व आपराधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त ने यह भी कहा कि संबंधित सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए तुरंत विधिक कार्रवाई शुरू की जाए। पूरे मामले में संभावित मिलीभगत की जांच अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी से कराकर 30 अप्रैल 2026 तक रिपोर्ट मांगी गई है, जबकि दोषियों के खिलाफ 15 मई 2026 तक कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। आयुक्त ने इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए कहा कि इसमें सरकारी भूमि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के संकेत मिलते हैं, इसलिए निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

## सुरियावां में बन विभाग की रेस्क्यू टीम ने दो सांप पकड़े



**सुरियावां** के रामबाग अभिया रोड स्थित आशीष ऑफसेट प्रिंटर्स के ऑफिस के पीछे रूम में आज 11 बजे दिन में करीब सात फीट का जहरीला साप और एक चीतर सांप जो जंप करता इसके काटने पर व्यक्ति बचता नहीं है सूचना रेंजर एस पी सिंह को ए के सिंह द्वारा दी गई टीम आकर दो घंटे रेस्क्यू टीम ने दो सांप पकड़ने में सफलता प्राप्त की। रेस्क्यू टीम में रेंजर सुरेंद्र प्रताप सिंह , बन रक्षक माता सेवक , बन रक्षक ताड़क नाथ दुबे, बृजलाल, रोहित मौर्य में रहे । रेंजर ने बताया कि एक लम्बा सांप भाभी जो घोड़े से अधिक तेज भागता है। दूसरा चितर सांप जो जंप करता है काटने पर कोई बचता नहीं है। दो सांप डिब्बे में भरकर किसी जंगल में छोड़ने के लिए ले गए। सांप देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। सांप पकड़े जाने पर राहत की सास लिए। उपस्थित लोगों ने आई टीम की सराहना की गई।

## पुरातात्विक धरोहरों की छायाचित्र प्रदर्शनी, संरक्षण पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** क्षेत्रीय पुरातत्त्व इकाई वाराणसी एवं विजडम विंग्स पब्लिक स्कूल, ज्ञानपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 'पुरातात्विक धरोहरों की छायाचित्र प्रदर्शनी एवं व्याख्यान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों का संरक्षण एवं चुनौतियां' रहा, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अद्या प्रसाद विश्वकर्मा, प्राचार्य काशी नरेश राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. बसंत कुमार यादव और क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. राम नरेश पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी झलकियों को देखा और सराहा।




व्याख्यान के दौरान क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. राम नरेश पाल ने कहा कि देश की सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहरें हमारी पहचान और गौरव की प्रतीक हैं। इनके संरक्षण में समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

उन्होंने अतिक्रमण, पर्यावरणीय प्रभाव और जागरूकता की कमी को प्रमुख चुनौतियां बताते हुए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि अद्या प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं तथा उनमें संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिशिर कुमार यादव, क्षेत्रीय पुरातत्त्व इकाई के अधिकारीगण, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## महिला स्कूटी रैली (शक्ति दीदी अभियान) को हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति (फेज-5) के द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 20.03.2026 को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन हेतु अभिनव त्यागीपुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा महिला स्कूटी रैली (शक्ति दीदी अभियान) का पुलिस लाईन ज्ञानपुर भदोही से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारम्भ किया गया। उक्त रैली पुलिस लाईन ज्ञानपुर से दुर्गागंज तिराहे होते हुए मुख्यालय तक आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक भदोही ने अपने वक्तब्य में बताया कि मिशन शक्ति (फेज-5) के द्वितीय चरण में भदोही पुलिस का संकल्प सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना भी है। हमने जनपद के हर थाने और बीट स्तर पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया है, जो सीधे गाँवों और स्कूलों में जाकर संवाद कर रही हैं।


हमारा स्पष्ट संदेश है– अपराधी चाहे कोई भी हो, महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़




बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 1090 और 112 जैसी हेल्पलाइन सेवाएं आपकी ढाल हैं। हम भदोही की हर बेटी और महिला को भरोसा दिलाते हैं कि खाकी आपकी सुरक्षा के लिए हर वक्त मुस्तैद है। डरिए मत, आगे बढ़िए, भदोही पुलिस आपके साथ है।

मिशन शक्ति (फेज-5) के द्वितीय चरण के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों व समस्त थानों पर गठित एंटीरोमियों टीम द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाया जा रहा है। महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, बलराम क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन, महिला थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## जल जीवन मिशन के तहत 3.93 करोड़ से बनी टंकी से ग्रामीणों को मिला पेयजल



● मसौधा ब्लॉक के साखूपारा व सथरी ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ जल अर्पण कार्यक्रम

### 656 परिवारों को मिलेगा स्वच्छ जल

**अयोध्या।** जिले के मसौधा विकासखंड के ग्राम पंचायत साखूपारा व सथरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी से अब ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया है। इस अवसर पर गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण के टिप्स भी दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में 3 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। इस योजना के तहत अब तक 656 ग्रामीण परिवारों को घर-घर पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, जिससे उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। इससे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने की समस्या से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान नागेंद्र कुमार यादव एवं गुड़िया शर्मा ने फीता काटकर जल अर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ग्राम प्रधान ग्राम प्रधान नागेंद्र कुमार यादव ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि जल ही जीवन है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कई बार लोग नल खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी बेकार बहता रहता है, ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जल निगम विभाग की ओर से ग्राम प्रधान नागेंद्र कुमार यादव एवं गुड़िया शर्मा सहितऔर अभियंता दुर्गेश कुमार एवं पंप ऑपरेटर गीत राम यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर परप्रोजेक्ट मैनेजरगगन शर्मा प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिद्धार्थ पांडे, अवर अभियंता दुर्गेश कुमार एवं साइट इंजीनियर नीरज कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## आज मेरा आखिरी दिन है, मैं जहर खा लूंगा', मेटा से मिले सुसाइड अलर्ट पर दौड़ी कौशांबी पुलिस

**कौशांबी।** मेटा से कौशांबी पुलिस को भेजे गए एक अलर्ट से खलबली मच गई। जिसमें इंस्टाग्राम पर डाले गए वीडियो के कैचवर्ड में युवक ने लिखा कि 'आज मेरा लास्ट दिन है, आज मैं मरने जा रहा हूं, ये दिन हमेशा यादगार होगा सबका, आज मैं जहर खा लूंगा'। सूचना पर आईडी ट्रेस कर युवक के घर पहुंची व उसे सकुशल आत्मघाती कदम उठाने से पहले कब्जे में ले लिया। कोतवाली में युवक ने अपनी गलती मानीं, वह बोला कि दोस्त से फैंक के खातिर ऐसी पोस्ट डाला था। मेटा के जरिए इंस्ट्राग्राम पर डाले गए वीडियो के बैकग्राउंड में गाना भी बजता सुनाई दे रहा था। जिसके बोल भी दर्द भरे थे।

साथ ही कैचवर्ड में 'आज मेरा लास्ट दिन है, आज मैं मरने जा रहा हूं, ये दिन हमेशा यादगार होगा सबका, आज मैं जहर खा लूंगा' लिखा गया था। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि अलर्ट मिलने के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय की गई। छानबीन में पता चला कि युवक सदर कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी शिवकेश पुत्र विजय बहादुर है। मंझनपुर इंस्पेक्टर सुनील सिंह युवक के घर पहुंचे व उसके स्वजन को वीडियो के बारे में जानकारी दी। शिवकेश ने पूछताछ में बताया कि उसने दोस्त से मजाक करने के लिए वीडियो में यह कैचवर्ड लिखा था। दोबारा उसने ऐसी गलती नहीं करने के लिए माफी मांगी।

## तीनों मंदिर परिसर सहित सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात व्यावस्था का लिया गया जायजा

● ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन-पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को अनवरत सेवाभाव के साथ दर्शन कराने के दिए निर्देश

**मीरजापुर।** शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर 'आर.पी. सिंह' द्वारा चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां विन्ध्यवासिनी धाम परिसर, माँ अष्टभुजा मन्दिर परिसर, माँ काली खोह मन्दिर परिसर, गंगा घाटों, कन्ट्रोल रूम, खोया-पाया केन्द्र, सीसीटीवी निगरानी कक्ष सहित सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा/यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर तथा ठहरने वाले स्थानों पर सुरक्षा उपकरणों यथा-फॉयर इंस्टिग्यूसर( अग्नि शमन यंत्र), सीसीटीवी इत्यादि की सक्रियता को परखते हुए सुदृढ़ बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। मेला क्षेत्र में अवस्थित दुकानों व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को रेट सूची लगाने के निर्देश दिये। खोया-पाया केन्द्र का निरीक्षण करते हुए केन्द्र पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सद् व्यवहार करते हुए सहयोग एवं सेवा भाव रखने तथा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पूर्ण मनोयोग व निष्ठा के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए तथा इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने हेतु आने वाले वृद्ध, असमर्थ एवं दिव्यांग जनों को दर्शन-पूजन में पुलिस बल द्वारा सहयोग करते हुए सुगमता पूर्वक दर्शन कराया जाये और इसे सतत् रूप से जारी रखने के निर्देश दिए गए।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सुरियावाँ- भदोही

पत्रांक-3943/ वि0म0क्षे0वि0नि0यो0/ई0ल0/सी0सी0/2025-26 दिनांक-19-03-2026

**अल्पकालीन निविदा दर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधान मण्डल क्षेत्र विकास योजनातर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मा0 सदस्य विधान परिषद की संस्तुति पर प्रस्तावित/संस्तुत प्राप्त धनराशि से होने वाली धनराशि से प्राक्कलन के अनुसार कार्यों को पूर्ण कराने हेतु फर्मो से निविदा दर आमंत्रित की जाती है, जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक 20.03.2026 से 27.03.2026 को समय 10:00 बजे से 5:00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप निविदा के लागत 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी सुरियावाँ के नाम बन्धक संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्त की जानकारी कार्यालय अवधि में लेखाकार पटल से देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा दिनांक 27.03.2025 को सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा कि जायेगीं। तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक 28.03.2026 को 3:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृति / अस्वीकृति करने एवं तिथि परिवर्तन का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | ईकाई /मी0 | लागत लाख में | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड सुरियावां के ग्राम सभा जमुनीपुन अठगंवा मोढ डीघ से बबलू सिंह के मशीन से धर्मेन्द्र सिंह के घर तक सी0सी रोड का निर्माण कार्य। | 70मी0 | 3.82 | दो माह |
| 2 | विकास खण्ड सुरियावां के ग्राम सभा सुजानपुर में प्रधानमंत्री रोड से दुर्गा तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 100मी0 | 4.37 | दो माह |

1. निविदा टेण्डर टेण्डर बाक्स में विकास खण्ड मुख्यालय पर निविदादाता फर्मो को डालना होगा।
2. निविदादाता द्वारा निविदा के साथ 2% की जगनात धनराशि उपरोक्त निर्देशो के तहत मूलरूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा नोटरी हलफनामा 100.00 रूपये के स्टाप पेपर पर इस आशय का देना होगा कि फर्म या फर्म के मालिक का संबंध विकास खण्ड में कार्यरत किसी भी अधिकारी/कर्मचारी मा0 प्रमुख से किसी प्रकार कोई संबंध नही हैं। तथा मेरे ऊपर किसी प्रकार का अपराधिक मुकदमा दर्ज नही है।
4. कोइ भी निविदादाता यादि किसी सरकारी विभाग नही होगी जब तक आयकार विभाग द्वारा व्यापारकर वाणिज्य कर विभाग द्वारा निविदादाता के पक्ष में बकाया का अनापत्ति प्रमाण पत्र निग्रत न कर दिया जाए।
5. कोइ भी निविदादाता यदि किसी सरकारी विभाग में काली सूची में है किसी अपराधिक मामले में वांछित है तो उसकी निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
6. निविदादाता द्वारा टी4. टीक आयकर, वाणिज्यकर, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को जिलाधिकारी द्वारा जारी आर्थिक क्षमता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8 निविदादाता फर्म का टर्न ओवर विगत तीन वर्ष में कार्य हेतु एक करोड से कम नही होना चाहिएं। निविदा के साथ सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वर्षवार बैलेन्स शीट जमा करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता फर्म द्वारा फाईनेन्सीयल तथा टेक्नीकल विड अलग-अलग दो लिफाफे में डाला जायेंगा।
10. टेक्नीकल बीड में क्वालीफाई /उत्तीर्ण होने के उपरान्त ही संबंधित फर्म का फाईनेन्सीयल बीड खोला जायेंगा।
11. निविदा फार्म प्राप्त करने की धनराशि मु0 750.00 रू0 निर्धारित है।
12. निविदा स्वीकृत के उपरान्त धरोहर धनराशि के अतिरिक्त 8% जमानत की धनराशि जमा होने के पश्चात् कार्यादेश निर्गत होगा।
13. नियमानुसार जी0स0टी0 देय होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सुरियावाँ भदोही।**

# संक्षिप्त खबरें

## ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ग्राम विकास अधिकारी को कुचला, मौके पर मौत




**प्रयागराज।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम विकास अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि ग्राम विकास अधिकारी भारतगंज राजापुर स्थित गैस एजेंसी कार्यालय में केवाईसी कराने के बाद बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वह सड़क पर गिरे, उसी समय पीछे से आ रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार वाहन चालक की तलाश जारी है। वहीं, इस हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## भाजपा नेता को पितृ शोक- दी गई श्रद्धांजलि



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा नेता राज सिंह के पिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में पार्षद मयंक यादव, पार्षद रणविजय सिंह (डब्बू), पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह, भाजपा नेता घनश्याम जायसवाल, रामबाबू पटेल, पार्षद अनूप पासी, नीरज शर्मा तथा सुधीर प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 24 मार्च से शुरू होगी यूपी बार काउंसिल चुनाव की मतगणना



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव संपन्न होने के बाद अब मतगणना की तारीख घोषित कर दी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, मतगणना आगामी 24 मार्च से शुरू होगी, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित समय के भीतर संपन्न कराई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अब अधिवक्ताओं की नजरें मतगणना और परिणामों पर टिकी हुई हैं। इस बार चुनाव में प्रदेश भर के बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया, जिससे मुकाबला काफी दिलचस्प और कड़ा माना जा रहा है। मतगणना के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मतगणना स्थल पर अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न हो। बार काउंसिल के पदों के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी और उनके समर्थक मतगणना की तैयारियों में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि यूपी बार काउंसिल चुनाव को अधिवक्ताओं के बीच काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इसके जरिए अधिवक्ता समाज के प्रतिनिधियों का चयन होता है, जो उनके हितों और अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने NDTV के संस्थापकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय के खिलाफ CBI के लुक आउट सर्कुलर रद्द किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) द्वारा 2019 में NDTV के पूर्व निदेशकों और प्रमोटरों प्रणय रॉय और राधिका रॉय के खिलाफ जारी किए गए लुक आउट सर्कुलर (LOC) रद्द किया। जस्टिस सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, 'विवादित LOC रद्द किया जाता है, बशर्ते याचिकाकर्ता जांच में सहयोग करें। '

पिछले साल मई में कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की थी कि लुक आउट सर्कुलर को जारी रखना बेकार होगा।यह टिप्पणी CBI द्वारा LOC का बचाव करने के बाद की गई थी, जिसमें यह तर्क दिया गया कि इसे रॉय दंपत्ति की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए खुला रखा गया।

रॉय दंपत्ति की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि दोनों ने 2019 में उन्हें जारी किए गए समन का जवाब दिया और इस मामले में उनका सहयोग कोई मुद्दा नहीं था। उन्होंने तर्क दिया कि यदि जांच बिना किसी अंत के वर्षों तक चलती रहती है और यदि रॉय दंपत्ति समन का जवाब देते हैं तो यह तथ्य उनके पक्ष में जाता है। दूसरी ओर, CBI की ओर से पेश वकील ने कहा कि LOC रॉय दंपत्ति पर नज़र रखने के लिए जारी किया गया और इस मामले के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव हैं। यह याचिका रॉय दंपत्ति द्वारा उस LOC के खिलाफ दायर की गई, जिसे 2 जून, 2017 और 19 अगस्त, 2019 की दो FIR दर्ज होने के बाद जारी किया गया। जनवरी, 2023 में इस मामले की सुनवाई कर रही अन्य पीठ ने टिप्पणी की थी कि LOC 'अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकता' और यह मामला 'इस तरह नहीं चल सकता। '

# संघर्ष से सफलता तक: ऋषभ चौरसिया बने युवाओं के प्रेरणास्रोत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
राहुल जायसवाल।

**नैनी, प्रयागराज।** आज के दौर में जहां युवा अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं रिशब चौरसिया ने अपने हुनर, मेहनत और समर्पण से पूरे देश में एक खास मुकाम हासिल किया है। डांस, स्पोर्ट्स, फिटनेस और समाजसेवा जैसे कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए उन्होंने न केवल खुद को स्थापित किया, बल्कि हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा भी बने हैं।ऋषभ चौरसिया का सफर आसान नहीं रहा, लेकिन उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने द डांस कम्पनी इंडिया में पूरे देश के टॉप 30 में अपनी जगह बनाई। इसके साथ ही वे 2013 में नेशनल फुटबॉल प्लेयर के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं।उनकी उपलब्धियों की सूची काफी लंबी है—वे मिस्टर इंडिया के प्रथम विजेता रहे हैं और वर्ष 2023 में मिस्टर वर्सटाइल का खिताब भी अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने देश का नाम रोशन किया, जहां 2022 में वर्ल्ड डांस ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया।डांस की दुनिया में उनकी पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें 2022 और 2023 में बेस्ट कोरियोग्राफर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा उन्हें भारत गौरव सम्मान 2022, गांधी स्मृति सम्मान और इंडियन कल्चर अवॉर्ड 2022 जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।रिशब चौरसिया कई रियलिटी शोज़ जैसे इंडिया टैलेंट, टैलेंट प्लस सीजन-2 और द फेमेड डांस चैंपियनशिप में भी चयनित रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल ग्रूवफेस्ट के तहत मलेशिया और वियतनाम जैसे देशों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।सिर्फ डांस ही नहीं, वे मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स और फिटनेस के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं।

उन्होंने आर डी एक्स योगा सेंटर, डांस सेंटर, मॉडलिंग क्लास, म्यूजिक क्लास, फिटनेस एवं एक्सरसाइज सेंटर और इवेंट मैनेजमेंट जैसी कई संस्थाओं की स्थापना कर युवाओं को मंच प्रदान किया है। शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया उद्यम से प्रमाणित हैं और चंडीगढ़ छाया स्कूल ऑफ आर्ट के प्रिंसिपल के रूप में कार्य कर चुके हैं। साथ ही कोलकाता सुरो भारती यूनिवर्सिटी से प्रमाणित सेंटर संचालित करते हैं और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी



में एग्जामिनर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पिछले 15 वर्षों से वे एक सर्टिफाइड डांस टीचर के रूप में कई स्कूलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। वे बॉलीवुड और भोजपुरी एल्बमों में भी कलाकारों को डांस सिखा चुके हैं।

समाज सेवा के क्षेत्र में भी ऋषभ चौरसिया पीछे नहीं हैं। वे सिविल डिफेंस में फायर फाइटर के रूप में कार्यरत हैं और जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त में डांस सिखाकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।ऋषभ चौरसिया का मानना है कि 'अगर मेहनत सच्ची हो तो कोई भी सपना दूर नहीं।' आज वे न केवल एक सफल कलाकार और ट्रेनर हैं, बल्कि समाज के लिए एक सच्चे मार्गदर्शक भी बन चुके हैं।

# एजुकेट गर्ल्स ने प्रगति शिक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह के साथ 18 वर्षों के प्रभाव का उत्सव मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** एजुकेट गर्ल्स ने बिहार के मुंगेर में 200 से अधिक प्रगति शिक्षार्थियों (प्रेरकों) के दीक्षांत समारोह के साथ अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में समुदाय के सदस्य, सरकारी अधिकारी और शिक्षा के समर्थक एकत्र हुए, ताकि बालिका शिक्षा और सामूहिक प्रयास की परिवर्तनकारी शक्ति को सम्मानित किया जा सके। इस समारोह में भीमबांध सहित कुछ सबसे वंचित और नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अपनी शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) की उपस्थिति में, सीईओ गायत्री नायर लोबो और निदेशक-संचालन, विक्रम सिंह सोलंकी द्वारा प्रदान किए गए।

सभा को संबोधित करते हुए, जिला मजिस्ट्रेट निखिल धनराज निप्पाणिकार (आईएएस) ने दीर्घकालिक विकास को आगे बढ़ाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स जैसी पहलें दूरस्थ क्षेत्रों में नामांकन और सीखने के परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे प्रशासन, जीविका, शिक्षा विभाग और नागरिक समाज के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर लड़की को शिक्षा तक पहुँच



मिले।

एजुकेट गर्ल्स की सीईओ, गायत्री नायर लोबो ने कहा, 'शिक्षा जीवन और समुदायों को बदलने की सबसे शक्तिशाली ताकत है। वर्ष 2022 से, बिहार में हमने लगभग 2,00,000 लड़कियों को फिर से शिक्षा से जोड़ने में मदद की है और लगभग 9,000 किशोरियों और युवा महिलाओं को उनकी शिक्षा वापस पाने में सहयोग किया है। हम मानते हैं कि हर एक कहानी संघर्ष और दूसरे अवसर की एक सशक्त मिसाल है। सरकार, दाताओं और भागीदारों के निरंतर सहयोग के साथ, हम 2035 तक 1 करोड़ शिक्षार्थियों तक पहुँचने के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन के माध्यम से कक्षा 10 की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी शिक्षार्थियों को भी बधाई दी।

यह कार्यक्रम दृढ़ता और संकल्प की प्रेरणादायक कहानियों से भरपूर रहा। 18 वर्षीय लर्नर्स साब्या परवीन ने विवाह और मातृत्व के बाद भी अपनी माध्यमिक शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स के सहयोग ने उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने और आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया।

एक अन्य शिक्षार्थी उर्मिला भी उज्ज्वल उदाहरण बनकर उभरीं व्यक्तिगत क्षति के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी और अब एक पैरामेडिकल पेशेवर के रूप में कार्यरत हैं। रीना कुमारी, जो एजुकेट गर्ल्स से जुड़ी एक सामुदायिक मेंटर (प्रेरक) हैं, एक सामुदायिक नेता के रूप में उभरी हैं, जो स्कूल से बाहर लड़कियों को जोड़ने और उन्हें पुनः शिक्षा में लाने में सहयोग कर रही हैं। अब तक उन्होंने 33 शिक्षार्थियों का नामांकन कराया है, जिनमें से कई ने अपनी माध्यमिक शिक्षा सफलतापूर्वक पूरी की है। जिला मजिस्ट्रेट निप्पाणिकार ने कठिन पहुँच वाले क्षेत्रों में जागरूकता और नामांकन बढ़ाने के लिए एजुकेट गर्ल्स के निरंतर प्रयासों की सराहना की और इन पहलों को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासनिक सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।

## कौशांबी के भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ फेसबुक पर अशोभनीय टिप्पणी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौशांबी।** भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के खिलाफ एक फेसबुक यूजर ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक आरोप लगाते हुए टिप्पणी की। मामले में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा कायम करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

**सैनी के चकबक्तियारा निवासी है आरोपित**

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के हाजीपुर पतौना निवासी ज्ञानेश साहू भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी हैं। वह नगर पालिका मंझनपुर के नामित सभासद भी हैं। ज्ञानेश ने बताया कि सैनी क्षेत्र के चकबक्तियारा निवासी फेसबुक यूजर अश्वनी कुमार मिश्रा ने भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिनजक बयानबाजी की।

**एसपी से की शिकायत**

कहा कि अश्वनी ने अपने फेसबुक अकाउंट से जिलाध्यक्ष पर बेबुनियाद व आपत्तिजनक आरोप लगाया है। इससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। हालांकि दैनिक जागरण इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की जा रही पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। ज्ञानेश ने अश्वनी कुमार मिश्रा के खिलाफ एसपी राजेश कुमार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

**थाना प्रभारी बोले- जांच के बाद कार्रवाई होगी**

एसपी के आदेश पर गुरुवार को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात फेसबुक आइडी अश्वनी कुमार मिश्रा के खिलाफ आइटी एक्ट की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच साइबर सेल से भी कराई जा रही है। जांच के बाद जो भी सच्चाई प्रकाश में आएगी, उसके तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अलविदा की नमाज को लेकर नैनी क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा



**नैनी, प्रयागराज।** अलविदा की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यमुनानगर जोन के डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने नैनी क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम सहित सभी चौकी इंचार्ज मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि नमाज के दौरान क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके। पुलिस प्रशासन ने लोगों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# मऊआइमा में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** आगामी त्योहारों के मद्देनज़र जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के नेतृत्व में थाना मऊआइमा क्षेत्र के कस्बा मऊआइमा में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों, प्रमुख बाजारों तथा महत्वपूर्ण चौराहों पर पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त गंगानगर ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर स्थिति पर कड़ी नजर रखी जाए।

फ्लैग मार्च में सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर, प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# संगम तट पर भव्य गंगा आरती: आध्यात्मिक चेतना और भारतीय संस्कृति का दिव्य संगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** शुक्रवार को पावन त्रिवेणी संगम तट पर स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में आयोजित संगम आरती का दिव्य और भव्य आयोजन सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं का अद्भुत प्रतिबिंब बनकर उभरा।

इस अवसर पर प्रयागराज की कमिश्नर अपनी सहपरिवार गरिमामयी उपस्थिति के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।इस पावन आयोजन को और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने हेतु तेलंगाना स्थित से पधारे (वेदा स्वामी जी) का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके साथ आई ऋषिकन्याओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को वैदिक ज्ञान और सनातन परंपराओं की गहराई से ओत-प्रोत कर दिया सायंकालीन बेला में जैसे ही सूर्य अस्ताचल की ओर अग्रसर हुआ, संगम तट दीपों की दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण



भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।परमार्थ त्रिवेणी पुष्प के ऋषिकुमारों एवं वेद विद्यापीठ की ऋषिकन्याओं ने अनुशासन,श्रद्धा और समर्पण के साथ भव्य गंगा आरती प्रस्तुत की। वैदिक मंत्रों की गूंज ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति का संचार किया। यह दृश्य प्राचीन गुरुकुल परंपरा के पुनर्जीवन का सजीव उदाहरण बना।इस अवसर पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित यह संगम आरती भारतीय संस्कृति, एकता और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने और नई पीढ़ी को सनातन मूल्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्वामी वेद विद्यानंदगिरि ने अपने संदेश में वेदों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक हम अपनी वैदिक परंपराओं और आध्यात्मिक धरोहर से जुड़े रहेंगे, तब तक समाज सुदृढ़ और संतुलित बना रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति को समझें, अपनाएं और उसके संरक्षण में सक्रिय योगदान दें।

# पुलिस लाइन के सिपाही का संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक सिपाही की पहचान कृपाल सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से फिरोजाबाद जनपद के निवासी थे। वह कैंट थाना क्षेत्र के राजपुर गंगानगर में ओमप्रकाश पटेल के मकान की तीसरी मंजिल पर किराए के कमरे में रह रहे थे।

बताया जा रहा है कि घटना के समय उनका कमरा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर कृपाल सिंह का शव फंदे से लटकता मिला।

मृतक के बारे में जानकारी देते हुए परिजनों और परिचितों ने बताया कि कृपाल



सिंह स्वभाव से बेहद हंसमुख और होनहार व्यक्ति थे। उनकी अचानक मौत से परिवार और साथी पुलिसकर्मियों में शोक की लहर है। गौरतलब है कि मृतक के भाई ओमवीर सिंह भी सिपाही हैं और वर्तमान में जार्ज टाउन थाने में तैनात हैं। घटना की सूचना मिलते ही वह भी मौके पर पहुंचे।

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का चल पायेगा।

## मां भगवती जागरण की तैयारी को लेकर बैठक



**नैनी, प्रयागराज।** आगामी 4 अप्रैल शनिवार को स्टेशन रोड हनुमान नगर मोहल्ले में होने वाले 9वां विशाल मां भगवती जागरण की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल पत्रकार ने बताया, कि यहां पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन रखा गया है। जिसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से की जा रही है।बैठक में उपाध्यक्ष लाला जायसवाल, संयोजक शिवम जायसवाल,सलाहकार उमेश विश्वकर्मा, सचिव डॉक्टर राकेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील यादव, उप मंत्री गोल्डी जायसवाल, उप सचिव विवेक कुमार,महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, पंडाल व्यवस्थापक सुनील सेन, प्रचार मंत्री संदीप कनौजिया, उप सचिव उत्तम केसरवानी, मंत्री ज्वाय सेन मौजूद रहे।

# 'गंगा माई हैं, कमाई का जरिया नहीं', वाराणसी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने क्रूज और होटल कल्चर के खिलाफ खोला मोर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गंगा में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों पर सवाल उठाए. उन्होंने क्रूज और होटल जैसी व्यवस्था को गंगा की पवित्रता के खिलाफ बताया. उनका कहना है कि गंगा को कमाई का साधन बनाने से अनाचार बढ़ रहा है और लोगों की सोच भी प्रभावित हो रही है।

वाराणसी में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गंगा नदी में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह हो गई है कि कोई मांस और मदिरा का सेवन कर रहा है तो कोई गंगा में क्रूज चलाकर होटल जैसी व्यवस्था बनाकर लोगों को रुकवा रहा है. यह सब अनाचार की श्रेणी में आता है और इससे गंगा की पवित्रता प्रभावित हो रही है।

शंकराचार्य ने अपने विद्यामठ आश्रम से मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहले नावों पर इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं होती थी, लेकिन अब नावों में आड़ बनाकर सुविधाएं दी जा रही हैं. उन्होंने



कहा कि जब गंगा को माई की जगह कमाई का साधन बना दिया गया, तो फिर कमाई के नजरिए से कई तरह की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं. इसका सीधा असर यह होता है कि लोग पैसे देकर कुछ भी करने की सोच रखते हैं।

उन्होंने कहा कि जब नाविक भी इसे कमाई का जरिया मानने लगते हैं तो वे भी इसी सोच के साथ काम करने लगते हैं कि जो करना है, पैसे देकर करो. यही सोच गंगा की पवित्रता के लिए नुकसानदायक है. मुस्लिम युवकों पर कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि वो इस विषय में नहीं पड़ना चाहते. उनका कहना है कि गंगा को मां माना जाता है और इसे कमाई का साधन नहीं बनाया जाना चाहिए।

यूपी एसआई परीक्षा में पंडित से जुड़े सवाल पर उन्होंने मौजूदा सरकार पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि सरकार गौ और ब्राह्मण के खिलाफ काम कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके बीच आकर उनका वेश धारण कर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं और हर हिंदू को ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

# संक्षिप्त खबरें

## चौपारण के चतरामोड़ में पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का हुआ उद्घाटन



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण के चतरा मोड़ स्थित श्री मूर्ति मार्केट में पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक संजय सुमन, शाखा प्रबंधक अश्विनी कुमार तथा उप प्रबंधक निशांत वर्मा, मनीष कुमार एवं गिरजा नंदन मौजूद रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में उदय सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, मन्नू भगत, बीरेंद्र राणा, अश्विनी शर्मा, रेवाली पासवान एवं कौशल सिंह शामिल रहे। इसके अलावा बीसी (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट) के रूप में सन्नी कुमार पासवान, राजेश कुमार, अमीरका कुमार एवं प्रकाश केशरी की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने बताया कि नई शाखा खुलने से चौपारण एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इससे स्थानीय व्यापार, कृषि और छोटे उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## रामनवमी को लेकर बढ़ी सक्रियता, सांसद व उपायुक्त को सौंपा निमंत्रण



**हजारीबाग में गरिमा, भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा पर्व : टोनी जैन**

**हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर हजारीबाग में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद मनीष जायसवाल एवं उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से मुलाकात कर उन्हें औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष टोनी जैन के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने रामनवमी पर्व को भव्य, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान आयोजन की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास एवं पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव की उपस्थिति रही। समिति के अन्य प्रमुख सदस्यों में सोनू गुप्ता, मनोज सिन्हा, अमित पांडे, गुंजन गुप्ता, किशोर गुप्ता एवं अनिल पांडे शामिल रहे। समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व हजारीबाग में आपसी भाईचारे, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रशासन की ओर से भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्त को सजा

**देवरिया।** जनपद पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले में अभियुक्त को सजा दिलाई है। थाना खामपार से संबंधित मामले में न्यायालय ने अभियुक्त सत्यनारायण को दो वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इस कार्रवाई में विशेष लोक अभियोजक वाचस्पति मिश्रा सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वहीं, मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा व जागरूकता को लेकर पुलिस लाइन से भव्य स्कूटी रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंची। इसमें महिला उपनिरीक्षकों व आरक्षियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया।

इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, ओवरलोडिंग व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 124 वाहनों का ई-चालान और छह वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने यातायात नियमों के पालन की अपील की है।

# बरही में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न, रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट

**●महासमिति ने सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र, सुरक्षा, ट्रैफिक व व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने दिए सख्त निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** नगर भवन बरही में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष सिंह, एएसपी अमित कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी बैजनाथ कामती मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू ने की, जबकि संचालन बीडीओ जयपाल महतो ने किया। बैठक के दौरान श्री चैत्र रामनवमी पूजा महासमिति, बरही द्वारा जिला प्रशासन को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मेला परिसर व बरही चौक की साफ-सफाई, लाइट, पेयजल, मेडिकल कैंप, चलंत शौचालय, अग्निशामक, सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन निगरानी, जुलूस मार्गों की बैरिकेडिंग, जर्जर बिजली तारों की मरम्मत, गोलंबर का समतलीकरण, मंच निर्माण एवं पहचान पत्र जारी करने की मांग शामिल है। रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों ने जिला से आए अपर समाहर्ता, एएसपी, डीटीओ व जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को पट्टा पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। अपर समाहर्ता संतोष सिंह ने कहा कि एनएच की मरम्मत को लेकर एसडीओ व एसडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भाईचारे को बनाए रखने, जुलूसधारियों को आईडी कार्ड अनिवार्य करने, युवाओं को अनुशासन में रखने तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन की सतर्कता की बात कही। उन्होंने कहा कि बरही से जिला प्रशासन को काफी उम्मीदें हैं। एएसपी हज़ारीबाग अमित कुमार ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार के जागरण कार्यक्रम की सूचना संबंधित थाना प्रभारी को देना अनिवार्य होगा। ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाएगी। मेला में पुलिस बल व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीपीओ अजित कुमार बिमल, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी, एलआरडीसी अजय भगत, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, बसंत नारायण मेहता, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, पदमा बीडीओ निधि रजवार, चौपारण सीओ संजय यादव, बरकट्ठा बीडीओ रेशमा डूंगडुंग, चौपारण बीडीओ नितेश भास्कर, सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, अर्जुन साव, अब्दुल मनान वारसी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान समेत अनुमंडल के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# लोहबंधा में रमजान माह के अलविदा जुम्मे पर मुस्लिम समुदाय ने अदा की नमाज

**●भारत में सभी जगह आज पढ़ी जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंडः-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में रमजान महीने के आखिरी अलविदा जुम्मे की नमाज शुक्रवार को बड़े ही अदब के साथ अदा की गई। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह और रसूल की शान में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करते हुए सजदा किया। उक्त प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहबंधा गांव स्थित मदीना मस्जिद में भी काफी संख्या में लोगों ने रमजान माह के आखिरी जुम्मे (अलविदा) की नमाज अदा की। मदीना मस्जिद, लोहबंधा में मौलाना महबूब आलम कादरी की इमामत में उपस्थित मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह के बारगाह में हाथ उठाकर अपने मुल्क और इलाके के लिए अमन-चैन की दुआएं मांगीं। मालूम हो कि इस्लाम धर्म में रमजान महीने को अत्यंत पवित्र और बरकतों वाला महीना माना जाता है। इस महीने में जरूरतमंदों की मदद करने तथा खुदा के बताए रास्ते पर चलने वालों पर अल्लाह अपनी रहमत बरसाता है।

इस्लाम धर्म के बारह महीनों में रमजान शरीफ को सबसे अफजल (पवित्र) महीना माना गया है। इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ नाजिल हुआ था। इस दौरान रोजा रखना फर्ज होता है तथा कुरआन शरीफ की अधिक से अधिक तिलावत करना सवाब का कार्य माना जाता है। रमजान के इस पाक महीने में हलाल रोजी से गरीब और जरूरतमंद लोगों को सदका-ए-फितरा दिया जाता है, जिससे उन्हें सहारा मिलता है। इस्लामी मान्यता के अनुसार सदका-ए-फितरा मालिक-ए-निसाब पर फर्ज होता है। इस वर्ष प्रति व्यक्ति 60 रुपये फितरा देना आवश्यक माना गया है, ताकि गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोग भी अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना सकें। ज्ञात हो कि मदीना मस्जिद, लोहबंधा में ईद-उल-फितर की नमाज प्रातः 8 बजे अदा की जाएगी। भारत में आज सभी जगह ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

# भैयाडीह में रामनवमी उत्सव के आयोजन से बही भक्ति की बयार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत भैयाडीह स्थित युगल बिहार कुंज में रामनवमी उत्सव के अवसर पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। यहाँ आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है। उत्सव के द्वितीय दिवस आयोजित प्रवचन में महंत नवल किशोर शरण ने नारद मोह की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भक्ति मार्ग में अहंकार के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह कथा इस बात को दर्शाती है कि भगवान अपने भक्तों के अहंकार को दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार की लीलाएँ करते हैं। प्रवचन के दौरान उन्होंने बताया कि नारद मुनि ने हिमालय की एक गुफा में कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से चिंतित होकर इंद्र ने कामदेव को भेजा, किंतु नारद मुनि विचलित नहीं हुए। कामदेव की पराजय के बाद नारद मुनि को अपने तप पर अभिमान हो गया और वे इस विजय का बखान करने के लिए भगवान शिव के पास पहुँचे। महंत ने आगे कहा कि भगवान शिव ने उन्हें इस विषय में भगवान विष्णु को कुछ भी न बताने की सलाह दी, लेकिन मोहवश नारद मुनि भगवान विष्णु के पास पहुँच गए और अपनी प्रशंसा करने लगे। तब भगवान विष्णु ने उनके अहंकार को समाप्त करने के लिए विश्व मोहिनी का रूप धारण कर उनका मोह भंग किया। इस अवसर पर दिनेश मिश्रा द्वारा प्रस्तुत भजनों ने कार्यक्रम को और भी भक्तिमय बना दिया। उनके सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण रामनाम से गूंजायमान रहा। रामनवमी उत्सव के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों से क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश प्रसारित हो रहा है।

# शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार चौराहों को महापुरुषों के नाम पर सुन्दर बनाने का प्रयास : विधायक विनय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर** - शोहरतगढ़ ब्लाक के चिल्हिया चौराहे पर शुक्रवार को शोहरतगढ़ विधायक की निधि से बनने वाले शहीद भगत सिंह चौक का शिलान्यास व भूमिपूजन विधायक विनय वर्मा ने डीएम शिवशरणप्पा जी.एन., एस एसपी डॉ अभिषेक महाजन व सीडीओ बलराम सिंह की मौजूदगी में किया। शोहरतगढ़ क्षेत्र में कुल चार चौराहों की सौन्दर्यीकरण होना है। शोहरतगढ़ ब्लाक के चिल्हिया चौक पर शुक्रवार को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा की विधायक निधि से 20.22 लाख रुपए की लागत से शहीद-ए-आजम भगत सिंह चौराहे के रूप में सौन्दर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास व भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।इस दौरान डीएम शिवशरणप्पा जीएन,एसपी अभिषेक महाजन,सीडीओ बलराम सिंह की मौजूदगी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौजूद क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के चार चौराहों को महापुरुषों के नाम पर सुन्दर बनाने का प्रयास किया है। चिल्हिया को भगत सिंह, गनेशपुर को डा.भीमराव अम्बेडकर,ढ़ेबरुआ को सोनेलाल पटेल व बढ़नी में अटल बिहारी वाजपेई के नाम से सौन्दर्यीकरण होगा।इस दौरान डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को इससे बड़ी श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकती। इससे आने वाली पीढ़ी भगत सिंह के बारे में जानेगी।एसपी अभिषेक महाजन ने कहा कि चार चौराहों के सौन्दर्यीकरण की सोच अच्छी है।यह सभी को करना चाहिए। इस दौरान एसडीएम विवेकानंद मिश्र,सीओ मयंक द्विवेदी,सिडिको के एक्सईएन देवेन्द्र कुमार सिंह,चिल्हिया एसएचओ राजेश कुमार गुप्ता, शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह, रामदास मौर्य,प्रदीप कमलापुरी,श्यामू गुप्ता,जगदंबा चौबे,मयंक शुक्ल,अशोक पासवान, अनिल निषाद,दिलीप वरुण,रामू गुप्ता, अमरजीत साहू आदि मौजूद रहे।

# समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** धानुक कठेरिया समाज उत्थान समिति द्वारा धनक महाराज की जयंती हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा को झांसी रोड उर्ई में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई, जिसमें समाज के जिलाध्यक्ष सोवरन सिंह कठेरिया ने अध्यक्षता की जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रामअ सरे वर्मा जिला महामंत्री, जगराम दिसोरिया परसानी, गौरीशंकर दादा महरुआ, रामलखन, वकील दादा, लालाराम चमड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कोच, भगवान दास जैसारी ब्लॉक अध्यक्ष डेकोर, दशाराम डेकोर संत राम कठेरिया डेट डॉक्टर जगदीश सिंह कठेरिया मिथिलेश पत्रकार मोहन सर कोच बंसी राम दरोगा जी शिव प्रसाद दीवान महेश चिल्ली राजा भैया अनीता वर्मा कठेरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजू कठेरिया सिकरी राजा जिला पंचायत सदस्य दिनेश जैसारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम दास वर्मा सत्यवान कुटेला डा.सत्य प्रकाश कठेरिया विश्राम सिंह, संदीप भंडारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग द्वारा प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन, जरूरतमंदों को मिली निःशुल्क सहायता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** आयुष विभाग के तत्वावधान में पंचकर्म केंद्र, हजारीबाग में प्रखंड स्तरीय आयुष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज के कमजोर, दिव्यांग एवं जरूरतमंद वर्गों को स्वास्थ्य सुविधा एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने फीता काटकर किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच वॉकर, स्टिक, बैसाखी, कमर बेल्ट सहित अन्य सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही मरीजों को होमियोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. आनंद शाही ने विधायक का स्वागत किया। वहीं स्वास्थ्य पदाधिकारियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया गया।

अपने संबोधन में विधायक ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विधानसभा में आयुष सीएचओ की मांग उठाई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। शिविर के माध्यम से कई जरूरतमंद लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित एवं कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित करना था। इस अवसर पर डॉ. विजय तिवारी, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. जोशी कुमार, डॉ. रंजना कुमारी, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, योग शिक्षक संजीव कुमार सिंह सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया गृह भ्रमण मार्गदर्शिका प्रशिक्षण



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-** पाकुड़िया प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित पोषाहार केन्द्र में बीते गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को गृह भ्रमण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के क्रम में प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केन्द्रों से आई सेविकाओं को पर्वक्षिका मन्दोदरी देवी एवम मोनिता मुर्मू ने गृह भ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच व धात्री माताओं के 0 से 6 साल के बालक-बालिकाओं वहीं, कुपोषित बच्चों तथा गम्भीर कुपोषित बालक-बालिकाओं की जांच आदि का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर केन्द्र के स्टाफ उपस्थित रहे।

# युवा भारत चंदवा की बैठक सम्पन्न, रामनवमी महोत्सव की तैयारियाँ तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा में आगामी श्रीरामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार की शाम युवा भारत चंदवा की एक महत्वपूर्ण बैठक अविनाश कुमार टूटू के आवास पर श्रवण प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष रविराज ने प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। इसके तहत बस स्टैंड चंदवा में अखाड़ा प्रदर्शन सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परंपरा के अनुसार झंडा मिलान शाम 4:30 से 5:00 बजे के बीच होगा। वहीं महाष्टमी के दिन भव्य बाइक जुलूस निकाला जाएगा तथा रामनवमी के बीच आने वाले मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रामनवमी के दिन सभी मंदिरों में सुबह सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। छोटे बच्चों में धार्मिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए भक्ति ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के वेश में बच्चे भाग लेंगे। महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजकों ने सभी पूजा समितियों से जुलूस के दौरान आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील की। साथ ही रामभक्तों से रामनवमी के दिन पारंपरिक धार्मिक वस्त्र धारण करने का आग्रह किया गया। मुख्य मार्ग के दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों को भगवा झंडों से सजाने तथा विभिन्न पूजा समितियों एवं महावीर मंडलों से अपने-अपने क्षेत्रों को भगवामय बनाने का आह्वान किया गया। प्रमुख सड़कों के दोनों छोर पर महावीर ध्वज लगाने एवं अधिक से अधिक संख्या में बाइक जुलूस में भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। महावीर मंडल हरैया के अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर बल दिया। आशीष गुप्ता ने झंडा मिलान की परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। विनय कुमार रिकी एवं अनिकेत भास्कर ने बाइक जुलूस को ऐतिहासिक बनाने की बात कही, जबकि अमित गुप्ता मोनू ने मार्ग में होने वाले अखाड़ा प्रदर्शन को लेकर सुझाव दिए। रवि पांडुरंगा ने डेमटोला की ओर से आने वाले जुलूस के स्वागत की जिम्मेदारी उठाने की बात कही। सौरभ कुमार बिट्टू ने सोशल मीडिया प्रचार को प्रभावी बनाने पर जोर दिया, वहीं रिंकू कुमार ने शहर को भगवा ध्वजों से सजाने की अपील की। राहुल जायसवाल ने समय-पालन एवं समन्वय को आवश्यक बताया, जबकि कैलाश जायसवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाइक जुलूस को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई, जिन पर अंतिम निर्णय अभिभावकों के साथ आयोजित होने वाली अगली बैठक में लिया जाएगा।

# ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्टः मनिका में उच्चस्तरीय बैठक, बरवाडीह में तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में मनिका प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया, जहां पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और आपसी सौहार्द कायम रखने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। बैठक में जुलूस मार्ग, समय निर्धारण, ध्वनि प्रदूषण, ट्रैफिक प्रबंधन, बिजली और पेयजल व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बरवाडीह प्रखंड का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पर्वों के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही न हो। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्षो में विकास, सुशासन, एवं जनकल्याण की सर्वोच्च

**● प्राथमिकता : सांसद जगदम्बिका पाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नवनिर्माण निर्माण के 09 वर्ष विषयक गोष्ठी विकास खण्ड इटवा, में मुख्य अतिथि म सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के पिछले 9 वर्षो की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन वर्षो में सरकार ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी एवं कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया है,

जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार ने 09 वर्ष पूर्ण किया है जिसके लिए सभी को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भयमुक्त वातावरण है किसी भी प्रकार के दंगे नही हो रहे है। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन रहा है।

पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी ने प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नवनिर्माण निर्माण के 09 वर्ष विषयक गोष्ठी में सभी को बधाई देते हुए कहा कि गत 09 वर्षो में प्रदेश में बहुत विकास हुआ है। जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू प्रदेश कहा जाता था अब वही उत्तर प्रदेश आज विकास के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश बना है। रोजगार की अपार सम्भावनायें है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया। इन स्टॉलों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की 07 महिला लाभार्थियों, समाज कल्याण विभाग के शादी अनुदान 02 लाभार्थी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 05 लाभार्थी, आवास योजना के 03 लाभार्थी को प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह गर्भवती महिलाओ की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इटवा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,डी0सी0मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, खण्ड विकास अधिकारी इटवा अनिशि मणि त्रिपाठी, भनवापुर विनोदमणि त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी, लाभार्थी, आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाला 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायालय



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 20.03.2026 को थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोटा परसवार राजा रोड के किनारे से अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र कुश प्रसाद, निवासी एमजीआर बस्ती, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 54/2026 धारा 65(1) बीएनएस एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी कमल नयन दुबे, शक्तिनगर , हे0का0 दिनेश कुमार भारती , का0 अमृत लाल शामिल रहे।

### बार थाना क्षेत्र में खेत में लाठी-डंडे से मारपीट

**पत्नी समेत किसान पर हमला, जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** बार थाना क्षेत्र के ग्राम टोडी में बुधवार रात खेत में गेंहू की बधाई कर रहे किसान रामदेव पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी पत्नी को भी पीटा और दोनों को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत एफआईआर नंबर 0056 दर्ज कर ली गई है। पीड़ित ग्राम टोडी निवासी रामदेव पुत्र भानू प्रताप सिंह ने शिकायत में बताया कि 18 मार्च 2026 को रात करीब 9 बजे वह अपने कुएं की जमीन पर गेंहू की बधाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के रामतीरथ पुत्र राम सिंह, धर्मेंद्र पुत्र राम सिंह और करमई गांव के शेर सिंह व विजयभान सिंह पुत्रगण श्याम यादव अचानक पहुंचे। बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रामदेव ने गालियां बंद करने को कहा तो आरोपी लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। रामदेव की पत्नी बचाव के लिए दौड़ी तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। रामदेव और उनकी पत्नी के शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। 19 मार्च 2026 को रामदेव ने बार थाने में लिखित शिकायत दी।

### नाला निर्माण कार्य के दौरान पार्षद से मारपीट का आरोप, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य के दौरान पार्षद के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। वार्ड नं. 11 के पार्षद मुस्तफा खां ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मार्च 2026 को सुबह लगभग 11 बजे सदनशाह क्षेत्र में नाले का निर्माण कार्य पार्षद मुस्तफा खां की देखरेख में चल रहा था। इसी दौरान क्षेत्र निवासी मुगेसउद्दीन मौके पर पहुंचे और कथित रूप से पार्षद के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि उन्होंने पार्षद का गिरेबान पकड़ लिया, गला दबाने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के सामने ही हंगामा हुआ, जिससे कार्य भी बाधित हो गया। पार्षद का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति पुलिस विभाग में उर्दू अनुवादक के पद पर तैनात है और दबंगई के बल पर नाले पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर रखा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर वह पुलिस कार्रवाई की धमकी देता है। मुस्तफा खां ने अपने प्रार्थना पत्र में जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पी एम विकसित भारत रोजगार योजना का उठाये लाभ, पी एम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत पंजीकरण की अवधि 01 अगस्त 2025 से प्रारम्भ

**●पी एम विकसित भारत रोजगार योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना एवं सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पी एम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत पंजीकरण की अवधि 01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक निर्धारित की गई है। यह योजना एक-लाभ अनेक की अवधारणा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना एवं सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। योजना के तहत पहली बार नौकरी प्राप्त करने वाले कर्मचारियों तथा अतिरिक्त रोजगार सृजन करने वाले नियोक्ताओं दोनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना सभी क्षेत्रों में लागू है, जबकि विनिर्माण क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। साथ ही कर्मचारियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति भी जागरूक किया जाएगा, योजना के प्रमुख लाभ एवं पात्रता शर्तें, पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों हेतु अधिकतम रूपया एक लाख प्रतिमाह तक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी पात्र होंगे। एक माह के समान वेतन (अधिकतम रूपया 15,000) दो किश्तों में प्रदान किया जाएगा। प्रथम किश्त 6 माह की सेवा पूर्ण होने पर डीबीटी के माध्यम से आधार से जुड़े बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। द्वितीय किश्त 12 माह की सेवा पूर्ण करने एवं वित्तीय साक्षरता कोर्स पूर्ण करने के पश्चात सरकार द्वारा निर्धारित बचत योजना के अंतर्गत दी जाएगी। नियोक्ताओं को 2 वर्षों तक वेतन के अनुपात में प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रति कर्मचारी अधिकतम रूपया 3,000 प्रतिमाह तक प्रोत्साहन देय होगा। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन करने पर तीसरे एवं चौथे वर्ष भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। भुगतान डीबीटी के माध्यम से पैन से जुड़े बैंक खाते में किया जाएगा। पात्रता 50 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को न्यूनतम 2 नए कर्मचारी नियुक्त करना होगा। 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को न्यूनतम 5 नए कर्मचारी नियुक्त करना होगा। मासिक वेतन के अनुसार नियोक्ता को देय प्रोत्साहन रूपया 10,000 तक रूपया 1,000 प्रति कर्मचारी प्रति माह रूपया 10,000 से रूपया 20,000 तक रूपया 2,000 प्रति कर्मचारी प्रति माह रूपया 20,000 से अधिक (अधिकतम रूपया 1,00,000 तक) रूपया 3,000 प्रति कर्मचारी प्रति माह योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति/नियोक्ता क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी में संपर्क कर सकते हैं।

## पिपरियावंसा में बस ड्राइवर पर लाठी-डंडे से हमला

**स्कूल बस रोकने पर दो युवकों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की दी धमकी**

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरियावंसा में स्कूल बस ड्राइवर पर दो स्थानीय युवकों ने दिनदहाड़े लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। हमलावरों ने बस ड्राइवर को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पीठ पर गहरी चोटें आई हैं। मामले में बीएनएस की धारा 351(3), 352 एवं 115(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीडित गजराज पुत्र प्रीतम यादव बुंदेलखंड इंटर कॉलेज की स्कूल बस चलाते हैं। 16 मार्च 2026 को शाम करीब 5 बजे बच्चों को घर छोड़कर बस लौटा रहे थे। ग्राम पिपरियावंसा के पास आरोपी निक्की यादव पुत्र अनन्तराम यादव और आनंद यादव पुत्र भजन यादव ने बस रोकने की कोशिश की। जब ड्राइवर ने बस नहीं रोकी तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। घर पहुंचने के बाद उसी शाम दोनों आरोपी गजराज के घर पहुंचे। उन्होंने फिर गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की पीठ पर गंभीर चोटें आईं। आरोपी दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। 19 मार्च 2026 को गजराज ने जाखलौन थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## गैस सिलेन्डरों की जमाखोरी की शिकायत पर जिलाधिकारी सख्त, टीम गठित कर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**●गैस सिलेन्डर एवं पेट्रोलियम पदार्थो की जमाखोरी पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी सुनिश्चित-जिलाधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर में उत्पन्न कारणों से घरेलू गैस सिलेंडरों एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थो की जमाखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही है। इन शिकायतों को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार से घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग किये जाने की शिकायत दिनांक 19 मार्च 2026 को ओबरा नगर पंचायत ओबरा से प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है । टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच करते हुए गैस सिलेन्डर की अवैध रिफिलिंग व भण्डारण में सम्मलित मोहमद हफीज पुत्र मोहम्मद हमीद, निवासी मकान संख्या 18/162 नगर पंचायत ओबरा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कठोर कार्यवाही सम्पादित की गयी है। जिलाधिकारी ने जनपद के संचालित समस्त गैस एजेंसियों के संचालकों, घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग में संलिप्त व्यक्तियों तथा घरेलू गैस सिलेंडर को जमाकर अधिक मूल्य में बेचे जाने की नियत रखने वाले व्यक्ति किसी भी दशा में इस प्रकार का कोई अनैतिक कार्य न करें, अन्यथा संज्ञान में आने पर जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी। जनपद के होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, चाय कैंटीन संचालकों को सचेत किया जाता है, कि वे अपने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, चाय कैंटीन या अन्य व्यवसाय में किसी भी दशा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग न करें, अन्यथा आपके विरुद्ध भी नियमानुसार विधिक कार्यवाही सम्पादित कराई जाएगी।

## असंगठित श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों के लिए पेंशन योजनाओं में पंजीकरण की अपील

**●जनपद के पात्र श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना में शीघ्र पंजीकरण कराकर भविष्य को बनाएं सुरक्षित-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील की है कि वे भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपना पंजीकरण कराए।प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय रूपया 15,000 तक है तथा आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है और जो ईएसआई/ईपीएफ से आच्छादित नहीं हैं वे पात्र हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारी, दुकानदार एवं स्व-नियोजित व्यक्ति, जिनका वार्षिक कारोबार रूपया एक करोड़ पचास लाख तक है, योजना का लाभ ले सकते हैं, बशर्ते वे आयकर दाता न हों। दोनों योजनाओं में पंजीकरण की प्रक्रिया सरल है। इच्छुक लाभार्थी आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं फोटो के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। आय या कारोबार के लिए किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, स्वयं की घोषणा पर्याप्त है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार रूपया 55 से रूपया 200 प्रतिमाह तक अंशदान जमा किया जाता है, जिसमें समान अंशदान भारत सरकार द्वारा भी दिया जाता है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को रूपया 3000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। लाभार्थी की मृत्यु के पश्चात उसके जीवनसाथी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन देय होगी। यदि कोई लाभार्थी योजना बीच में छोड़ना चाहता है, तो उसकी जमा राशि ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी। मृत्यु अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में जीवनसाथी योजना को जारी रख सकता है अथवा जमा धनराशि वापस प्राप्त कर सकता है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील की है कि वे इन योजनाओं में शीघ्र पंजीकरण कराकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

## निर्विरोध चुने गए अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार यादव महामंत्री

**●- डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025-2026 के पदाधिकारी व कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र क़े सत्र 2025-2026 के चुनाव में अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष व राजेंद्र कुमार यादव महामंत्री निर्विरोध चुने गए। एल्डर कमेटी अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एड व मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एड ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी है। एल्डर कमेटी चेयरमैन श्रीनाथ सिंह ने शुक्रवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025 -26 के प्रतिष्ठापरक चुनाव का निर्वाचन शुक्रवार जो निर्विरोध संपन्न हुआ। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्र नाथ सिंह और मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारीगण सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार पटेल एडवोकेट ने विधिवत सत्र 2025- 26 की नई कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार सिंह एडवोकेट, महामंत्री पद पर राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर द्वारिका प्रसाद नागर एडवोकेट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बिंदु यादव एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट व संतोष कुमार यादव एडवोकेट तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष के नीचे के लिए आशुतोष कुमार पटेल एडवोकेट व आशुतोष कुमार पांडेय एडवोकेट, सचिव प्रशासन पद पर वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, सचिव पुस्तकालय पद पर अभिषेक सिंह मौर्य व सचिव प्रशासन पद पर हरिद्वार एडवोकेट तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर भोला सिंह पटेल एडवोकेट, अशोक कुमार पाठक एडवोकेट, परमेश्वर सिंह एडवोकेट, कृष्ण मुरारी एडवोकेट, गुलाब वैश्य एडवोकेट, तथा अनिल कुमार सिंह एडवोकेट का निर्विरोध निर्वाचन हुआ! इसी तरह कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर चंद्रकला गिरी एडवोकेट, मार्तंड प्रताप सिंह एडवोकेट, सुमन एडवोकेट, राकेश कुमार सिंह एडवोकेट, सुदेश कुमार एडवोकेट एवं रमन कुमार एडवोकेट का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उसके बाद सादे समारोह में सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को एल्डर कमेटी चेयरमैन श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान एल्डर कमेटी के सदस्यगण निर्मलेंदु कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, मुस्ताक अली एडवोकेट, रमेश चंद्र सिंह एडवोकेट व छोटेलाल गौतम एडवोकेट तथा मौजूदा अध्यक्ष जगजीवन सिंह एड, रोशन लाल यादव एड,रणजीत सिंह एड वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट, हीरालाल पटेल एड,महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड , वीपी सिंह एड, फूल सिंह एड, कामता प्रसाद यादव एड आदि लोग घोषणा के समय उपस्थित रहे ।

## बिजली के तारों पर बिछा डिश-फाइबर का जाल, बड़े हादसों को दे रहा है दावत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/सोनभद्र।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के खंभों पर डिश और फाइबर इंटरनेट के तारों का मकड़जाल किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर निजी संचालकों द्वारा खींचे गए ये तार न केवल आम जनता के लिए खतरा बने हुए हैं, बल्कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए भी बड़ी मुसीबत साबित हो रहे हैं। क्षेत्र में डिश और इंटरनेट फाइबर के संचालक अपने तारों को 11चङ्क और 33चङ्क जैसी हाई-टेंशन लाइनों के ऊपर या बेहद करीब से गुजार रहे हैं। स्थिति यह है कि ये फाइबर तार अक्सर बिजली की जीवित लाइनों के संपर्क में रहते हैं। तकनीकी जानकारों का कहना है कि यदि कभी तेज हवा या शॉर्ट सर्किट के कारण इन तारों में हाई-वोल्टेज करंट उतरा, तो वह सीधे लोगों के घरों तक पहुँच जाएगा। इससे घरों में लगे उपकरण जल सकते हैं और जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। इस अव्यवस्था की सबसे बड़ी मार बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों पर पड़ रही है। खंभों पर डिश और फाइबर के तारों को इस तरह बेतरतीब तरीके से लपेटा गया है कि फाल्ट होने की स्थिति में कर्मचारियों का खंभे पर चढ़ना दूभर हो जाता है। तारों के जाल में उलझकर गिरना या करंट की चपेट में आना उनके लिए रोज की चुनौती बन गया है। इसके बावजूद, अपनी ड्यूटी निभाते हुए ये कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और बुद्धिजीवियों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। उनका कहना है कि जीवित बिजली लाइनों पर लिपटे अवैध तारों को तत्काल हटाया जाए। नियम विरुद्ध तार बिछाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष मॉनिटरिंग की जाए ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जानकारों का स्पष्ट कहना है कि यदि भविष्य में इन अवैध तारों की वजह से कोई बड़ी दुर्घटना या जनहानि होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित डिश और फाइबर संचालकों की होगी।

## ललितपुर में गैस कालाबाजारी का बड़ा भण्डाफोड़

**●किराना दुकानदार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर भरे**

**तीन सिलेंडर-रिफिलर जब्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला पूर्ति विभाग की टीम ने ललितपुर-झांसी मार्ग पर एनएच-44 स्थित तेरई फाटक के रोहित किराना स्टोर पर छापा मारकर घरेलू कुकिंग गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग का राज खोल दिया। दुकानदार किशनलाल कुशवाहा पुत्र वंशीलाल को घरेलू सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर भरकर बेचते पकड़ा गया। तीन पूरे-अधपूरे घरेलू एलपीजी सिलेंडर, रेगुलेटर, रबर ट्यूब और रिफिलर जब्त कर लिए गए। 18 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे पूर्ति निरीक्षक विश्वेश्वर दयाल चौबे ने डीएम, उपजिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर रोहित किराना स्टोर (प्रो. किशनलाल कुशवाहा) पर छापा मारा। दुकान पर मौजूद तीन सिलेंडर मिले, जिनमें इण्डेन गैस सिलेंडर नंबर 205636 (आधा भरा), इण्डेन गैस सिलेंडर नंबर 244256 (पूरा भरा), एच.पी. गैस सिलेंडर नंबर 230804 (भरा) था। साथ में रेगुलेटर, रबर ट्यूब और रिफिलर भी बरामद हुआ। किशनलाल ने बयान दिया कि वह घरेलू सिलेंडर से छोटे सिलेंडर भरकर बेचता है। उसने दो गैस कनेक्शन बुक दिखाई, लेकिन दोनों ही उसकी नहीं थीं। किशनलाल का बयान संतोषजनक नहीं पाया गया। जब्त सामान आशी गैस एजेंसी तालबेहट को सुपुर्द कर दिया गया। जिलाधिकारी ने 19 मार्च 2026 को अनुमति दी। इसके बाद तालबेहट कोतवाली में एफआईआर नंबर 0075 दर्ज की गई। आरोपित पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 (यथा संशोधित) तथा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (रगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर 2000 का उल्लंघन लगाया गया। जांच अधिकारी अवर निरीक्षक बलराम शर्मा (नंबर 0970931120) को सौंपी गई है। तालबेहट कोतवाली पुलिस ने कहा कि कालाबाजारी करने वाले किसी भी दुकानदार को बख्शा नहीं जाएगा। हम पूरे जिले में ऐसी छापेमारी तेज करेंगे। आम जनता को सस्ती गैस महंगी पड़ रही थी, इसका सख्त जवाब दिया जाएगा। यह घटना ललितपुर जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी के खिलाफ सख्त रुख का संकेत दे रही है। स्थानीय लोग इसे राहत भरी खबर बता रहे हैं।

## ललितपुर रेलवे स्टेशन पर सनसनीखेज चोरी का सिलसिला

**●दो आर्मी जवानों के सामान ट्रेन में उड़ाए, सोते हुए यात्री लुटे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रेलवे पुलिस (जीआरपी झांसी अनुभाग) में दो दिनों के अंदर दो बड़े चोरी के मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटनाएं ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेनों में हुईं, जहां यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। अज्ञात चोर ने नींद का फायदा उठाकर आर्मी संबंधित जवानों के कीमती सामान चुरा लिए। दोनों मामलों में धारा 305(सी) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और जांच अवर निरीक्षक योगेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

**पहला मामला**

महाराष्ट्र राज्य के राह -वणी निवासी आर्मी जवान वैभव मोरेश्वर चिंचुलकर ने बताया कि वह बीती 21 फरवरी 2026 को ट्रेन नंबर 05074 पूजा स्पेशल एक्सप्रेस (कोच एम/8, बर्थ 18) से बरेली से नागपुर जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन के पास से गुजर रही थी, उन्होंने अपनी नींद खुली तो देखा कि सिरहाने रखा लेडीज पिंक पर्स गायब है। पर्स में ओप्पो ए 9 मोबाइल, ईयरबड्स, एक हजार रुपये नगदी और अन्य सामान था। कुल क्षति करीब 18 हजार रुपये बताई गई। यात्री ने नागपुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जो बाद में ललितपुर जीआरपी को ट्रांसफर हुई।

**दूसरा मामला**

आगरा के तुलसी कुंज कॉलोनी, जगनेर रोड निवासी 60 वर्षीय पूर्व आर्मी जवान अशरफ अली ने बताया कि वह बीती 17 फरवरी 2026 को ट्रेन नंबर 22168 उर्जाधानी एक्सप्रेस (कोच एस/6, बर्थ 9) से आगरा कैंट से सिंगरौली जा रहे थे। सुबह 6.30 बजे ट्रेन ललितपुर के पास पहुंची तो उनका फौजी कलर का पिठ्ठू बैग गायब मिला। बैग में आर्मी डिस्चार्ज बुक, आई कार्ड, ईसीएचएस मिलिट्री हॉस्पिटल कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल चार्जर, स्टील थर्मस, दवाइयां, कैंटीन कार्ड और 5300 रुपये नगदी थी। कुल नुकसान 5,500 रुपये। सिंगरौली चौकी में रिपोर्ट दर्ज हुई, जो ललितपुर जीआरपी भेज दी गई।

## ललितपुर पुलिस भर्ती युवक का क्रेडिट कार्ड हैक

**●24,070 रुपये की अनाधिकृत ऑनलाइन शॉपिंग**

**साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षी योगेश कुमार का क्रेडिट कार्ड हैक हो गया। अज्ञात साइबर ठगों ने उनकी मर्जी के बिना दो दिनों में कुल 24,070 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। पीड़ित युवक मानसिक और आर्थिक रूप से बुरी तरह आहत है। साइबर क्राइम पुलिस ने एफआईआर नंबर 0012 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिक्रूट आरक्षी जिला फिरोजाबाद के टूंडला नगला तेजपाल निवासी योगेश कुमार पुत्र रोशन लाल ने शिकायत में बताया कि 9 और 10 अक्टूबर 2025 को उनके क्रेडिट कार्ड नंबर 3561623044539694 से बिना अनुमति के दो ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें 13,137 व 10,897 रुपये शामिल थे। कुल 24,070 की राशि 6 नवंबर 2025 को उनके खाते से कट गई। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 डी (कम्प्यूटर संसाधन के जरिए छल) और बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

## ललितपुर नगर पालिका में बड़ा विवाद

**●बिना बोर्ड अनुमति कार्यों के भुगतान पर रोक**

**23 मार्च को बुलाई गई आकस्मिक बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में वित्तीय अनियमितताओं और बिना बोर्ड की अनुमति के कराए गए निर्माण कार्यों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। पार्षदों ने एकजुट होकर ऐसे कार्यों के भुगतान पर रोक लगाने का निर्णय लिया है और पूरे मामले पर चर्चा के लिए 23 मार्च 2026 को आकस्मिक बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर में विभिन्न निर्माण कार्य बिना बोर्ड की स्वीकृति के कराए जाने, जेम पोर्टल से खरीदी जाने वाली सामग्रियों में पारदर्शिता की कमी तथा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य में लगी संस्था को भुगतान किए जाने को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों का आरोप है कि इन कार्यों में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को दिए गए पत्र में पार्षदों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक सभी कार्यों की पत्रावलियां बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति नहीं ली जाती, तब तक किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना अनुमति कराए गए कार्यों की जांच कराई जानी चाहिए। वहीं दूसरे पत्र में नगर के विकास कार्यों और उत्पन्न स्थिति को देखते हुए 23 मार्च 2026 को आकस्मिक बोर्ड बैठक आयोजित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया है। पार्षदों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया है ताकि बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर उचित निर्णय लिया जा सके। इस पूरे मामले में बड़ी संख्या में पार्षदों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई है, जिससे स्पष्ट है कि नगर पालिका के भीतर यह मुद्दा गंभीर रूप ले चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो यह विवाद और गहराने की संभावना है। अब सबकी नजर 23 मार्च को होने वाली प्रस्तावित बैठक पर टिकी है, जिसमें इन आरोपों की सच्चाई और आगे की कार्यवाही तय होगी। पत्र पर पार्षद मनमोहन चौबे एड., जानकी प्रसाद, दीपा, जगदीश यादव, अब्दुल बारी, कुन्दन पाल, सोन सिंह, पूजा यादव, शिवानी कुशवाहा, धर्मवीर कुशवाहा, अशोक पंथ, अफजुल रहमान, रमेश कुमार गांधी, रजनी रजक, कीर्ति नायक, गिरीश पाठक, सविता, पुष्पा राजा, आलोक मयूर, जितेन्द्र राठौर, उदय प्रताप सिंह, मोहिनी दरौनिया, मुस्तफा खान, आर.के.पटैरिया, फरजाना बानो आदि के हस्ताक्षर बताये गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर में कलश यात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा: दो युवकों की नदी में डूबने से मौत



**सिद्धार्थनगर** – जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। मां सिद्धेश्वरी देवी शक्ति पीठ मंदिर पर आयोजित मां दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय श्रीराम कथा के अवसर पर नवयुवक रामलीला समिति, भड़रिया बाजार द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। कलश यात्रा पूरे उत्साह के साथ भड़रिया कस्बे से होती हुई सुवानाला स्थित राप्ती नदी पर जल भरने के लिए पहुंची। इसी दौरान यात्रा में शामिल दो युवक विकास (22 ) पुत्र कन्हैया और शिवम ( 17) पुत्र लल्लू यादव अचानक नदी के गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष बृजेश सिंह और नायब तहसीलदार डुमरियागंज विष्णु प्रसाद सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार करने पर गांव के संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में पंचनामा भरवाने के बाद दोनों शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### धर्म परिवर्तन के दबाव पर किशोरी ने की आत्महत्या, उकसाने वाला गया जेल

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना के पतियारिया गांव की एक किशोरी ने 17 मार्च की दोपहर मे घर के कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने एक युवक से मृतका की बातचीत होने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया।पुलिस जांच में अरमान खान 21 पुत्र मुजफ्फर खान उसी गांव के निवासी का नाम प्रकाश में आने पर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी मृतका को धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा था जिस कारण किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवेचना में कुछ अन्य अभियुक्तों का नाम में प्रकाश में आया है।पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत आरोपी अरमान खान को जेल भेज दिया है।

### स्वरोजगार हेतु एक दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत ने बताया है कि 23 मार्च को पूर्वान्ह 11बजे कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ में उद्यमिता विकास एवं कौशल विकास तथा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रतापगढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं।

### आलू उत्पादक किसान खुदाई के तुरंत बाद शीतगृह में करें आलू का भंडारण

**प्रतापगढ़।** जिला ज़उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि आलू की खुदाई के उपरान्त कृषकों द्वारा समय से शीतगृह में आलू न भण्डारण करने से उच्च तापमान के कारण आलू में सड़न आरम्भ हो जाता है, आलू की गुणवत्ता खराब होने लगती है तथा बाजार में आलू का अधिकतम (ग्लट) होने से भाव में तेजी से गिरावट होने लगती है, आलू उत्पादक कृषकों को उनके उपज का उचित मूल्य नही प्राप्त होता है। जिला उद्यान अधिकारी ने कृषक भाईयों को सलाह दी है कि आलू खुदाई के उपरान्त तत्काल आलू को शीतृगह में भण्डारित कर आलू में आधिक्य ((ग्लट) से बचाया जा सकता है तथा बाजार में उचित दाम प्राप्त कर सकते है।

## अवैध एलपीजी उपयोग व रिफिलिंग के विरुद्ध सघन कार्रवाई, चार ठिकानों पर छापेमारी, 44 सिलेंडर बरामद, 4 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जनपद में एलपीजी गैस के अवैध उपयोग एवं रिफिलिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को प्रशासन द्वारा चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। कार्रवाई में कुल 44 गैस सिलेंडर बरामद किए गए तथा चार आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। इस अभियान से अवैध गैस कारोबार के संगठित नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार हुआ है। अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) राजेश कुमार के निर्देशन में जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर लाल बंगला स्थित न्यू सब्जी मंडी क्षेत्र में अर्जेंट रिपेयरिंग सेंटर, न्यू स्वीटी किचन सेंटर एवं स्वाति किचन सेंटर पर छापेमारी की। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि अर्जेंट रिपेयरिंग सेंटर से चार घरेलू सिलेंडर एवं पेट्रोमैक्स रिफिलिंग का सामान बरामद हुआ। न्यू स्वीटी किचन सेंटर से दस छोटे कॉमर्शियल एवं सात घरेलू सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन जब्त की गई। वहीं स्वाति किचन सेंटर से 13 घरेलू एवं चार कॉमर्शियल सिलेंडर कब्जे में लिए गए। इस प्रकार तीनों स्थानों से कुल 24 घरेलू, 10 छोटे कॉमर्शियल एवं चार बड़े कॉमर्शियल सिलेंडर बरामद किए गए।


इसी क्रम में न्यू ब्लॉक स्थित कृष्णा स्वीट हाउस पर छापेमारी के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पनीर बनाते पाया गया। मौके से छह गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें घरेलू एवं कॉमर्शियल दोनों श्रेणी के सिलेंडर शामिल हैं। जांच के दौरान गैस उपयोग से संबंधित कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया, जो स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफिलिंग एलपीजी (आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) आदेश-2000 का उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। बरामद सिलेंडरों को विधिक कार्रवाई हेतु संबंधित गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग न करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस के अवैध उपयोग एवं रिफिलिंग के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जनपद प्रतापगढ़ में स्टाम्प राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अवकाश में भी कार्यालय खुलेंगे

**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्टाम्प राजस्व लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए उपनिबंधक कार्यालयों में विशेष पहल की जा रही है। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन यादवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ हेतु स्टाम्प का निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 24100.00 लाख है, जिसके सापेक्ष माह फरवरी 2026 तक जनपद हेतु निर्धारित क्रमिक राजस्व लक्ष्य 21939.00 लाख के सापेक्ष जनपद की क्रमिक राजस्व प्राप्तियां मात्र 19489.37 लाख अर्थात 88.83 प्रतिशत रही है, जो निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 21400.00 लाख के सापेक्ष मात्र 80.86 प्रतिशत है। इसको ध्यान में रखते हुए 22 मार्च रविवार को भी जनपद के सभी उप-निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे और विलेख पंजीकरण कार्य सामान्य कार्यदिवस की तरह सुचारू रूप से संचालित होगा। जनपद प्रशासन ने बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ और आम जनता को इस दिन कार्यालय खोलने की जानकारी देने और अधिकतम विलेख पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

## बदमाशों ने पुलिस पर झोंक दिया फायर, बाल-बाल बचे, कई चोरियों के आरोपी तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना कलक्टरगंज पुलिस व सर्विलांश सेल, पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र में हुई कई चोरियों के तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कलक्टरगंज क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के आरोपी आसपास देखे गए हैं, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और लगभग रात्रि 10 बजे तीन अभियुक्तों–असद उर्फ अस्सू (निवासी थाना अनवरगंज क्षेत्र), पुष्पा उर्फ कासिफ (निवासी जनपद उन्नाव) एवं सूरज कश्यप (निवासी फूलबाग, कानपुर)–को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि पिछले एक माह में उन्होंने दो बड़ी चोरी की घटनाएं की हैं, जिनमें एक घटना दिनांक 17 फरवरी 2026 की है जिसमें लगभग 70,000 से 80,000 नकद व अन्य सामान चोरी किया गया तथा दूसरी घटना में एक व्यापारी के घर से रात्रि के समय लगभग 3,00,000 नकद व अन्य सामान चोरी किया गया; अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम जब बरामदगी हेतु बताए गए स्थान पर पहुंची अभियुक्त द्वारा झाड़ियों में कुछ सामान का होना बताया गया जहाँ अभियुक्त ने पहले से ही तंमचा छुपा रखा था बरामदगी के दौरान अभियुक्त असद उर्फ अस्सू ने झाड़ियों में छिपाए गए तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल आड़ लेते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें अभियुक्त असद के दाहिने पैर में गोली लगी; घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति स्थिर है, जबकि अन्य दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा मौके से चोरी गया नकद नकद लगभग 70 हजार रूपए व अन्य सामान बरामद कर लिया गया है, साथ ही अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

## यती संकल्प संस्थान ने आयोजित किया पत्रकार स्नेह मिलन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गुरुवार को यती संकल्प संस्थान के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्र के अवसर पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन होटल लिटिल शेफ में किया गया। संस्थान की सचिव सीए नीतू सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओं, छायाकारों, मीडिया जगत से जुड़े सम्मानित सदस्यों एवं प्रबुद्ध नागरिकों का आत्मीय स्वागत किया। यती संकल्प संस्थान के विषय में सचिव, सीए नीतू सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि यती संकल्प संस्थान केवल सेवा कार्यों का मंच नहीं, बल्कि समाज में संवेदना, सहभागिता और उत्तरदायित्व की संस्कृति को मजबूत करने का सतत प्रयास है। हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाना और सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने बताया कि संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलम्बन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान के माध्यम से गरीब बच्चों को स्किल डेवलपमेण्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होने संस्थान के योगदान के बारे जानकारी देते हुए बताया कि श्री रामलला आरोग्य धाम हॉस्पिटल के माध्यम से असहाय एवं संसाधनहीन व्यक्तियों की न्यूनतम् लागत में चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानकारी दी गयी कि यती संकल्प संस्थान द्वारा मछुवा नगर की एक बस्ती को गोद लिया गया है। बस्ती को केन्द्रित कर सर्वांगीण उत्थान हेतु कार्य किये जा रहे है। बस्ती का नाम निषाद राज सेवा बस्ती रखा गया है। भविष्य में बस्ती की महिलाओं को जागरूक करने के लिये यहाँ सेनेटरी नैपकीन वेंडिंग मशीनों को भी स्थापित किये जाने की योजना है, साथ-साथ वहां की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की योजना है। संस्था द्वारा बस्ती के बच्चे-बच्चियों को खेलों में भी प्रोत्साहित कर भागीदारी हेतु विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज, कानपुर के क्रीड़ास्थल में प्रशिक्षित किया जायेगा। सचिव, सीए नीतू सिंह ने बताया कि संस्थान के सदस्यों द्वारा वर्ष के सभी त्योहार होली, दिवाली, रक्षाबन्धन के उत्सव में उसी सेवा बस्ती में मनायी जाती है। साथ ही कम्बल वितरण, समरसता भोज आदि के आयोजन भी किये जाते हैं अगले वर्षों में इसी सेवा बस्ती को महानगर की आदर्श सेवा बस्ती बनाने का संकल्प लिया है।


### नवरात्र के नौ दिन नौ विकास कार्यों का लोकार्पण



**कानपुर ।** नवरात्र में नौ दिन नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के दूसरे दिन आज 20 मार्च 2026 को, विधायक सलिल विश्नोई की विधायक निधि से कराये गये, सीसामऊ फूलमती देवी परिसर में स्थित, कुएँ के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण सलिल विश्नोई के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। लोकार्पण के अवसर पर विधायक सलिल विश्नोई के साथ पार्षद गोविन्द शुक्ला, विवेक शर्मा, कमला साहू, दीपक शुक्ला, अभिमन्यु सक्सेना, नम्रता अवस्थी, गीता निगम, विनीत कुमार, कमल तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आईएमए कानपुर का टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 21 व 22 मार्च को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर शाखा द्वारा आईएमए के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता आगामी 'आईएमए टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट ', जो 21 एवं 22 मार्च 2026 को कानपुर क्लब में आयोजित होना प्रस्तावित है, के संबंध में आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस को आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, सचिव प्रो. डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. अर्चना भदौरिया (चेयरपर्सन, स्पोर्ट्स सब कमेटी), डॉ. विशाल सिंह (वित्त सचिव), डॉ. विकास श्रीवास्तव (क्रीड़ा सचिव), डॉ. विनीत रस्तोगी (सह क्रीड़ा सचिव) एवं डॉ. दीपक श्रीवास्तव (कोऑर्डिनेटर) द्वारा संयुक्त रूप से संबोधित किया गया। इस अवसर पर सभी टीमों के ऑनर और कैप्टेंस भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 5 टीमें - फार्च्यून हास्पिटल, अहाना हास्पिटल, कनिष्क हास्पिटल ट्यूलिप हास्पिटल एवं रिजेंसी हास्पिटल भाग ले रही हैं तथा इस प्रतियोगिता में महिला चिकित्सकों की भी टीम भाग लेगी जो इसे अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक एवं आकर्षक बनाती हैं। यह प्रतियोगिता 21 व 22 मार्च को दो दिन चलेगी। आईएमए पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि चिकित्सकों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने सभी सदस्यों, खिलाड़ियों एवं परिवार जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

## बिना पंजीकरण चल रहा था इलाज, एसडीएम की छापेमारी में एक अस्पताल सील, दूसरे को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नर्वल तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। एसडीएम नर्वल विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज सीएचसी सरसौल अविनाश यादव एवं थाना महाराजपुर पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर एक अस्पताल को सील कर दिया, जबकि दूसरे के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। टीम ने नरवल मोड़ के पास स्थित श्रेयांश अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां बिना पंजीकरण के मरीजों को भर्ती कर इलाज किए जाने का मामला सामने आया। मौके पर न तो कोई पंजीकरण अभिलेख मिले और न ही डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध था। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया तथा मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज को संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके बाद टीम ने महाराजपुर-हाथीपुर हाईवे पर ओवरब्रिज के निकट संचालित आरएस अस्पताल की जांच की। यहां ऑक्सीजन सिलेंडर, ड्रिप एवं 7-8 स्ट्रेचर बेड सहित अस्पताल संचालित होने के पर्याप्त साक्ष्य मिले, हालांकि मौके पर कोई मरीज, डॉक्टर या पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित नहीं था। केवल एक केयरटेकर मिला, जो कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने, अस्पताल का बोर्ड हटवाने तथा यदि अस्पताल का संचालन नहीं किया जा रहा है तो सभी चिकित्सा संबंधी उपकरण तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि बिना पंजीकरण संचालित अस्पतालों एवं अवैध चिकित्सकीय गतिविधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 2.66 करोड़ की जीएसटी टैक्स चोरी का खुलासा: फर्जी कंपनी बनाकर आईटीसी फ्रॉड करने वाला गिरोह बेनकाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र में जीएसटी टैक्स चोरी से संबंधित एक मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसमें लगभग 2,66,00,000 की कर चोरी का मामला प्रकाश में आया। जांच के दौरान अब तक कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पहले 2 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। तीसरे अभियुक्त दीपक उर्फ मोगली को आज गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्त दीपक उर्फ मोगली के कब्जे से आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्तों द्वारा 'अपूर्वा ट्रेनिंग कंपनी' नाम से फर्जी कंपनी बनाई गई थी। इस फर्जी कंपनी के माध्यम से मूंगफली एवं अन्य वस्तुओं की सप्लाई दर्शाकर फर्जी आईटीसी (Input Tax Credit) जारी किया गया। इसी आधार पर लगभग 2.66 करोड़ की कर चोरी का लाभ लिया गया।

उक्त प्रकरण में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसकी विवेचना क्राइम ब्रांच द्वारा की जा रही है। पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि गिरोह का मुख्य अभियुक्त राकेश साहू है, जो वर्तमान में फरार है और झांसी में होने की सूचना है। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम सक्रिय रूप से प्रयासरत है। यह एक संगठित गिरोह है, जिसमें मुख्य अभियुक्त के अलावा अन्य सदस्य सहयोगी (सब्सिडियरी) के रूप में कार्य कर रहे थे। जांच के दौरान 5 से 7 संदिग्ध कंपनियों की भूमिका भी सामने आई है, जिनके माध्यम से फर्जी लेन-देन एवं आईटीसी क्लेम किया गया। संबंधित ट्रांसपोर्टर एवं दस्तावेजों की भी गहन जांच की जा रही है। जिन-जिन व्यक्तियों/कंपनियों के दस्तावेज फर्जी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। प्रकरण की विवेचना प्रगति पर है तथा शीघ्र ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर केस के निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड के बावजूद मरीजों से रुपए लिए जाते है : नही दी जाती है खर्च बिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हरीश कुमार चौधरी**

**सिद्धार्थनगर** – गरीबों के लिए वरदान मानी जाने वाली आयुष्मान भारत योजना' में गड़बड़ी कर कुछ हॉस्पिटल दिन दूना रात चौगुन रफ्तार से बढ़ रहे है। सिद्धार्थनगर जिले में जनपद मुख्यलय से लेकर तहसील व कस्बों में स्थित कुछ प्राइवेट अस्पतालों में जहां आयुष्मान कार्डधारकों को फ्री में इलाज और ऑपरेशन की व्यवस्था सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है,लेकिन कुछ अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उनसे रुपये की अवैध वसूली की जाती है। जबकि नगद रहित है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयुष्मान कार्ड धारक मरीज से कतिपय अस्पतालों द्वारा न केवल नगद राशि ली जाती है , बल्कि उन्हें इस भुगतान का कोई आधिकारिक बिल भी नहीं दिया जाता है कि कितने रूपये ऑपरेशन एवं इलाज में खर्च हुआ है । सूत्रों की मानें तो जिले के कुछ अस्पताल हैं आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के नाम पर बिल बाउचर बढ़ा चढ़ा कर इलाज की राशि निकाल ली जाती है । यानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा सरकार और गरीब मरीज, दोनों को एक साथ चूना लगाया जाता है । सरकार गरीब तपके लोग का आयुष्मान कार्ड इसीलिए बनवाया है ताकि मुसीबत में काम आए। लेकिन जनपद के कतिपय प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों के मरीजों का रुपये लेकर इलाज और ऑपरेशन किया है । आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के साथ किये गए धोखाधड़ी के खुलासे के लिए जिला प्रशासन टीम गठित कर जिले में आयुष्मान कार्ड धारकों जिन लोगों ने कतिपय हॉस्पिटलों में इलाज और ऑपरेशन कराया है ऐसे अस्पताल संचलकों ने कागज तैयार कर(बिल बाउचर) लगा कर भुगतान लिया हो और टीम द्वारा उन लोगों से सम्पर्क कर जांच की जाय जिन मरीजों के नाम पर धन की निकासी की गई हो और मरीजों से पूछा जाय की इलाज और ऑपरेशन के नाम पर सम्बंधित अस्पताल द्वारा पैसा लिया गया था की नही,यदि मामला का खुलासा होता हैं, तो उन अस्पताल का लाइसेंस रद्द होने के साथ-साथ प्रबंधन पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करने की लोगों ने मांग की है।

## विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर जताया आक्रोश, सीओ ने कार्रवाई का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** स्कूल में परीक्षा के दौरान आरोपियो द्वारा प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों के साथ अभद्र आचरण व विद्यालय में हंगामा मचाने को लेकर शुक्रवार को शिक्षको में आक्रोश पनप उठा। नाराज शिक्षको ने तहरीर के बावजूद पुलिस कार्रवाई न होने पर सीओ से मिलकर गुस्से का इजहार किया। लालगंज कोतवाली के कंपोजिट विद्यालय पूरे केवल में बीती सोलह मार्च को सुबह दस बजे गांव के ही तीन आरोपियों ने विद्यालय के अंदर घुसकर रंजिशन प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव से अभद्रता करने लगे। आरोपियो द्वारा गालीगलौज से प्रधानाध्यापक ने मना किया तो आरोप है कि दबंगो ने सरकारी अभिलेखों को इधर उधर फेंक दिया। वही उपस्थिति पंजिका को जबरिया फाड़कर नष्ट कर दिया। हंगामे के दौरान विद्यालय में तैनात शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय एवं मंजीत कुमार ने आरोपियो को समझाना बुझाना चाहा तब उनके साथ भी अभद्रता की गयी। प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव ने पुलिस को घटना के बाबत तहरीर सौंपी। तहरीर सौपने के बाद जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नही की। इस पर प्राथमिक शिक्षक संघ लालगंज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सीओ से मिलकर आक्रोश जताया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इस समय विद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में यह घटना भय का माहौल बना गयी है। सीओ आशुतोष मिश्र ने शिक्षकों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। इस मौके पर प्राशिसं के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, मंत्री विष्णु कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हिमांशु ओझा, प्रदीप कुमार पाण्डेय, अजय मिश्र, अमित पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## ई-लॉटरी से शराब दुकानों का पारदर्शी आवंटन, 8 दुकानों के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अवशेष शराब दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। नवीनीकरण चरण के बाद शेष रह गई कुल 8 दुकानों जिसमें 5 देशी मदिरा, 1 मॉडल शॉप और 2 कम्पोजिट शॉप शामिल हैं,का आवंटन आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों के अंतर्गत ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से जिलाधिकारी/लाइसेंस अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी सभागार में अपरान्ह 3 बजे से 4:30 बजे के बीच सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी में चयनित आवंटियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना आवंटन आदेश ई-लॉटरी पोर्टल के माध्यम से जारी होने के पश्चात जिला आबकारी अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय से प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर नाथ सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## घाटमपुर में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नाला निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कस्बा घाटमपुर के अशोक नगर में ढाल के विपरित बह रहा पानी,, घाटमपुर नगरपालिका परिषद के अंतर्गत अशोक नगर दक्षिणी, गोपालपुर रोड में विकास कार्यो के नाम पर बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है,, मोहल्ले में नवनिर्मित नाले का निर्माण इस कदर ग़लत तरीके से किया गया है, कि उसमें पानी की निकासी के बजाय उल्टा बह रहा है, ठेकेदार और नगर पालिका प्रशासन पर मिली भगत , स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नाले के निमार्ण में तकनीकी मानकों को पूरी तरह से ताक पर रख दिया गया है,, बिना उचित लेबल और ढाल के बनाए गए,इस नाले के कारण पानी आगे बढ़ने के बजाय वापस पीछे की ओर बनी बस्ती में बह रहा है,, मोहल्ले वालों ने सीधा आरोप लगाया है कि ठेकेदार और नगर पालिका प्रशासन की मिलीं भगत के कारण घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ है , और भ्रष्टाचार की खुली बंदरबांट की गई है,, बढ़ रही बीमारियों और गंदगी उल्टा पानीं बहनें और जलभराव के कारण पूरे अशोक नगर दक्षिणी में दुर्गंध फैलीं हुईं हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है,कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधें हुए हैं,, किनारे रह रहे लोगों का आक्रोश, यदि जल्द ही नाले के ढाल को दुरुस्त नहीं किया गया और दोषी ठेकेदार पर कारवाई नहीं हुई, तो गली में रह रहे लोग,, टींकू बाजपेई,रमेश यादव,,सोम सचान, राकेश सचान,जयकरन यादव, नवीन सचान, आदि लोग का जलभराव होने के कारण गली से निकलना मुश्किल है,,अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस खुलें भ्रष्टाचार पर क्या संज्ञान लेते हैं जबकि कई बार तहसील समाधान दिवस, और नगर पालिका परिषद को बने नाले और गलियों में रोड बनानें के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए,, परंतु आज नगर पालिका प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की।

